ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य/आमंत्रण मूल्य 3 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 03.03.2025 | वर्ष 12, अंक 61

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**रोजा का समय**

इफ्तार (03.03.25) : शाम 5.54 बजे

सेहरी (04.03.25) : सुबह 4.46 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**सुविचार**

परिस्थिति बदलना जब मुमकिन ना हो तो मन की स्थिति बदल लीजिए, सब कुछ अपने आप ही बदल जाएगा!

### गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में की पूजा-अर्चना

# पीएम मोदी ने वंतारा पशु बचाव केंद्र का किया दौरा

एजेंसी

**जामनगर (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं. रविवार सुबह उन्होंने जामनगर जिले में पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास केंद्र वंतारा का दौरा किया. 3,000 एकड़ में फैला वंतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी परिसर में बना है.

यह हाथियों और वन्यजीवों के लिए बचाव केंद्र है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना की. केंद्र की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, यहां 43 प्रजातियों के 2,000 से अधिक जानवर है, जिन्हें प्राकृतिक आवासों की नकल करने वाले बाड़ों में रखा गया और 2,100 से अधिक कर्मचारियों की टीम उन्नत पशु चिकित्सा उपकरणों से इनकी देखभाल करती है. प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे. इस दौरान पीएम मोदी का रोड शो दिग्जम सर्कल से पायलट बंगले तक हुआ. वहीं पीएम मोदी ने कार के अंदर से ही लोगों का अभिवादन किया. प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे खड़े थे.इसके बाद, पीएम मोदी गिर सोमनाथ गए और यहां सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. साथ ही वह श्री सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जो इस प्रसिद्ध पूजा स्थल का प्रबंधन करता है। प्रधानमंत्री इस ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं.

**पीएम मोदी आज गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी पर भी जाएंगे**

3 मार्च को प्रधानमंत्री गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरुआत करेंगे। जंगल सफारी से लौटने के बाद पीएम मोदी वन्य जीवों के मुद्दे पर अहम बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे।प्रधानमंत्री नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। देश के प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष होते हैं।



**केंद्र की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, यहां 43 प्रजातियों के 2,000 से अधिक जानवर है, जिन्हें प्राकृतिक आवासों की नकल करने वाले बाड़ों में रखा गया और 2,100 से अधिक कर्मचारियों की टीम उन्नत पशु चिकित्सा उपकरणों से इनकी देखभाल करती है.**

**एयरपोर्ट पर पीएम का हुआ जोरदार स्वागत**

इससे पहले जामनगर वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर गणमान्य लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया. मंत्री राघवजीभाई पटेल और मुलुभाई बेरा, सांसद पूनमबेन मादाम, जिला पंचायत अध्यक्ष मेयबेन गार्सर, जामनगर के मेयर विनोदभाई खिमसुरिया, विधायक मेघजीभाई चावड़ा, रिवाबा जाडेजा, दिव्येशभाई अकबरी, मुख्य सचिव पंकज जोशी, डी.जी.पी. विकास सहाय, वायु सेना ग्रुप कैप्टन सौरभ पारिजात, कलक्टर केतन ठक्कर, जिला पुलिस प्रमुख प्रेमसुख डेलू उपस्थित थे.

## आत्म-चिंतन व भक्ति का प्रतीक है रमजान पीएम मोदी

**नई दिल्ली :** रविवार 2 मार्च से रमजान का महीना शुरू हो गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रमजान माह की शुरुआत पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जैसे ही पवित्र रमजान का महीना शुरू हो रहा है, यह हमारे समाज में शांति और सौहार्द लाए। यह पवित्र माह आत्म-चिंतन, आभार और भक्ति का प्रतीक है, जो हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। बता दें कि इस्लाम धर्म में रमजान का महीना खास महत्व रखता है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और खुदा की इबादत करते हैं। इसे इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है और यह साल का 9वां महीना होता है। यह महीना इस्लामिक मान्यता के अनुसार, पवित्र किताब कुरान के उतरने की शुरुआत भी इसी महीने की एक रात से हुई। इस रात को लयलतुल कद्र या शब-ए-कद्र कहा जाता है। इस रात के बाद से लगातार पैगंबर मोहम्मद पर उनके दुनिया से रुखसत होने तक सिलसिलेवार तरीके से कुरान उतरता रहा। अलग-अलग मौके पर पैगंबर मोहम्मद पर कुरान की आयतें नाजिल हुईं। रमजान के महीने की शुरुआत चांद देखकर की जाती है और फिर खत्म भी चांद देखने के बाद ही होता है। रमजान खत्म होने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग ईद-उल-फित्र का त्योहार मनाते हैं। मुसलमान इस महीने को इबादत का महीना मानते हैं और इसका बहुत सम्मान करते हैं। सभी मुसलमान इस महीने की शुरुआत से पहले ही इसकी तैयारियों में लग जाते हैं। इस महीने को मगफिरत यानी माफी का महीना भी कहा जाता है।

### माणा हिमस्खलन: लापता चारों श्रमिकों के शव मिले

# आठ हुई मृतकों की संख्या



एजेंसी

**देहरादून :** चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सभी लोगों को ढूंढ लिया गया है, जिसमें से 46 सुरक्षित हैं, जबकि आठ की मौत हो गई। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिए हैं। जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गए थे। वहीं, रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है, जबकि एक घायल श्रमिक शनिवार को रेफर किया गया था। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा रेस्क्यू अभियान भी समाप्त हो गया। बता दें कि माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसके चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। शनिवार तक रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव बरामद हुए थे। उसके बाद लापता चल रहे चार अन्य श्रमिकों की खोजबीन के लिए रविवार को फिर तीनों रेस्क्यू टीमों ने सर्च अभियान चलाया।दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई। अंतिम व्यक्ति का शव मिलने के साथ ही रेस्क्यू अभियान भी समाप्त कर दिया गया।

**आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। शनिवार तक रेस्क्यू टीमों ने 46 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया था, जबकि चार श्रमिकों के शव बरामद हुए थे।**

## क्विक न्यूज

### बिजली के तार की चपेट में आने से एक की मौत, दो झुलसे

**कोरबा :** जांजगीर क्षेत्र के जर्वे गांव में शनिवार रात शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। 11 केवी बिजली के तार की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई, जबकि धुमाल संचालक और एक कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। कनई गांव से एक बारात जर्वे गांव आई थी और इस दौरान चाम्पा से धुमाल पार्टी बुलाई गई थी। शादी समारोह के दौरान पंचायत भवन के पास धुमाल बज रहा था, लेकिन धुमाल के ऊपर लगी लाइट बंद हो गई। इसे ठीक करने के लिए एक कर्मचारी ऊपर चढ़ा, लेकिन कम ऊंचाई से गुजर रहे 11 केवी बिजली के तार की चपेट में आ गया।हादसे में ग्रामीण राजू साहू की मौत हो गई। धुमाल संचालक अमर बघेल और कर्मचारी गजेंद्र गुजरतिया बुरी तरह झुलस गए। अमर बघेल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया। गजेंद्र गुजरतिया का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

### गुवाहाटी में एसओजी और पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप डब्ल्यूजीपीडी और गरचुक पुलिस थाना की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। रविवार को चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान दो कुख्यात ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान जाहिदुल इस्लाम और हैदर अली के रूप में हुई है, जो दोनों कटहबाड़ी इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से पांच साबुनदानी में छिपाकर रखे गए 53 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसओजी और गरचुक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर में नशे की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल एक टीम गठित की और छापेमारी कर दोनों आरोपितों को धर दबोचा।

### मेहसाणा में केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने की भगवान गोवर्द्धननाथ की पूजा

**मेहसाणाः** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को मेहसाणा जिले की विजापुर तहसील के पिलवाई में भगवान गोवर्द्धननाथ के मंदिर में दर्शन-पूजन किया। केन्द्रीय मंत्री ने भगवान गोवर्द्धननाथ से आम जन की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शाह के पुत्र और आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह समेत परिवार के सदस्य मौजूद रहे। भगवान गोवर्द्धननाथ के नवनिर्मित मंदिर की स्थापना प्रसंग पर वैष्णव सम्प्रदाय के डॉ वागिशकुमार महाराज कांकरोली नरेश भी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री शाह के साथ राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रगतिशील महिला किसानों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिलेगा सम्मान

**देहरादून :** इस वर्ष पहली बार राज्य की प्रगतिशील महिला किसानों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्मानित करेंगे। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को सम्मान समारोह की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए।कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर आवश्यक पत्राचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।मंत्री ने बताया कि यह प्रदेश का पहला अवसर होगा जब कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, जैविक उत्पाद बोर्ड के एमडी विनय कुमार, और बागवानी मिशन के निदेशक महेंद्र पाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**रांची का तापमान**

अधिकतम $38^0$

न्युनतम $26^0$

## महाकुंभ के चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



एजेंसी

**जालौन :** प्रयागराज महाकुम्भ के ब्रह्मकुमारी आश्रम से हुई चोरी का जालौन पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी बेनी प्रसाद कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 26 जनवरी की रात को कदौरा स्थित आश्रम से 5 लाख रुपए और चांदी के बर्तन चुराए थे। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि ब्रह्म कुमारी शिवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में कदौरा थाना प्रभारी प्रभात सिंह के नेतृत्व में एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शहादतपुर रोगी गांव के पास से आरोपित को पकड़ा गया है। पूछताछ में आरोपित ने चोरी की वारदात को कबूल किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 2,75,500 रुपए और चांदी के गिलास, कटोरी, चम्मच, पायल बरामद किए हैं। इसके अलावा कानपुर देहात से चोरी किया गया एक ट्रैक्टर और टीवीएस मोपेड भी बरामद हुआ है।एसपी ने बताया कि आरोपी ने चोरी के पैसों से कुंभ मेले में हेलिकॉप्टर की सवारी की। इतना ही नहीं उसके द्वारा कानपुर देहात में एक ट्रैक्टर चोरी किया गया साथ ही कुंभ मेला जाकर उसने एक मोपेड भी चोरी की। जिसको भी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है।एसपी दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस टीम का खुलासा करने वाली कदौरा थाना पुलिस टीम को 10000 रुपए का इनाम दिया जा रहा है। साथ ही आरोपी के खिलाफ अन्य आपराधिक मामलों के बारे में जानकारी ली जा रही है।


## अपनी संभावनाओं से दुनिया को आकर्षित कर रहा है भारत : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत अब वादे करने वाला देश नहीं रह गया है। भारत को अब सपेरों का देश नहीं माना जाता। भारत पूरी दुनिया को अपनी संभावनाओं से आकर्षित कर रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम में 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य' विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पी. परमेश्वरन की भारतीय मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय लोकाचार की उनकी गहरी समझ और राष्ट्रीय एकता के लिए उनका अथक प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। सांस्कृतिक रूप से निहित और आध्यात्मिक रूप से जागृत एक आत्मनिर्भर भारत के लिए उनका दृष्टिकोण पूरे देश में गहराई से गूंजता है। हाल के दशक में भारत के विकास को लेकर धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी जवाबदेह शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र को उछाल दिया है। 1.4 बिलियन का राष्ट्र ग्रामीण क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव को देखें। हर घर में शौचालय है, बिजली कनेक्शन है, पानी का कनेक्शन आने वाला है, गैस कनेक्शन है, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायता करने वाली नीतियां। ये हमारी विकास पथ को परिभाषित करती हैं।उन्होंने कहा कि यह आर्थिक पुनर्जागरण, जो कुछ साल पहले कल्पना से परे था, चिंतन से परे था, सपनों से परे था, उसने हमारे सनातन का सार, समावेशिता, गैर-भेदभावपूर्ण, समान, समान विकास के परिणाम और सभी के लिए फल उत्पन्न किए हैं।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने के कुछ दिन बाद सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लामशांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सैरेमखुल इलाके में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए. पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाया.




## यूक्रेन युद्ध विराम को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस व यूक्रेन कर रहे हैं नया प्लान तैयार



एजेंसी

**ब्रिटेन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के प्रेसिडेंट व्लादिमिर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में जोरदार बहस के बाद यूक्रेन युद्ध विराम का खाका तैयार किया जाने लगा है। इस वक्त जेलेंस्की ब्रिटेन में हैं और उन्हें ब्रिटेन, फ्रांस समेत पूरे यूरोप का समर्थन मिल रहा है। ब्रिटेन ने आखिरी दम तक यूक्रेन के साथ खड़ा होने का वादा किया है। इससे जेलेंस्की का हौसला बढ़ा है। अब यूक्रेन युद्ध विराम योजना को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन नया खाका तैयार कर रहे हैं। युद्ध विराम योजना पर काम करने को लेकर तीनों देशों के बीच सहमति बन गई है। प्रस्ताव तैयार होने के बाद इसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने यह जानकारी दी। स्टॉर्मर ने कहा कि यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आई है।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद यह योजना सामने आई है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संगठनात्मक चुनाव को लेकर पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, सभी मोरचो के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारीयो की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू जिला चुनाव अधिकारी सुरेश साव ने कहा पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। श्री साव ने कहा कि प्रदेश निर्देशानुसार इसी मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल एवं जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। श्री साव ने कहा कि आज की कामकाजी समीक्षात्मक बैठक मे मंडल चुनाव प्रभारीयो की अग्रतन रिपोर्ट बताती है कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है वही बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सह चुनाव अधिकारी लवली गुप्ता ने कहा कि बूथ कमेटी मे कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गो की भागीदारी का होना अनिवार्य है। श्रीमती गुप्ता ने कहा सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल मे चुनाव संपन्न कराने के लिए तत्परता के साथ लगे। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके नियम संगत निर्धारित समय में हो निष्ठावान एवं कर्तव्यनिषठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले संगठन मजबूत एवं धारदार हो। वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह विजयआनंद पाठक परशुराम ओझा ने भी अपने-अपने संगठनात्मक अनुभव एवं विचार व्यक्त किए। बैठक में विभाकर नारायण पांडे प्रफुल्ल सिंह उदय शुक्ला अजय तिवारी विजय ओझा सुनील पासवान शिव कुमार मिश्रा अभिमन्यु तिवारी धर्मेंद्र उपाध्याय अरविंद सिंह रामचंद्र यादव धीरेंद्र दुबे ओमप्रकाश गुप्ता शुभम प्रसाद श्वेताम गर्ग सरवन गुप्ता शशि भूषण पांडे जवाहर चंद्रवंशी राजहंस अग्रवाल सुशील सिंह अविनाश उर्फ छोटू सिंहा राजेश सिंह संजय कुमार साधु माझी मधु लता सिंह रेणु देवी मंजू देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योति पांडे ने किया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक, विभिन्न दल के दर्जनों लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक रेहला के डंडिला कला में हुयी. बैठक में पार्टी के मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा व संचालन प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डु ने किया. बैठक में पंचायत कमेटी के गठन पर जोर दिया गया.वही बैठक के दैरान प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डु के नेतृत्व में विभिन्न दल के दर्जनों कार्यकर्ता झामुमो में शामिल हुये. जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया. मौके पर बाल किशुन राव, हाजी ललन साहब,दीपू चौरसिया, संतोष मिश्रा, नवीन जयसवाल, डॉ डी पी शुक्ला, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुद्दीन अंसारी, संजय महतो, मसिर खलीफा, कमलेश पाठक, ताजुद्दीन अंसारी, तुलसी मेहता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चुनावी मुद्दा बनकर रह गई रफीगंज-कजरी रेल लाइन योजना



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड बहुत पुरानी चुनावी मुद्दा बनकर रह गया है। बताते चलें कि रफीगंज - कजरी तक रेलवे लाइन यूपीए की सरकार में पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम के अथक प्रयास से तत्कालीन रेल मंत्री लल्लू प्रसाद यादव के द्वारा शेरघाटी -गया बिहार मे इस रेलवें लाइन की शिलान्यास किया गया था। इसके बाद विभाग के द्वारा 450 करोड़ की लागत से सर्व भी कराया गया था। विभाग जमीन में जगह -जगह सीमेंट के पीलर भी गाड़ दी गई थी।उस समय में इलाके के लोगों के लगा कि जल्द ही रेलवें लाइन की सपना पुरा होगा। मगर आज भाजपा के तीन बार केंद्र मे सरकार बन चुकी है ,मगर इस रेलवे लाइन की स्थिति जस के तस बना हुआ है। बताया जाता है कि रफीगंज -कजरी रेलवे लाइन में कुल स्टेशन और सब स्टेशन मिलाकर 26 स्टेशन बनना था। रेलवें लाइन का शिलान्यास वर्ष 2008 हुआ था जिसमें करोड़ो रुपया भी खर्च किया गया लेकिन आज सिर्फ चुनावी मुद्दा बनकर रह गया। पंचायत समिति सदस्य श्री शत्रुधन साव का कहना है कि इस रेलवे लाइन शुरु हो जाता है तो यहाँ के व्यवसाय के साथ आम जनता के कलकत्ता ,धनबाद के अलावा रांची की दूरी कम हो जाती । व्यवसाय विकास कुमार गुप्ता के कहना है कि केवल चुनावी मुद्दा बनकर सीमित रह गया। अगर सचमुच मे रेलवे चालू कर दिया जाता तो डेहरी ऑन सोन जा कर गाडी पकड़ना पड़ता है वह नहीं करना पड़ेगा। रेलवे लाइन संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री बसंत चंद्रवंशी ने कहा कि नौड़ीहा बाजार प्रखंड की बहुत पुरानी मांग रेलवे लाइन थी। इसके बाद हमने पूर्व सांसद श्री घूरन राम के पास बात रखी । इसके बाद पूर्व सांसद के अथक प्रयास से रेलवे लाइन का शिलान्यास भी हुआ और विभाग के द्वारा सर्व के कार्य भी कराया गया। नौड़ीहा बाजार को स्टेशन के रूप मे चिन्हित किया गया था और जगह -जगह पर विभाग के द्वारा सीमेंट की पीलर गाड़ दी गई। लेकिन बीस वर्षो के भी आज तक रेलवें लाइन सिर्फ मुद्दा बनकर सीमित रह गई। जल्द ही रेलवे लाइन निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले माँग पत्र सौपा जायेगा।

**नरसिंहपुर पथरा पंचायत भवन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया**

# पूर्व जिला परिषद् सदस्य के अथक प्रयास से मेडिकल कैंप लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा पंचायत के पूर्व जिला परिषद् सदस्य विकास चौरसिया के तत्वधान में नरसिंहपुर पथरा पंचायत भवन में मेडिकल कैंप का आयोजन कराया गया। कैंप का उदघाटन पूर्व जिला परिषद् सदस्य विकास चौरसिया, मुखिया मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य कमल किशोर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर कर शुभारंभ किया। कैंप में मेदिनीनगर शहर से आए सुप्रसिद्ध जेनरल फिजिशियन डॉ सरोज कुमार व स्त्री रोग डॉ नीलम के द्वारा सैकड़ों ग्रामीणों की जांच कर उनलोगों के बीच दवाई का वितरण किया गया। शिविर में पहुंचे डॉ. सरोज कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगो को जागरूक करना है। अच्छे इलाज हेतु लोगो को अब दूर नही जाना पड़ेगा। मौके पर नागेंद्र प्रसाद, आशुतोष कुमार, रौशन कुमार, आलोक कुमार, अमरेंद्र चौरसिया सहित दर्जनों लोग शिविर में उपस्थित थें।

# हुसैनाबाद में 45 मोतियाबिंद मरीजों का हुआ लेंस प्रत्यारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे निःशुल्क नेत्र शिविर मे अबतक 1100 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया गया है। आयोजित शनिवार को 45 मोतियाबिंद मरीजों की आंखों में लेंस प्रत्यारोपण किया गया। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 150 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। इसमें से 45 मरीजों को नेत्र चिकित्सक डॉ. धीरज प्रसाद और विवेकानंद उपाध्याय द्वारा आईएलओ विधि के माध्यम से लेंस प्रत्यारोपण किया गया। यहां अब तक करीब 1100 मरीजों का लेंस प्रत्यरोपण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी मरीजों को दवा और चश्मा दिया जाएगा। इस मौके पर नेत्र सहायक जय प्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी, दयानंद कुमार आदि मौजूद थे।

## इस सप्ताह कॉफ़ी विद एसडीएम में क्षेत्र के दिव्यांग-जन होंगे एसडीएम के मेहमान



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के दिव्यांगजनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए 5 मार्च को 11:00 से 12:00 के बीच निर्धारित है। संजय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के दिव्यांग जनों के साथ उनके सहयोगी परिजन/अभिभावक भी कार्यक्रम में आ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चल रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही इस बात की जानकारी जुटायी जाएगी कि उक्त कल्याणकारी योजनाओं का नियमानुसार लाभ/ सहायता लेने से कोई पात्र दिव्यांग भाई-बहन छूट तो नहीं रहा है। दिव्यांग-जनों से सहज वार्तालाप कर यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि उनकी कोई परेशानी या शिकायत तो नहीं है और उनकी परेशानी को हल करने की दिशा में उन्हें प्रशासन से क्या अपेक्षाएं हैं। एसडीओ ने बताया कि ÷कॉफ़ी विद एसडीएम÷ में जो दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे वे इस अनौपचारिक प्लेटफार्म के माध्यम से अपने समूह या क्षेत्र की बेहतरी को लेकर अपने सुझाव भी दे सकते हैं, उनके व्यवहारिक सुझावों को अमल में लाने का प्रयास किया जाएगा। बताया कि इस कार्यक्रम में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि दिव्यांग कल्याण एवं उनसे जुड़े सेवाओं व योजनाओं के बारे में आमंत्रित समूह को विस्तार से बताया जा सके और लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने पुनः दोहराया कि कॉफी विद एसडीएम प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद का एक अनौपचारिक प्लेटफार्म है जिसमें किसी व्यक्ति विशेष को अलग से निमंत्रण नहीं देकर समाचार पत्रों या सोशल मीडिया के माध्यम से ही सार्वजनिक निमंत्रण दिया जाता है। इसलिए किसी सप्ताह के आमंत्रित समूह से संबंधित गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है। अतः इस सप्ताह के लिए उन्होंने सदर अनुमंडल क्षेत्र के दिव्यांगजनों से अपील की कि जो भी दिव्यांग भाई-बहन इस कार्यक्रम में सहभागी बनने के इच्छुक हों, वे आगामी बुधवार को 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में सादर आमंत्रित हैं।

## डायन बिसाही के मामले में वृद्ध की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डायन बिशाही के आरोप में टांगी से काटकर वृद्ध की हत्या से परिजनों में मचा कोहराम मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के पुतुर गांव निवासी राम धनी बैठा उम्र लगभग सत्तर वर्ष शारदा गांव के जमुनिया टोला पर भंडार पर खेती देखने गए थे। इसी बीच दिन के लगभग तीन बजे मृतक रामधनी बैठा की हत्या टांगी से काटकर बेरहमी से कर दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे। घर वालो ने इसका आरोप पूतुर गांव के संजय बैठा तथा राजेश्वर बैठा पर लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। घटना स्थल पर धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुच कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है की राजेश्वर बैठा,संजय बैठा तथा बैठा का भाई होमगार्ड जवान मनोज बैठा की मृत्यु बीमारी से हुआ था जिसे उक्त लोगो द्वारा कहा जाता था की रामधनी बैठा ओझा गुणी का काम करता है इसी ने मेरे भाई को मारा है तथा धमकी दिया जाता था की इसको छोड़ेंगे नहीं इसी कारण से रामधनी बैठा की हत्या संजय बैठा तथा राजेश्वर बैठा के द्वारा किया गया है इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी का कहना है की उक्त हत्या का मुख्य कारण क्या है जांच के बाद पता चलेगा अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। धुरकी पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। इधर घर वालो में कोहराम मचा हुआ है इस मौके पर सारदा मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव के द्वारा परिजनों को ढांढस बधाया।

**श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ**

# समाजसेवी पंकज सिंह ने फीता काट कर किया उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के प्रसिद्ध युवा समाजसेवी पंकज सिंह ने शुक्रवार की रात्रि श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। उक्त टूर्नामेंट का आयोजन लोहिया समता हाई स्कूल के खेल मैदान में किया गया, जहां क्रिकेट प्रेमियों और स्थानीय निवासियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। उद्घाटन के पश्चात थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने संबोधन के दौरान खिलाड़ियों को अपने खेल कौशल का सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि, खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और नेतृत्व कौशल भी सिखाते हैं। मैं इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि इस आयोजन से युवा पीढ़ी को खेल के प्रति और अधिक प्रेरणा मिलेगी। आयोजक एवं उद्घाटन कर्ता पंकज सिंह ने कहा कि केतार प्रखंड जैसे सुदरवर्ती इलाके में इस तरह का आयोजन से क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति छुपी प्रतिभाएं को मजबूत करने का अवसर मिलता है। ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा को पहचान सकें और जिला,राज्य सहित देशभर में अपना नाम रोशन कर सकें। वहीं टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर स्थानीय निवासियों में काफी उत्साह है। उक्त प्रतियोगिता का शुरुआत पुलिस प्रशासन बनाम पत्रकार टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रशासनिक टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा प्रतियोगिता बिहार के नावाडीह बनाम झारखंड के नगर ऊंटरी के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए नावाडीह टीम ने 12 ओवर खेलकर 150 रन का लक्ष्य नगर ऊंटरी टीम को दिया, जवाबी पारी खेलते हुए नगर ऊंटरी के टीम ने 7.1 ओवर में 47 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिससे नावाडीह के टीम ने उक्त प्रतियोगिता को 109 रन से जीत हासिल किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट बल्लेबाजी,गेंदबाजी और फील्डिंग का प्रदर्शन किया, जो दर्शकों के बीच जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। समारोह में प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद मुखिया प्रमोद कुमार मूंगा साह श्याम सुंदर बैठा टूर्नामेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह सचिव रामाश्रय मेहता कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम उप सचिव हेमंत कुमार मेहता आशीष गुप्ता गौतम पाल रविंद्र सोनी लव वर्मा उदय प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पालमू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत लक्ष्मीपुर पंचायत के गुलाबझरी में आयोजित सूर्य प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर केन्दुआडीह, नावाडीह, गुलाबझरी, होते हुए बटाने सुखनदिया दु ऱ्मुहान तक संपन्न हुई। आचार्य रमाकांत जी के द्वारा मंत्रों उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना के साथ कलश यात्रा का रस्म पूरी की गई। इस भव्य कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिए। विदित हो कि यह यज्ञ गुलाबझरी में नवनिर्मित सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आहूत की गई है। दिनांक 3 मार्च 2025 से प्रतिदिन संध्या 5:00 बजे से 9:00 बजे तक कथावाचक बृजेश त्रिपाठी के अमृत वचन का प्रस्तुती साथ ही 9:00 से 11:00 बजे रात्रि तक वृन्दावन से आए रासलीला की प्रस्तुति जाएगी। मौके पर यज्ञ के सानिध्य आचार्य नीरज भास्कर महाराज, व अंशु पाठक, मुख्य पुजारी पिंटू कुमार पटेल, रंजीत कुमार सिंह, सुनील कुमार, अजीत सिंह, नरेश सिंह, सुजीत कुमार पटेल सहित पंचायत के मुखिया हेवंती देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, उप मुखिया पुष्पा देवी, वार्ड सदस्य हरिओम रजक, सुनील चंद्रवंशी, मुकेश कुमार गुप्ता, समाजसेवी अजीत कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह, शंभू शर्मा, हरिप्रकाश सिंह, सुधीर सिंह, शिक्षक अरुण कुमार, डॉ अजय कुमार सिंह, प्रभु शर्मा, शिक्षक वीरेंद्र साव, कश्यप प्रजापति, देवेंद्र कुमार यादव, सत्येंद्र चंद्रवंशी, मुकेश ठेकेदार, सत्य प्रकाश सिंह, सत्येंद्र चौधरी, मंटू सिंह, मुकेश कुमार सिंह, गुप्तेश्वर सिंह, रमेश प्रजापति, अंशु पाठक, सोनू चंद्रवंशी लक्ष्मीपुर, कृष्ण बैठा, शिक्षक संतोष कुमार सिंह सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिक्षक की मनमानी से मेन्यू के मुताबिक नहीं बनता मिड डे मील : उप प्रमुख

**बच्चों को नहीं मिल रहा मीनू के अनुसार भोजन**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ (पलामू) :** बच्चों को स्कूली शिक्षा के प्रति आकर्षित करने व बच्चों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा मिड डे मील योजना की शुरुआत की गई हैं। जिसके अंतर्गत एक निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। लेकिन ऐसा ही हाल रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उलडंडा पंचायत के टोला दीनाबार में प्रखण्ड उप प्रमुख मालती देवी ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय संकुल चोरहट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को मेन्यू अनुसार मध्याह्न भोजन में शुक्रवार को चावल दाल हरी सब्जी और अंडा व फल देना था जबकि बच्चों को रसोइया द्वारा चावल और सब्जी ही बच्चों को दिया गया था। वहीं प्रधानाध्यापक चंदन कुमार द्वारा मेन्यू चार्ट के अनुसार से भोजन नहीं बनाया जा रहा है। जहां एक तरफ़ सरकारी स्कूलों में अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए शिक्षा के मंदिर में भेजा जाता है। जहां पर बच्चों को शिक्षक शिक्षा देते हैं और वहां पर अध्ययन करने वाले बच्चों को झारखंड सरकार द्वारा संचालित मिड डे मील योजना के तहत दोपहर के समय भोजन उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। जहां पर एक तो सरकारी स्कूलों के हालत यह है कि वहां पर एक तो मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध नहीं होता है साथ ही छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रधानाध्यापक के द्वारा चावल और सब्जी भोजन में दिया गया था। वहीं शिक्षा विभाग के संकुल साधनसेवी द्वारा नियमित रूप से जांच नहीं होने के कारण विद्यालय प्रधानों को भी खुली छूट मिली हुई है साथ ही रसोईया ने बताया कि प्रधानाध्यापक के कहने पर सब्जी और चावल बनाया गया हैं साथ ही दो माह से गैस सिलेंडर नहीं भरवाया गया हैं जिसके चलते चूल्हा पर भोजन बनाने का काम करते हैं। इस संदर्भ में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरि प्रसाद ठाकुर ने कहा कि जानकारी नहीं थीं जानकारी मिली हैं तो जांच कर त्वरित कार्रवाई करेंगे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### छठे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन ऊषा मंगेशकर पहुंची रांची, बांधा समा



**रांची :** बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका ऊषा मंगेशकर रांची पहुंची झारखंड को सुंदर प्रदेश बताया । मृणालिनी अखौरी के गाए नागपुरी गीत सुनकर कहा अवसर मिला तो लता स्टूडियो में नागपुरी गीत गाएंगी। झारखंडी लाल पाड़ की साड़ी उन्हें बहुत पसंद आई। एयरपोर्ट से पुलिस एस्कॉर्ट के साथ उन्हें शहर लाया गया , जिसके पहले झारखंडी नृत्य संगीत से उनका स्वागत किया गया। रविवार शाम को जिफा एवॉर्ड देने के लिए कई फिल्मी सितारे रांची आ रहे हैं। सुनील बादल प्रवक्ता सह उपाध्यक्ष जिफा ने दी।

### चार साल की बच्ची की शिकायत पर पुलिस हुई रेस

**रांची।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में एक चार वर्षीय नाबालिग को अपना शिकार बनाया है। आरोपी स्वर्ण जयंती नगर का रहने वाला है। घटना के बाद से आरोपी घर छोड़कर फरार है। देर रात पीड़िता का बयान महिला थाना प्रभारी ने लिया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि नाबालिग की मां घर मे खाना बना रही थी। इसी दौरान आरोपी नाबालिग को बहला फुसला कर अपने कमरे में ले गया और उसे हवस का शिकार बनाया। घटना के बाद नाबालिग रोते हुए मां के पास पहुंची तो मामले की जानकारी परिजनों को हुई। इसके बाद परिजनों ने आरोपी की पिटाई भी की। लेकिन पुलिस के पास पहुंचने से पहले आरोपी भाग चुका था। पुलिस खोजबीन में जुट गई है।

# 3 डी बजट आज होगा पेश, खुशहाली और विकसित झारखंड : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सोमवार को झारखंड सरकार का 3 डाइमेंशनल बजट पेश होगा। इस 3 डी बजट में समृद्धि ,खुशहाली और विकसित झारखंड की तस्वीर पेश की जाएगी। जिसमें रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य, चिकित्सा ,शिक्षा, सुरक्षा,पर्यटन, खेल, कला से लेकर आम व खास जरूरत को देखते हुए सभी मूलभूत बुनियादियों का समावेश झारखंड सरकार के अबुआ बजट में समाहित होगा। सुप्रियो भट्टाचार्य ने आगे कहा कि राज्य सरकार का बजट जब पेश होगा तो तीन चार भाजपा के ऐसे विधायक हैं जो खुब चहकेंगे। मुख्य रूप से बाबूलाल मरांडी जो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं , जिसे भाजपा अपना नेता प्रतिपक्ष भी नहीं मान रही है । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने जिस तरह से राज्य की जनता के साथ धोखा कर रही है, आने वाले समय में इसके साथ और बुरा हास्र होगा । भाजपा नेता प्रतिपक्ष नहीं चुन रही है , जिससे कई ऐसे बोर्ड निगम, आयोग है जिसका गठन नहीं हो पा रहा है और इसका असर राज्य की जनता पर हो रहा है। आज विपक्ष में भाजपा है ,लेकिन सरकार तब है जब विपक्ष के पास नेता प्रतिपक्ष है । उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा को भी टारगेट करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के समय में झारखंड में कैंप करने वाले हेमंता विश्व सरमा को फिर से झारखंड में आना चाहिए और कैंप करना चाहिए, उन्हें देखना चाहिए कि भाजपा के जो विधायकों उनकी दुर्गति कैसे हो रही है, इसके पीछे का कारण क्या है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार बहुत बेहतर काम कर रही है और जनहित में सारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में लगी हुई है ।




**सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस 3 डी बजट में समृद्धि ,खुशहाली और विकसित झारखंड की तस्वीर पेश की जाएगी।**

# धूमधाम से निकली श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति ने रविवार को नेवरी विकास से मंदिर खाटू श्याम हरमू रोड के लिए श्री श्याम प्रभु का ध्वजा निशान पदयात्रा धूमधाम से निकाली। नेवरी के श्री दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्री श्याम निशान पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर चारों ओर श्री श्याम के जयकारे और भक्तों के हाथों में श्री श्याम प्रभु का ध्वज लहरा रहा थे। वहीं सुगंधित फूलों से अलंकृत दिव्यरथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की मनोहरी छवि की सुंदर झांकी का अद्भुत नजारा सबका ध्यान आकर्षित कर रहा था। 251 निशान धारक महिला और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में श्याम प्रभु की दिव्य आभा भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर रही थी। श्याम भक्त बाबा की ध्वजा अपने कंधे पर उठाकर नाचते- झूमते हुए 17 किलोमीटर यात्रा में शामिल होकर अपने आप मे बाबा की कृपा अनुभव कर रहे थे। 17 किलोमीटर की पदयात्रा मे चल रहे श्याम भक्तों का पूरे मार्ग में जगह-जगह रांची के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, अग्रवाल युवा सभा, मारवाड़ी युवा मंच,मारवाड़ी सहायक समिति, गौ सेवा समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जीण माता सेवा संघ सहित कई संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया। बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अपर बाजार होते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान अर्पित करने के बाद पदयात्रा समाप्त हुई। पदयात्रा में भजन गायकों ने मधुर भजन डोरी खींच के राखीजो यह तो है बाबा को निशान..., श्याम धनी को आयो रे बुलावो... गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संयोजक गोपाल मुरारका, हरिशंकर परशुराम पुरिया, ललित कुमार पोद्दार, राजेश ढांढनियां, अशोक लाडिया, रवि चौधरी सहित अन्य भक्तों ने योगदान दिया।



# पूर्व थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना के पूर्व थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद को नामकुम थाना में विदाई दी गई। इस अवसर पर विदायी समारोह का आयोजन थाना में किया गया।

इस अवसर पर नव नियुक्त थानेदार मनोज कुमार को प्रभार सौंपा और अपने कार्य अनुभवों को साझा किया।

इस मौके पर थाना के थाना प्रभारी सहित थाना के सभी पुलिस कर्मी, पत्रकार व अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग को आईसीयू में पहुंचाने वाले कैग रिपोर्ट पर उठा रहे हैं सवाल : अजय साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हाल ही में जारी कैग रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी।उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि स्वतंत्र भारत में कैग प्रशासनिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी होगा और यह संस्थान लोकतंत्र को सुरक्षित रखने की एक अटूट दीवार साबित होगा। वर्षों बाद यह बात सत्य सिद्ध हुई, जब 2012 में कैग ने यूपीए सरकार की सच्चाई जनता के सामने उजागर की। अजय साह ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कैग रिपोर्ट की जांच कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत कैग को पूरे देश के खातों की जांच का अधिकार सौंपा गया है, लेकिन अब झारखंड में एक मंत्री ही इस संस्था के रिपोर्ट की जांच की मांग कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार के मंत्री खुद को संविधान से भी ऊपर समझने लगे हैं। साह ने आगे कहा कि कांग्रेस-जेएमएम के नेता समय के अनुसार संवैधानिक संस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं। जब कोई फैसला उनके पक्ष में आता है, तो वे इसे लोकतंत्र की जीत बताते हैं, लेकिन जब फैसला उनके खिलाफ जाता है, तो वे इसे लोकतंत्र विरोधी करार देते हैं। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की यह प्रवृत्ति पहले चुनाव आयोग, फिर सुप्रीम कोर्ट और अब कैग तक पहुंच चुकी है।



# युवती को नशा का सेवन कराने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुष्कर्म का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भले पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दे रही है,लेकिन पुलिस का खौफ ऐसे अभियुक्तों पर नहीं दिख रहा है। एक दिन पहले सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ घटना घटी अभियुक की तलाश पुलिस कर रही है। वही दूसरी घटना भी पोस्को से जुड़ा बताया जा रहा है। इस मामले में लोअर बाजार थाने में नाबालिग के साथ नशे की हालत में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। दुष्कर्म की इस वारदात को अंजाम देनेवाले आरोपी को लोअर बाजार की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम तल्हा बताया जा रहा है जिसने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि युवती अभियुक्त तल्हा के साथ सदर थाना क्षेत्र के एक अस्पताल गई थी , जिसके बाद तल्हा उसे हॉस्पिटल से घर छोड़ने की बात कह ले जाने लगा इसी दरम्यान उसने युवती के साथ नशा का सेवन किया और फिर युवती को लेकर लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित होटल में ले गया जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जिसे लेकर ही युवती के द्वारा थाने में शिकायत की गई जिसके बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी तल्हा को गिरफ्तार कर लिया है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव समय पर नहीं हुआ शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में हो रहे झारखंड अंतरराष्ट्रीय फ्लिम महोत्सव 1 मार्च से शुरू हुआ था , वहीं 2 मार्च को इस कार्यक्रम में मशहूर गायिका उषा मंगेशकर और फिल्म निर्माता निर्देशक राकेश रोशन सहित कई फ्लिमी हस्तियां शामिल होने वाले थे । खबर लिखे जाने तक मामला यह था कि कार्यक्रम की शुरुआत 6ः00 बजे होनी थी, लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा इस कार्यक्रम को रोक दिया गया । कार्यक्रम क्यों रोका गया इसकी आधिकारिक पुष्टि झारखंड फिल्म महोत्सव के आयोजकों के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई । जिफा अध्यक्ष ऋषि प्रकाश मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने भी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की, लेकिन जिफा के प्रवक्ता और उपाध्यक्ष सुनील बादल ने बहुत देर बाद प्रतिक्रिया अपनी व्यक्त की । उन्होंने कहा कि झार क्राफ्ट के संयुक्त रूप से कार्यक्रम होना था , लेकिन अंतिम समय में बताया जा रहा है कि जहां पर कार्यक्रम होना है वहां का चार्ज देना होगा, जो पहले से फिल्म आयोजन समिति को जानकारी नहीं दी गई थी। इस कारण से कार्यक्रम को रोक दिया गया है । जिफा के अध्यक्ष सहित सभी सदस्य मुख्यमंत्री आवास गए हैं मुख्यमंत्री से यह कहने की अगर कार्यक्रम स्थगित हो जाती है तो झारखंड की बदनामी होगी। हालांकि खबर लिखे जाने तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में किसी ने भी कोई रिस्पांस आयोजन समिति को नहीं दिया है। वही संबंध में जिला उपयुक्त रांची से भी फोन से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने भी अपनी प्रक्रिया नहीं दी। इतना ही नहीं झारखंड फिल्म महोत्सव के आयोजन समिति ने संवाददाता सम्मेलन में कहा था की फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी और आदित्य पंचोली भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे जबकि दोनों कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए ।

**कार्यक्रम क्यों रोका गया इसकी आधिकारिक पुष्टि झारखंड फिल्म महोत्सव के आयोजकों के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई ।**

# जहरीली बातों से बाज आएं सांसद निशिकांत दुबे : वारिस कुरैशी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने कहा है कि गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे जहरीली बातों से बाज आएं। ज्ञात हो कि अभी माहे रमजान चल रहा है। रमज़ान में मुस्लिम रोजे की हालत में रहते हैं। उनको दिन भर भूखे प्यासे रहना पड़ता है। इसको देखते हुए झारखंड सरकार ने निर्णय लिया कि मुस्लिम कर्मचारियों को प्रत्येक दिन 4 बजे छुट्टी एवं शुक्रवार को 12 से 2 बजे तक की नमाज़ विशेष नमाज़ अदा करने के लिए छुट्टी दी गई है।इस पर गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड इस्लामिक स्टेट बनता हुआ नजर आता है। झारखंड सरकार को पता है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और उसी के अंदर झारखंड एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है। उसी के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने धर्मनिरपेक्षता वाला निर्णय लिया। आप जैसे धर्मनिरपेक्षता के विरोधी के पेट में दर्द होना लाजमी है।संसद में शपथ लेते समय जिन बातों को आप सदन पटल पर दोहराते हैं शायद उन बातों को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी सलाह होगी कि सांसद निशिकांत दुबे को कि आप भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 28 पढ़ ले, आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएगी।



# सन्मार्गम फाऊंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच किया खाद्य सामग्री का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सन्मार्गम फाऊंडेशन के द्वारा रांची जिला के मांडर प्रखंड के पुंगी गांव में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री किट चावल , दाल,नमक,आटा,तेल, मशाला एवं बिस्किट, नमकीन इत्यादि का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 3 साल से लगातार खाद्य सामग्री किट का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया जा रहा है,जिससे हर जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाया जा सके। संस्था के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया की संस्था द्वारा जरूरतमंदो के बीच खाद्य सामग्री के अलावा टॉफी, बिस्कुट,नमकीन बच्चों को खेलने हेतु खेल सामग्री किट जैसे बैटमिंटन, फुटबॉल,बैटबॉल लूडो, कैरेम बोर्ड बच्चों को पढ़ने हेतु किताब, कॉपी, पेंसिल, कलर बॉक्स, इत्यादि का वितरण पूरे झारखंड के स्लम क्षेत्र में लगातार किया जा रहा है।इस वितरण कार्यक्रम में संस्था के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी, रोशन कुमार,पुंगी गांव के सुखदेव उरांव, दिव्या गुलाब खलखो, रेणु उरांव इत्यादि उपस्तिथ रहे।

## सब जूनियर वर्ग में 46 और जुनियर वर्ग 25 खिलाड़ी हुए शामिल

**रांची :** भारतीय खेल प्राधिकरण ( युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) एवम हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड के द्वारा झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग 2025 सब जूनियर और जूनियर महिला का आयोजन 17 से 24 मार्च 2025 तक आयोजित है। इन दोनो वर्गो के प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम की भागीदारी के लिए जिला टीम गठन हेतु खिलाड़ियों चयन ट्रायल आज एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित हुई। जिसमे सब जूनियर वर्ग में 46 और जुनियर वर्ग में 25 कुल 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

# गरीबों की दुकानों में नहीं बिकेगा पान मसाला लाखों रुपए का होर्डिंग से होगा प्रचार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** हम और आप सभी जानते हैं कि तंबाकू, गुटका, खैनी, पान मसाला झारखंड में पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगा दिया गया है।इस संबंध नोटिफिकेशन भी स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जारी कर दिया है और इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुहर लग चुकी है। गुटखा, तंबाकू ,खैनी, पान मसाला इत्यादि पर इसलिए प्रतिबंध लगाया गया है कि इससे कैंसर जैसी भयानक बीमारी का खतरा बना रहता है और कई लोगों को इस तरह की बीमारियों से जूझना पड़ा है। इन सबको देखते हुए सरकार ने कठोर कदम उठाया है। बावजूद इसके रांची के करम टोली चौक स्थित बड़े से होर्डिग में पान मसाला का प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जो इस बात को साबित करता है कि सरकार के लाख प्रयास के बाद भी जो बड़ी कंपनियां है वह सरकार के निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, उसके लिए सरकार का कोई भी कठोर कदम कोई मान्य नहीं रखता है। हां छोटे-मोटे दुकानों पर अगर पान मसाला, गुटखा अगर बिकता है तो थाना पुलिस उस पर कार्रवाई करने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर देती है और इस तरह के कई मामले सामने आते भी हैं। लेकिन जहां बड़ी कंपनी है और बड़े कारखानों की बात हो तो वहां थाना से लेकर एसपी तक टांय टांय फीस हो जाती है, अब देखना यह होगा कि इस बड़े होर्डिंग्स में कमला पसंद का प्रचार किया जा रहा है यह प्रतिबंधित है या नहीं, अगर है तो क्या सरकार हटवा पाती है या सिर्फ खाना पूर्ति कर पाती है।




# कुरान पाक में मानवता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है : महबूब आलम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कुरान पाक में मानवता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है । एक समय मक्का में हर तरफ अत्याचार का बोलबाला था, इंसानियत का गला घोटा जा रहा था, गोरे का काले से अमीर का गरीब से, एक कबीला का दूसरे कबिले बात बात पर झगड़ा हुआ करता था, अरब के लोग शराब और शबाब में डूबे रहते थे। इस कठिन और विपरीत परिस्थितियों में हजरत मोहम्मद सल्ल. अलैहि वसलम ने मक्का के लोगों को सत्य, शांति, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया। इन्होंने कुरान पाक के बताए रास्ते पर चलने की शिक्षा दी । जब जब कुरान पाक हजरत मोहम्मद सल्ल.पर जिन परिस्थितियों में अवतरित हुआ ,उन्हीं परिस्थितियों को आवश्यकता के अनुसार अल्लाह के आदेश पर उन्होंने स्वयं अमल किया और दूसरों को भी कुरान के मुताबिक चलने की शिक्षा दी। कुरान पाक के बताए रास्ते पर चलते हुए कुरान के आदेशों का प्रचार भी किया। इस बात को लेकर हजरत मोहम्मद सल्ल. और उनके अनुयायियों पर तरह-तरह के अत्याचार होने लगे लेकिन हजरत मुहम्मद सल्ल अपने अनुनायों के साथ ऐसी विपरीत परिस्थितियों में भी सब्र और धैर्य के साथ सत्य,शांति, अहिंसा और मानवता के लिए काम करते रहे, लेकिन जब अत्याचार सहन करने की सीमा से बाहर हो गए हैं तो हज़रत मोहम्मद सल्ल ने मक्का छोड़कर 454 किलोमीटर दूर मदीना चले गए, लेकिन अधर्मियों ने यहां भी उनका पीछा ना छोड़ा लेकिन सत्य और अहिंसा के इस महान हस्ती ने दुश्मनों को भी अपने व्यवहार से दोस्त बना डाला । अपने किरदार से दुश्मनों से बदला लेने से अच्छा सब्र करने की शिक्षा दी और हर बुराई को भलाई करके विजय हासिल की। उक्त बयान समाजसेवी महबूब आलम ने दी।



# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तालाब के द्वारा 02-03-2025 को एक बैठक रखी गई।इस बैठक की अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने किया। कोषाध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा पिछले वर्ष 2024 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे हर्ष के साथ सर्वसम्मति से पास कर दिया। उसके बाद सभा में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, रमेश सिंह, ने पुरानी कमिटी कों ही सुचारु रूप से यही रहने पर विचार किया और पुरानी कमिटी कों ही रखा गया और जो लोग भी इस नई कमिटी में जुड़ना चाहते है उनको भी जोड़ा जाएगा, तथा धन्यवाद ज्ञापन नंदकिशोर सिंह चंदेल द्वारा किया गया।श्री चैती दुर्गा पूजा धूम-धाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के बाद श्री चैती दुर्गा मंदिर में होली मिलन समारोह भी किया गया। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक, संरक्षक, आयोजक एवं सयोजक ने कहां नई कमेटी में जय सिंह यादव, मिंटू चौबे,राजीव रंजन मिश्रा, मेहश चद्र, शंकर सिन्हा, शंकर साव, लिल्लू प्रसाद, बसंत चन्द्रवांसी,सागर वर्मा, सोनू सिंह, दीपक ओझा, मेहुल प्रसाद, अशोक पुरोहित और जितने भी आए हुए गणमान्य वेक्तियों का नाम संस्था में जोड़ कर चलेंगे।बैठक में सभा में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, संजय सिंह (लल्लू सिंह), महेश चन्द्रा, जय सिंह यादव, दीपक ओझा, दीपू सिंह, करण सिंह, मोहित रजक, नमन भारतीय, अर्जुन सिंह, अभिषेक रजक, रोहन सिंह, आयुष रजक एवं महासमिति के सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूत थे।

# विहंगम संत समाज ने ध्वजारोहण व सत्संग का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के राजेंद्र प्रसाद साय के निवास स्थान साय निवास पर रविवार को विहंगम संत समाज सिल्ली के तत्वावधान में ध्वजारोहण व सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदगुरु सदाफल देव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी गुरु भाइयों बहनों द्वारा भजन, ध्यान, प्रार्थना, आरती, वंदना एवं शांति पाठ किया गया। कार्यक्रम में विहंगम योग संत समाज रांची जिला सह संयोजक प्रमेद कुमार चौधरी एवं सत्संग प्रभारी संजीव नारायण श्रीवास्तव ने प्रवचन के क्रम में विहंगम योग के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि विहंगम योग ध्यान के माध्यम से धर्म, अर्थ, काम, एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं उन्होंने कहा कि ब्रह्म विद्या विहंगम योग के क्रियात्मक साधना द्वारा मन का निग्रह सजगता से होता है।

शरीर जड़ हैं और आत्मा चेतन हैं, शरीर नश्वर हैं, इसलिए आत्मा द्वारा बनी हुई ध्यान साधना ही ब्रह्म विद्या विहंगम योग हैं। जिसके उपदेश सद्गुरु सदाफल देव महाराज हैं। इस मौके पर स्वर्वेद पाठ भी किया गया। आत्मा राम महतो ने कहा कि स्वर्वेद सदगुरु द्वारा हिमालय के कंदराओं में 17 वर्ष की तपस्या के पश्चात उन्हें जो अनुभव और ज्ञान प्राप्त हुआ उसको स्वर्वेद में अभिव्यक्त किया है। कार्यक्रम को सामूहिक आरती के साथ शांति पाठ के द्वारा समापन किया गया। इस मौके पर शिवानी साय, परमानंद साय, गणेश साहु, विजय भद्र, उमाशंकर साहु, अविनाश साहु, उमाशंकर मालाकार, मुनमुन मालाकार, पूर्णिमा सिंह देव, रुबी देव, भरत देव साय, नन्द किशोर साय, रश्मेंद्र नारायण साय, उपेंद्र नाथ महतो, मथुर महतो, कृष्णा रविदास आदि उपस्थित थे।

# इबादत के साथ-साथ खुदा से अपने गुनाहों की मांफी मांगने का महीना है रमजान : अमाल खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रमजान सिर्फ इबादत का नहीं,बल्कि खुदा से अपने गुनाहों की मांफी मांगने का भी महीना है। यह बातें कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव अमाल खान ने कही। उन्होंने ने कहा कि आज से रमजान पाक का मुबारक महीना शुरू हो रहा है। यह महीना रहमतों मगफिरतों का और जहन्नम की आग से आजादी मिलने का महीना है। इस महीने में अल्लाह फर्ज का सवाब 70 गुना बढ़ा देते हैं और नफ्ल इबादतों का सवाब फर्ज की तरह फरमा देते हैं।इस महीने में मोमिन का रिज्क बढ़ा दिया जाता है। यह महीना सब्र का और गम खारी का महीना है। अहले ईमान को चाहिए कि इस मुबारक महीने में ज्यादा से ज्यादा कुराने पाक की तिलावत नमाजों का एहतमाम तरावी का एहतमाम तहज्जुद का एहतमाम दुआ और इस्तगफार का एहतमाम दरूदे पाक की कसरत का एहतमाम करना चाहिए। गुनाह के हर रास्ते को छोड़कर नेकियों के रास्ते पर चलने की हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। यह महीना रहमतों का है। जिसमें खुदा की रहमत बरसती है। इस महीने में भी अगर इंसान खुद की रहमत से महरूम रह जाए तो उससे बड़ा कोई महरूम नहीं होता है। अल्लाह ताला के रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का फरमान है कि जो लोग मां-बाप के ना फरमान होते हैं शराब पीने के आदी होते हैं और दिल में कीनाह कपट रखते हैं। ऐसे लोगों की बख्शीश और मगफिरत इस मुबारक महीने में भी नहीं होती।

# रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है रमजान : शाकिर अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** जेकेएलएम के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी शाकिर अंसारी ने बताया कि रमजान का असल मकसद सब्र, तकवा, हमदर्दी, नरमी, मोहब्बत और दूसरों का ख्याल रखना है। रमजान रहमत,बरकत और मगफिरत का महीना है। इबादत कर सभी गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। रमजान में रोजेदार की दुआ खाली नहीं जाती है। रोजे रखना इस्लाम का तीसरा फर्ज है। रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। रमजान का पहला हिस्सा माह के 1-10 दिन का रहमत, दूसरा हिस्सा 11-20 दिन का मगफिरत और 21 से 30 दिन का हिस्सा दोजख से आजादी का है। रमजान में बेहिसाब, बरकत और रहमतों वाली एक रात होती है, जिसे शबे कद्र कहते हैं। यह रात दूसरी रातों से बेहतर है। रमजान में कुरान पाक नाजिल किया गया। रमजान में रोजे फर्ज किए गए हैं। 11 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती, बीमार को रोजा नहीं रखने की छूट है। तरावीह को सुन्नत करार दिया गया है। माह में हर नेकी का सवाब 70 गुना बढ़ा दिया जाता है। रमजान में गरीबों का ख्याल रखे। इबादत अधिक करे, जो व्यक्ति माह में रोजेदार को इफ्तार कराता है,उसके सारे गुनाह माफ कर दिए जाते हैं।

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ ने बैठक कर नवादा जिले की घटना की किया कड़ी निंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची ग्रामीण जिला इकाई ने बिहार के नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के पडरिया गांव में पिछले दिनों हुई लोमहर्षक घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। महासंघ के रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधर मिश्र, अभय मिश्र , अमित मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने की बिहार सरकार से मांग की है। रांची ग्रामीण जिला इकाई ने महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय के उस कदम की सराहना कि उनकी पहल से बिहार पुलिस ने इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की। कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई। अध्यक्ष ने कहा कि पडरिया गांव में ब्राह्मण परिवार की महिलाओं के साथ अपराधियों ने जितनी बर्बरता के साथ यातना दी है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि यह घटना अतिनिंदनीय ही नहीं सभ्य समाज के लोगों के मुंह पर कालिख पोतने जैसी है। महासंघ ने दोषियों के खिलाफ अविलंब कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है और कोर्ट में तेजी से सुनवाई कर के दोषियों को सजा दिलाने की भी मांग की है। इस बैठक में मुख्य रूप से भोला नाथ मिश्र,चंदन मिश्र,अभय कुमार मिश्रा,विकाश पुष्पराज,डॉक्टर अभिषेक रंजन मिश्रा,विजय नाथ मिश्रा,उदय मिश्रा,हलधर मिश्रा,चक्रधर,श्री धर मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।

# रोहिणी के दो सेवानिवृत्त कामगारों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोहिणी परियोजना के सेवानिवृत्त कामगार जनेश्वर पासवान एव देवनंदन लोहार को विदाई दी गई.धमधमिया दामोदर नदी किनारे एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया.इस मौके पर खान प्रबंधक दीपक कुमार एव माइन इंचार्ज केपी नायक उपस्थित थे.इस अवसर पर खान प्रबंधक दीपक कुमार ने दोनो सेवानिवृत्त कामगार को माला पहनाकर, बुके देकर स्वागत किया.वही शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.खान प्रबंधक ने दोनो सेवानिवृत्त कामगारो के स्वस्थ एव सुखमय जीवन की कामना की.इस मौके पर अरुण कुमार साहू,रामा उरांव, राकेष उरांव, लालदेव उरांव, विजय सिंह, प्रधान मुंडा, झमन सिंह,शिशिर लकड़ा,बलजीत गंझु, बिरबल उरांव, अनिल आनाकानी, काली राम महली, सोनू मांझी,सोहराय महतो, प्रयाग दुसाध,ज्वाला कुमार, रितेश उरांव, नंदकिशोर उरांब, आनंद, रविन्द्र उरांव,संजू मांझी, पारस उरांव सहित कई कामगार उपस्थित थे.

# घर में आग लगने से काफी नुकसान, समान जल कर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अन्तर्गत सिंगपुर के टोला के कांटाडीह गांव में नामी देवी के घर में रविवार की अहले सुबह करीब तीन बजे आग लग गई। आग की धुंए से लोग जाग गए और सभी घर के सदस्य बाहर निकल गए एवं पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे तब तक आग की लपटे घर में तेज पकड़ ली और घर में रखा सामान पुरी तरह जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गांव के ही सुरज सिंह मुंडा ने बताया कि घर में रखे पलंग,बक्से में बीस हजार रुपए, गहना,कपडा,धान चावल आग के लपेटे में आ गया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना हिंडाल्को दमकल विभाग को दिया गया। दमकल गाड़ी द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घर के और भी सदस्य मनोरंजन सिंह मुंडा और बच्चे सभी सुरक्षित बच गए।आग लगने से नामी देवी का काफी नुकसान हुआ है।

# अक्सा ग्लोबल स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अक्सा ग्लोबल स्कूल बिजुलिया रोड अगड़ू रातु रांची में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ ।इस समारोह में साइंस एग्जिबिशन, स्पोर्टस,जीके,इस्लामिक क्विज सहित कई प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार बांटा गया। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर अफजल अंसारी ने कहा कि किसी भी तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिभागी में बेहतर करने का जज्बा पैदा होता है। और यही जज्बा आगे चल कर उसे जीवन में सफल बनाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमरूल हक,अब्दुल कुदूस,हाजी शरीफ, रेयाजुल हक, अताउल्लाह अंसारी,आसिफ अंसारी, अजमुल हक,मुख्तार अंसारी,हाजी मुबारक ,अंजुम खान के अलावा स्कूल के सभी टीचर्स एवं अभिभावक काफी तादाद में मौजूद थे।

# श्रीगुरू सिंह सभा गुरूद्वारा डकरा का हो रहा नवीकरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डकरा स्थित श्रीगुरू सिंह सभा गुरूद्वारा का नवीकरण आरंभ किया गया है. गुरूद्वारा कमेटी के बलबीर सिंह तथा रजविन्दर सिंह ने बताया कि वर्ष 1975 में इस गुरूद्वारा का स्थापना हुआ था. खलारी प्रखंड क्षेत्र का यह एकमात्र गुरूद्वारा है जहां पूरे प्रखंड के सिख समुदाय के लोग आते हैं. लंबे समय के बाद इस गुरूद्वारा का नवीकरण आरंभ किया गया है. कमेटी द्वारा कहा गया है कि लोग इच्छानुसार इस कार्य के लिए दान कर सकते हैं. इसके लिए कमेटी के पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर 8102381900 तथा 9693245691 पर संपर्क किया जा सकता है.

# चार दिवसीय नाइट क्रिकेट टुर्नामेंट संपन्न, सिमलिया को हरा मेसरा ने जीता खिताब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में शनिवार की देर रात खेले गये चार दिवसीय अनगड़ा नाइट कैनवास बाल क्रिकेट टुर्नामेंट का खिताब मेसरा ने जीता लिया। टुर्नामेंट का आयोजन ब्लू स्टार क्लब अनगड़ा ने किया। रात दो बजे खेले गये खिताबी मुकाबले में मेसरा ने सिमलिया को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमलिया की टीम 10 ओवर में 50 रन ही बना सकी। जवाबी पारी में मेसरा ने दो विकेट पर लक्ष्य को चार ओवर में ही प्राप्त कर लिया। इससे पूर्व खेले गये सेमीफाइनल मैच में मेसरा ने चुटटू को व सिमलिया ने अनगड़ा की टीम को हराया था। अनगड़ा के स्टार खिलाड़ी उमेश कुमार महतो को प्लेयर आफ टुर्नामेंट का पुरस्कार माही मोबाइल जोन गोंदलीपोखर की ओर से दिया गया। फाइनल का प्लेयर आफ मैच मेसरा का टोनी बना। विजेता टीम मेसरा को 35 हजार नकद व ट्राफी, उपविजेता टीम सिमलिया को 25 हजार नकद व ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल समारोह के



मुख्य अतिथि खिजरी विधायक विधायक कच्छप, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, अनगड़ा बीडीओ जयपाल सोय, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, पूर्व मुखिया मधुसूदन मुंडा, गेतलसूद उपमुखिया शंकर बैठा, पंकज तिर्की व अगमलाल महतो, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, साकीर अंसारी, छोटेलाल महतो थे। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अनगड़ा में नाइट क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन युवाओं के बीच कैनवास बाल क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। मध्य रात्रि में हुआ फाइनल बताता है युवाओं में कितना जोश है। इस जोश को सकारात्मक उर्जा के रूप में उपयोग करना है। यही सोच युवाओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में मदद करेगा। जैलेन्द्र कुमार ने सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों को बधाई दिया। बोले नाइट क्रिकेट टुर्नामेंट कराया जाना चुनौती व उपलब्धि दोनों है। चुनौती के लिए आयोजन समिति को बधाई। अनगड़ा प्रखंड में नाइट क्रिकेट का यह पहला टुर्नामेंट है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष उमेश कुमार महतो, सचिव आशीष मिश्रा, कोषाध्यक्ष उमेश करमाली, संरक्षक पूर्व मुखिया मधूसदन मुंडा, पूर्व पंसस अघनू महतो, समाजसेवी संजीव सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अरविंद कुमार, रामानंद सिंह, मुन्ना मुंडा, सत्येन्द्र कुमार उर्फ पल्लू, पंसस रोशनी कुमारी, खेल प्रभारी कृष्णा मुंडा, अरमान अंसारी सहित अनिल कुमार, कुनेश करमाली, कैलाश उरांव, अनिकेत कुमार, श्रीनाथ मुंडा, अक्षय आनंद, जयनाथ मुंडा, राजकुमार मुंडा, आशीष मुंडा, बबलू पाहन, कैलाश उरांव, प्रदीप महतो, सोनू साहू, बबलू पाहन, संतोष राम, रोहित श्रीवास्तव, प्रतीक सिंह, अभिषेक कुमार भगत, दिनेश मुंडा, तिवारी भोगता, रंजीत साहू आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## शिक्षा मंत्री ने सिंहपुरा में किया चेकडैम निर्माण योजना का शिलान्यास



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने गुड़ाबांदा के सिंहपुरा पंचायत स्थित नागरापाल में रविवार को चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। लघु सिंचाई विभाग द्वारा 67 लाख की लागत से चाकड़ी नाला पर चेकडैम का निर्माण संवेदक जय मां सत्य वाहिनी के माध्यम से किया जायेगा। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने मौके पर कहा कि ग्रामीण वर्षो से चेकडैम निर्माण की मांग कर रहे थे। चेकडैम के निर्माण से कृषि कार्य के लिए सालभर पानी उपलब्ध होगा। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों ने प्राथमिक विद्यालय नागरापाल को पुनः शुरू करने और गांव में आंगनबाड़ी स्थापना करने की मांग मंत्री के समक्ष रखा। इस अवसर पर झामुमो संयोजक मंडली प्रमुख सुराई टुडू, विमल कर्मकार, भोगन मुर्मू, बेलोवती मुर्मू, राम कर्मकार, जोरा मंडल, पशुपति माहली, जगदीश भकत, कालिपद गोराई, जिला पार्षद शिवनाथ मांडी, मुखिया कान्हाई लाल माहली, पंसस पुष्पा रानी महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## कथा वाचक दिव्यांशी दीदी ने कुचाई दलभंगा सोनाघाटी क्षेत्र का भ्रमण कर हुई खुश



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां पंचायत भवन के समीप हो रहे श्री राम कथा में पधारे वृंदावन धाम के कथा वाचक दिव्यांशी दीदी व उनकी पूरी टीम को कुचाई के मधुसूदन दास के नेतृत्व में रविवार को कुचाई के दुर्गा मंदिर जोजोहातु के हनुमान मंदिर दलभंगा व तरंबा के सोनाघाटी क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। वहीं कथा वाचक दिव्यांशी दीदी कुचाई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर पहाड़ी क्षेत्र में हरा भरा पेड़ पौधों को देखकर काफी प्रसन्न हुई। कथा वाचक दिव्यांशी दीदी ने बताया कि पेड़ पौधों से हमें शुद्ध वातावरण मिलती है। साथ ही शुद्ध वातावरण से हमारे शरीर स्वस्थ व निरोग रहता है। आज के समय में प्रत्येक परिवार में पेड़ पौधा लगाना अति आवश्यक है एवं पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए ताकि उसी पेड़ों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके। भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मधुसूदन दास, मुन्ना दास, महेश योगी, संतोष महतो, भरत पांडे, समीर दास, प्रीति दास, प्रिया दास, राजकिशोर दास, अमृत दास, अभिलाष ज्योतिषी, पंकज तिवारी, मदन सिंह मुंडा व घनश्याम मुंडा आदि उपस्थित थे।

## श्याम कला भवन का चांडिल में फाल्गुन महोत्सव 10-11 मार्च को



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्याम कला भवन चांडिल के सदस्यों की एक बैठक में दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। रविवार को कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सह संयोजक दुर्गा चौधरी ने कहा कि आगामी 10 मार्च को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रघुनाथपुर से चांडिल श्याम मंदिर तक निशान पद यात्रा का आयोजन किया गया है। सभी श्याम प्रेमी 12 किलोमीटर पैदल यात्रा कर चांडिल बाजार स्थित श्याम मंदिर में निशान समर्पित करेंगे। साथ ही शाम 7 बजे से श्याम मंदिर में भजन संकीर्तन किया जाएगा और सभी श्याम प्रेमियों के लिए मंदिर परिसर में प्रसाद की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि 11 मार्च को प्रातः 10 बजे मंदिर परिसर में बाबा श्याम का ज्योति पाठ होगा एवं बारस का ज्योत प्रज्वलित किया जायगा। सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा बैठक में मुख्य रूप से पवन शर्मा, मोंटी चौधरी, श्रवण जालान, अश्विनी शर्मा, बिकास रूंगटा, रवि शर्मा, सुभाष शर्मा, रोहित चौधरी, हरीश सुल्तानिया, नेका पाल व बाबूलाल सुल्तानिया आदि उपस्थित थे।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने रोजदारों के घरों तक पहुंचाया रमजान का तोहफा किट




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट जमशेदपुर की एक सामाजिक संस्था है जो कि कई वर्षो से समाज के हर समुदाय के लोगों के लिए राहत का कार्य करती है। इसी क्रम में रविवार को मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार इबादत का महीना माह ए रमज़ान के पहले रोजे होने के अवसर पर ट्रस्ट के अभिभावकों एवं सदस्यों के सहयोग से आजादनगर, ज़ाकिरनगर जवाहरनगर, कपाली, गौस नगर, बागानशाही, कबीरनगर बस्ती में जरूरतमंद रोजदारों के घरों तक रमज़ान का तोहफा किट बनाकर रोजदारों के घरों तक पहुंचाया। इस किट को पहुंचाने में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीनुल हक अंसारी, सचिव मुख्तार आलम खान, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, ताहिर हुसैन, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, मोहम्मद फिरोज आलम, इंजीनियर हाजी फिरोज असलम, मीडिया इंचार्ज साजिद परवेज, मोहम्मद इजाज अंसारी, मासूम खान, अज़ीज़ हसनैन, नादिर खान, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद अफताब आलम, इरशाद खान और हाजी अयूब अली का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रमिकों के प्रति असंवेदनशील और उदासीन है राज्य सरकार : पूर्णिमा साहू



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक कार्यरत हैं, जो विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग से सवाल किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत किसी निबंधित असंगठित कर्मकार की सामान्य मृत्यु होने पर 15,000 और कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 25,000 की सहायता राशि देने का प्रावधान है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सामान्य मृत्यु होने की स्थिति में भी 25,000 की सहायता राशि दी जाए, ताकि श्रमिकों के परिवार को उचित राहत मिल सके। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है, जिसपर विधायक पूर्णिमा साहू ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह रवैया श्रमिकों के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है और श्रमिकों के प्रति उदासीन नीति को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने उनसे मिलकर यह मुद्दा उठाने का आग्रह किया था, लेकिन सरकार के नकारात्मक रुख से निराशा हुई है। उन्होंने सरकार से श्रमिकों के हित में पुनर्विचार करने की मांग की है।

# जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयंती पर विशेष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा का जन्म 1839 में गुजरात के नवसारी में हुआ। उनके पिता नसरवानजी टाटा ने एक स्थानीय बैंकिंग व्यवसायी से कारोबार की बारीकियां सीखीं और फिर बॉम्बे (अब मुंबई) जाकर एक हिंदू व्यवसायी के साथ काम किया।

जमशेदजी ने एल्फिंस्टन संस्थान में शिक्षा प्राप्त की और 1858 में ग्रीन स्कॉलर के रूप में स्नातक हुए। उनके व्यवसायिक सफर की शुरुआत 1859 में हुई, जब उन्होंने अपने पिता की कंपनी नसरवानजी एंड कालियंदास, जनरल मर्चेंट्स में शामिल होकर व्यापार की गहरी समझ विकसित की। जल्द ही उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें हांगकांग में एक नई शाखा के सह-प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया।

1860 के दशक में अमेरिकी गृहयुद्ध ने वैश्विक कपास कारोबार को बाधित कर दिया। ब्रिटेन में कच्चे कपास की कमी के कारण भारत से आयात की मांग अचानक बढ़ गई, जिससे कई व्यापारियों ने तेजी से धन अर्जित किया। इसी समय, जमशेदजी बॉम्बे लौटे। उनके पिता के व्यापारिक साझेदार प्रेमचंद रॉयचंद लंदन में अपनी बैंक एशियाटिक बैंकिंग कॉरपोरेशन की एक शाखा खोलना चाहते थे और इसके संचालन के लिए उन्होंने जमशेदजी को चुना। शुरुआत में यह बैंक भारत की फलती-फूलती अर्थव्यवस्था के कारण तेजी से सफल हुआ। हालांकि 1865 में अमेरिकी गृहयुद्ध समाप्त होते ही अमेरिकी कपास की आपूर्ति फिर से शुरू हो गई, जिससे बाजार में अचानक गिरावट आ गई। इस आर्थिक संकट के कारण जमशेदजी के चीन बाजार में किए गए निवेश बेकार हो गए।

1867 में, मैनचेस्टर की यात्रा के दौरान, जमशेदजी ने दार्शनिक थॉमस कार्लाइल का एक व्याख्यान सुना, जिसमें उन्होंने कहा, जो राष्ट्र लोहे पर नियंत्रण कर लेता है, वह शीघ्र ही सोने पर भी नियंत्रण पा लेता है। इस विचार ने जमशेदजी को गहराई से प्रभावित किया और आगे चलकर भारत में इस्पात उद्योग की स्थापना के उनके दृष्टिकोण की आधारशिला बनी।

जमशेदजी ने महसूस किया कि भारतीय उद्योग ब्रिटिश कपड़ा व्यापार को चुनौती दे सकते हैं। 1869 में, उन्होंने बॉम्बे के चिंचपोकली में एक दिवालिया तेल मिल खरीदी, उसे एक कपड़ा मिल में बदला और उसका नाम एलेक्जेंड्रा मिल रखा।

दो साल बाद, उन्होंने इस मिल को मुनाफे में बेच दिया और लैंकाशायर के कपड़ा उद्योग का अध्ययन करने के लिए इंग्लैंड की यात्रा की।

1874 में, उन्होंने सेंट्रल इंडिया स्पिनिंग, वीविंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की स्थापना की, जिसमें प्रारंभिक पूंजी 1.5 लाख रुपये थी। तीन साल बाद, 1 जनवरी 1877 को, जिस दिन क्वीन विक्टोरिया को भारत की सम्राज्ञी घोषित किया गया, नागपुर में उनकी एम्प्रेस मिल्स का संचालन शुरू हुआ।

1899 में, स्वामी विवेकानंद ने इसे ÷भारत में अब तक प्रस्तावित सबसे दूरगामी और लाभकारी पहल कहा। लेकिन, तमाम प्रयासों और समर्थन के बावजूद, यह संस्थान 1911 में बनकर तैयार हुआ, जमशेदजी की मृत्यु के सात साल बाद। उनका यह सपना भले ही उनके जीवनकाल में साकार न हो सका, लेकिन यह उनके अटूट संकल्प और राष्ट्र के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया।

मैनचेस्टर में कार्लाइल के व्याख्यान से प्रेरित होकर जमशेदजी ने भारत में एक मजबूत इस्पात उद्योग की परिकल्पना की। लेकिन उस दौर में औपनिवेशिक कानूनों ने भारतीयों के लिए इस क्षेत्र में कदम रखना असंभव बना दिया था।

1912 में, जमशेदजी की मृत्यु के आठ साल बाद भारत में पहली बार इस्पात का उत्पादन हुआ—उनके सपने को साकार करते हुए और आलोचकों को गलत साबित करते हुए। उनके बेटे दोराबजी टाटा और चचेरे भाई आरडी टाटा ने इस मिशन को आगे बढ़ाया, एक ऐसी इस्पात नगरी की नींव रखी, जो आने वाले दशकों में भारत के औद्योगिक विकास की रीढ़ बन गई।



## पटमदा में उग्र भीड़ ने किया युवकों पर हमला, थाना प्रभारी ने बचाई जान

**- बाइक छिनतई कर भागने का आरोप**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे पटमदा थाना क्षेत्र के बेलटांड़ चौक में आक्रोशित भीड़ ने जमशेदपुर के कुछ युवकों पर हमला कर दिया। गनीमत यह रही कि सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी करमपाल भगत व स्थानीय कुछ लोगों ने उनकी जान बचा ली अन्यथा यह घटना मॉब लिंचिंग की हो जाती। थाना प्रभारी करमपाल भगत को जैसे ही सूचना मिली वे भोजन की थाली छोड़कर सिविल में ही बेलटांड़ चौक पहुंच गए और लाठी डंडे से कुछ युवकों की हो रही पिटाई को रोकते हुए उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। दरअसल घटना की शुरुआत बोड़ाम थाना क्षेत्र के भूला मोड़ से शुरू हुई थी। बागबेड़ा क्षेत्र से 2 कार पर सवार 11 की संख्या में आए युवक लावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर में पूजा करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। भूला मोड़ पर उनकी गाड़ियां आपस में टकरा गई। नशे की हालत में कार सवारों ने इसके लिए आगे चल रहे एक बाइक सवार युवक को जिम्मेदार बताते हुए उसे रोककर एक लाख रुपए मुआवजे की मांग करते हुए उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद उसकी बाइक छीनकर भागने लगे। पटमदा के ही कुमीर गांव निवासी बाइक चालक अटल महतो ने ने इसकी सूचना अपने दोस्तों को दे दी। इसके बाद एक कार पर सवार 5 एवं बाइक लेकर भाग रहे 2 युवक पकड़े गए जबकि दूसरी कार पर सवार लोग भाग निकले। इधर देर शाम आपसी समझौते के बाद पुलिस ने आरोपियों को छोड़ दिया।



## जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक में जनहित के मुद्दे पर धारदार आंदोलन करने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार रविवार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में बैठक आयोजित की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष ने जिला कमेटी के पदाधिकारियों को संदेश देते हुए कहा कि प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष जनहित के मुद्दे को लेकर धारदार आंदोलन करें। जिला पदाधिकारी जिनकी नियुक्ति प्रखंड संगठन प्रभारी एवं मंडल संगठन पर्यवेक्षक के रूप में हुई है। वे सभी पर्यवेक्षक अपने दायित्व का निर्वहन इमानदारी के साथ करें। प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष अविलंब नगर निकाय क्षेत्र में होने वाले चुनाव की तैयारी सम्बन्धी सूची निष्पक्षता से तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें। इसी प्रकार पंचायत क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष भी कांग्रेस कार्यकर्तागण एवं कांग्रेस विचारधारा के समर्थकों की सूची जिला पार्षद सदस्य, मुखिया, उप-मुखिया, पंसस व वार्ड सदस्य की सूची तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें। बैठक में अगामी 8 मार्च को भव्य होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



## धारा 144 की सूचना के बावजूद निर्माण कराए जाने का विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड दो के गम्हरिया डीवीसी मोड़ के समीप विधि डेवलपर की ओर से बनाए गए विनायक गार्डन में एक जमीन पर धारा 144 लगाने के लिए मिले नोटिस के बाद भी बिल्डर द्वारा निर्माण कराए जाने का सोसायटी के लोगों ने विरोध किया है। सोसायटी के निवासी नितेश कुमार, कैलाश सिंह, विनोद पांडेय, अरविंद सिंह, मनोज कुमार सिंह व पिंटू कुमार सिंह आदि ने बताया कि बिल्डर के मनमाने रवैया से कॉलोनीवासी त्रस्त हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डर ने जिस जमीन को पूजा स्थल बता कर फ्लैट बेचा था, उस जमीन पर कामर्शियल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में एसडीएम कोर्ट में शिकायत की गई है। उक्त शिकायत के आलोक में एसडीएम कोर्ट ने धारा 144 के तहत वाद दायर कर आगामी 11 मार्च को सुनवाई हेतु बिल्डर को तलब किया है। इसके बावजूद बिल्डर द्वारा गैर कानूनी तरीके से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उन्होने बताया कि वह जमीन झारखंड सरकार की है जिस पर कब्जा कर बिल्डर द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इसकी शिकायत गम्हरिया के अंचल अधिकारी से भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि फ्लैट बेचने के समय बिल्डर ने पानी, पार्क, गार्डन आदि का सब्जबाग लोगों को दिखाया था। किन्तु, उसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। गत वर्ष भी बिल्डर द्वारा अपर्याप्त पानी आपूर्ति के मामले को लेकर सोसायटी के लोगों ने एसडीएम कोर्ट में शिकायत वाद दायर किया था। लेकिन बिल्डर उसकी सुविधा नहीं दे रहें हैं और सोसायटी के लोग खुद पानी खरीदकर उपयोग कर रहें हैं। इस बावत बिल्डर संजय सिंह ने बताया कि यह मेरी निजी जमीन है जो विनायक गार्डन में नहीं आती है। उन्होंने आगामी 11 मार्च को एसडीएम के पास अपना पक्ष रखने की बात बताई है।






जुगसलाई की 6 साल की अमायरा खान ने अपना पहला रोजा रखा और नमाज पढ़ा। वह अपने परिवार के साथ दुआ में शामिल हुई।

## टाटा जू में दो तेंदुआ शावकों और एक मैंड्रिल बंदर शिशु का जन्म

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा जू में दो तेंदुआ शावकों (जो अभी मां के साथ हैं, इसलिए उनका लिंग स्पष्ट नहीं है) और एक नर मैंड्रिल बंदर शिशु का जन्म हुआ है। यह खबर न केवल जू के लिए गर्व की बात है, बल्कि जैव विविधता संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। ये नन्हे तेंदुआ शावक हाल ही में नागपुर जू से टाटा जू लाए गए तेंदुआ जोड़े की संतान हैं। यह जन्म प्रजाति संरक्षण और प्रबंधन के लिए चल रहे सहयोगी प्रयासों को और मजबूत करता है, जो वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तेंदुआ और मैंड्रिल बंदर शावकों का यह जन्म टाटा जू की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो संकटग्रस्त प्रजातियों को सुरक्षित और अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए समर्पित है। जू में इन दुर्लभ जीवों को संतुलित पोषण, बेहतरीन चिकित्सा देखभाल और ऐसा समृद्ध आवास दिया जा रहा है, जो उनके प्राकृतिक परिवेश के समान हो, ताकि वे स्वस्थ और सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें।





## जमशेदपुर में मुद्रा संबंधित मामलों पर आरबीआई पटना की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 1 मार्च को मुद्रा संबंधी मामलों पर जमशेदपुर के टाउन हॉल में एक बैठक आयोजित कर वित्तीय जागरूकता और जनसंपर्क को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। बैठक की अध्यक्षता आरबीआई पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने की। इस अवसर पर महाप्रबंधक विनीता टोपनो, बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक मनोज कुमार, एसबीआई के उप महाप्रबंधक संजीव कुमार नाथ, बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक एपी दास, और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख आरसी गोयल भी मौजूद थे। कार्यक्रम में अन्य बैंकों के विभिन्न अधिकारियों के साथ और आम जनता ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे मुद्रा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर खुली चर्चा के लिए एक मंच मिला।



टाउन हॉल में मुद्रा संबंधी मामलों जैसे फटे हुए नोटों के आदान-प्रदान, नोट एवं सिक्का विनिमय मेलों के आयोजन और स्वच्छ मुद्रा संचलन सुनिश्चित करने में आरबीआई की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अलावा 2000 के नोट को बदलने की प्रक्रिया और जाली नोट के विषय पर बात हुई। 2000 के नोट को बदलने के लिए लोग आरबीआई निर्गम कार्यालय जा सकते हैं और सुरक्षित डाक के माध्यम से भी नोट भेज सकते हैं।

## जमशेदपुर : श्रमिकों के लिए एक आदर्श शहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदजी की दूरदृष्टि सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं थी, वे मानते थे कि किसी भी महान उद्योग की नींव उसके श्रमिकों की खुशहाली पर टिकी होती है। उस दौर में जब श्रम अधिकारों पर दुनिया भर में चर्चा तक नहीं होती थी, उन्होंने कम कार्य घंटे, हवादार कार्यस्थल और भविष्य निधि एवं ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं सुनिश्चित कर एक मिसाल कायम की।

लेकिन उनकी सोच इससे भी आगे थी। 1902 में इस्पात संयंत्र के लिए अंतिम स्थान चुनने से पांच साल पहले उन्होंने अपने बेटे दोराबजी टाटा को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने केवल एक कारखाने की नहीं, बल्कि एक आदर्श श्रमिक-नगर की परिकल्पना की। एक ऐसा शहर, जहां श्रमिक सिर्फ काम ही नहीं करें, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन जी सकें।

चौड़ी सड़कों के दोनों किनारों पर घने छायादार पेड़ लगाएं, जिनके बीच तेज़ी से बढ़ने वाली प्रजातियाँ हों। बाग-बगीचों और हरे-भरे लॉन के लिए पर्याप्त खुली जगह रखें। फुटबॉल, हॉकी और पार्कों के लिए विशाल मैदान आरक्षित करें। हिंदू मंदिरों, मुस्लिम मस्जिदों और ईसाई चर्चों के लिए भूमि आवंटित करें, ताकि हर धर्म और समुदाय को समान सम्मान मिले।÷

जमशेदजी की यह दूरदृष्टि सिर्फ शब्दों तक सीमित नहीं रही, बल्कि हकीकत का रूप लेकर जमशेदपुर के रूप में साकार हुई। उनके सम्मान में बसाया गया यह शहर उनके प्रगतिशील औद्योगिकीकरण और सुनियोजित नगरीय विकास की जीवंत मिसाल है।

**एक विरासत जिसने आधुनिक भारत की नींव रखी**

जमशेदजी टाटा का जीवन औद्योगिक प्रगति, शिक्षा और सामाजिक कल्याण को समर्पित था। उनकी दूरदृष्टि ने भारत के पहले इस्पात संयंत्र, जलविद्युत परियोजनाओं और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों की नींव रखी। भले ही वे अपने सपनों को पूरी तरह साकार होते न देख सके, लेकिन उनकी सोच और संकल्प ने आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया, जिससे वे केवल एक उद्योगपति नहीं बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता बन गए।

## एनआईटी ने ग्रीन क्रेडिट और उत्पाद इकोमार्क-लेबलिंग पर ए-एमडीपी का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर ने रविवार को को ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम और उत्पाद इको-लेबलिंग प्रमाणन पर 5 दिवसीय उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम (ए-एमडीपी) का उद्घाटन किया। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा प्रायोजित, कार्यक्रम का लक्ष्य 25 उद्योग पेशेवरों को सस्टेनेबिलिटी, हरित क्रेडिट और इको-मार्क प्रमाणीकरण में कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम में डॉ. एस रंगनाथन (एमओईएफसीसी विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति), प्रो. राजेश कुमार तिवारी (निदेशक, आरवीएससीईटी जमशेदपुर), प्रो. आरवी शर्मा (उप निदेशक, एनआईटी जमशेदपुर), प्रो. एमके सिन्हा (डीन, आर एंड सी), और डॉ. एनके राय (रजिस्ट्रार, एनआईटी जमशेदपुर) उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सीएम राव, डॉ. दिनेश कुमार और डॉ. नवीन कुमार वेल्दुरथी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रो. रंगनाथन ने सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने में हरित ऋण और इको-लेबलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। पांच दिनों में, प्रशिक्षु विशेषज्ञ व्याख्यान और रीसाइक्लिंग प्लांट के औद्योगिक दौरे के माध्यम से कार्बन और ग्रीन क्रेडिट सिस्टम, अपशिष्ट प्रबंधन, परिपत्र अर्थव्यवस्था और पर्यावरण-प्रमाणन में ज्ञान प्राप्त करेंगे।



विचार प्रवाह

संपादकीय

# शिवधाम परियोजना की आस्था

साझे सपनों की इबारत को जिंदा रखेंगे, तो हिमाचल का फर्ज, हिमाचल का कर्ज उतारेगा। जाहिर तौर पर मंडी शिवरात्रि महोत्सव में सरकार को सपनों का पुण्य कमाते भी देखा। यह पुण्य देवताओं का नजराना बढ़ाते हुए परंपराओं के संरक्षण की आरती उतारता है, तो शिवधाम जैसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना का फर्ज भी उतारती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जिस पल का इंतजार मंडी की जनता कर रही थी, उसके मायनों को शिवरात्रि ने गहना बनाया। अंततः शिवधाम निर्माण के किवाड़ खोलने के लिए सौ करोड़ की राशि का तिलक लगाया जा रहा है। यह परियोजना जाहिर तौर पर एक सपना था, भले ही इसे तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ने मंडी की जनता के साथ साझा किया था। ये परियोजनाएं किसी न किसी दौर की गवाह रहेंगी, लेकिन सरकारें अगर निरतंरता से आगे बढ़ती हैं, तो राज्य के संकल्प पूरे होंगे। सियासी वैमनस्य का कोई खिताब नहीं होता, लेकिन राज्य की सूरत में हर बदलाव एक पुरस्कार है। बेशक शिवधाम जैसी परियोजना में सुक्खू सरकार की आहुति पुण्य कमा रही है, लेकिन एक विवेचन यह भी होना चाहिए कि क्यों पिछली सरकारें सत्ता बदलते ही पूर्व की परियोजनाओं और योजनाओं की हजामत करने में जुटी रहीं। सत्ता की रोशनी में एक जगह में स्थापित कार्यालय दूसरे स्थान पर बदल दिए जाते हैं या इंसाफ की पटरियों का सफर रोक दिया जाता है। अगर पूर्व सरकारों के कार्यों का ऑडिट किया जाए, तो मालूम हो जाएगा कि कई अधूरी इमारतें और योजनाओं के सिरे किस तरह राजनीति के शिकार हो गए। सरकारों के अहम पद, क्षेत्रों की अहमियत में प्रदर्शित होते हैं, जबकि प्रदेश तो 68 विधानसभा क्षेत्रों को एक जैसे ढांचे में आने से बनता है। ऐसे में अगर मंडी की एक परियोजना के सियासी पिंजरे तोड़े जा रहे हैं, तो यही मेहरबानी केंद्रीय विश्वविद्यालय की तकसीम में जदरांगल परिसर पर भी होनी चाहिए। ऐसी बहुत सारी अर्जियां शिमला और दिल्ली सरकारों के बीच टकरा रही हैं। कमोबेश हर परियोजना की प्रस्तावना राज्य द्वारा लिखी जाती है, लेकिन वित्तीय पोषण का ख्याल केंद्र को रखना है। हिमाचल अगर आज प्रगतिशील राज्यों की कतार में टॉप टेन में है, तो यह तालमेल शिमला से दिल्ली को एकसाथ जोड़ता है। हम अगर कुछ कर पाए तो केंद्र ने खर्च का नब्बे प्रतिशत और राज्य ने दस फीसदी अदा किया, लेकिन अब शिकायतें इसलिए बढ़ रही हैं, क्योंकि दिल्ली पहाड़ी राज्य होने के मापदंडों से प्राथमिकता नहीं दे रहा। बहुत सी वित्तीय शर्तें और पैगाम ऐसे भी हैं जो संकीर्णता का दबाव बढ़ाने लगे हैं। स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं में वित्तीय पोषण में केंद्र ने अपनी भागीदारी 50 फीसदी कर ली या राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों की स्थापना में शर्तों का ताज कांटों भरा हो गया। खास तौर पर भू-अधिग्रहण की जिम्मेदारी से यह प्रदेश कुचला जा रहा है। रेलवे विस्तार परियोजनाओं में भू-अधिग्रहण का वर्तमान फार्मूला बदलना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियन विकास बैंक परियोजनाओं में पैदा हो रही खींचतान को सार्थक निष्कर्ष तक लाना होगा। कुछ मंजूर परियोजनाओं में हो रहे बदलाव पर रोक इसलिए लगाई जा रही है, क्योंकि इसमें अतीत का वर्तमान से संघर्ष है। अगर पूर्व सरकार ने एक परियोजना को अमलीजामा पहनाने की कसरत में योगदान किया है, तो वर्तमान को चिन्हित राहों का सम्मान करना होगा या उसी को बेहतर अंजाम तक पहुंचाना होगा। करीब 1600 करोड़ के प्राजेक्ट इसलिए हवा में झूल रहे हैं क्योंकि एक पिछली सरकार की डीपीआर थी और अब उसी के अंदाज को बदला गया है। यह बहस राज्य का मालिक कौन में बदल गई, तो नुकसान भी राज्य का ही होगा। जाहिर है आगे कुछ करने के बजाय पीछे जहां तक हुआ, उसमें विरोधाभास की गठरी नजर आ रही है। इसमें समय और संदेह के कारण कई विराम आ सकते हैं। ये आर्थिक विराम हैं जो पुरानी फाइलों को नए मंतव्यों से लड़ता देख रहे हैं। अगर सरकार की न या किसी परिवर्तन में जिरह है, तो इस पर बहस या सहमति बनाने के लिए उसी की जिम्मेदारी है, वरना विकास के लक्ष्य उपेक्षाओं के खिलजी बने नजर आएंगे।

जाहिर तौर पर मंडी शिवरात्रि महोत्सव में सरकार को सपनों का पुण्य कमाते भी देखा। यह पुण्य देवताओं का नजराना बढ़ाते हुए परंपराओं के संरक्षण की आरती उतारता है, तो शिवधाम जैसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना का फर्ज भी उतारती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जिस पल का इंतजार मंडी की जनता कर रही थी, उसके मायनों को शिवरात्रि ने गहना बनाया। अंतत: शिवधाम निर्माण के किवाड़ खोलने के लिए सौ करोड़ की राशि का तिलक लगाया जा रहा है। यह परियोजना जाहिर तौर पर एक सपना था, भले ही इसे तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ने मंडी की जनता के साथ साझा किया था। ये परियोजनाएं किसी न किसी दौर की गवाह रहेंगी, लेकिन सरकारें अगर निरतंरता से आगे बढ़ती हैं, तो राज्य के संकल्प पूरे होंगे। सियासी वैमनस्य का कोई खिताब नहीं होता, लेकिन राज्य की सूरत में हर बदलाव एक पुरस्कार है। बेशक शिवधाम जैसी परियोजना में सुक्खू सरकार की आहुति पुण्य कमा रही है, लेकिन एक विवेचन यह भी होना चाहिए कि क्यों पिछली सरकारें सत्ता बदलते ही पूर्व की परियोजनाओं और योजनाओं की हजामत करने में जुटी रहीं। सत्ता की रोशनी में एक जगह में स्थापित कार्यालय दूसरे स्थान पर बदल दिए जाते हैं या इंसाफ की पटरियों का सफर रोक दिया जाता है।


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस युद्ध को एक मिलिट्री ऑपरेशन बताते गए 72 घंटे में पूरे यूक्रेन पर कब्जा कर लेने का दवा किया था

# चौथा साल चल रहा पर रूस जीता ना यूक्रेन हारा

राजेश जैन

रूस और यूक्रेन के हजारों नागरिकों और सैनिकों ने इस युद्ध में अपनी जान गंवाई है। दोनों की अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ा है। लगभग 1100 दिनों की इस जंग ने मानवता को न भरने वाले घाव और कड़वी यादें दी हैं। आज यहां हम चर्चा करेंगे कि युद्ध कैसे शुरू हुआ और इसके कारण दोनों देशों को क्या खोना पड़ा। यूक्रेन के सोवियत संघ से अलग होने के बाद से, रूस और पश्चिम देश, दोनों इस क्षेत्र में सत्ता संतुलन को अपने पक्ष में रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दरअसल यूक्रेन से सटा काला सागर रूस को कई भू-राजनीतिक फ़ायदे देता है।

करीब तीन साल पहले रूस की सेना ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उस युद्ध को एक मिलिट्री ऑपरेशन बताते गए 72 घंटे में पूरे यूक्रेन पर कब्जा कर लेने का दवा किया था। लेकिन तीन साल पूरे होने के बाद अब चौथा साल चल रहा है। इसके बावजूद युद्ध में ना रूस जीता है और ना ही अभी तक यूक्रेन हारा है। सवाल यह नहीं है कि इस जंग में कौन सही कौन गलत? लेकिन दूसरे विश्व युद्ध के बाद अब तक के सबसे बड़े और विनाशकारी युद्ध में दोनों देशों में भारी तबाही मची है। रूस और यूक्रेन के हजारों नागरिकों और सैनिकों ने इस युद्ध में अपनी जान गंवाई है। दोनों की अर्थव्यवस्था पर भी भारी असर पड़ा है। लगभग 1100 दिनों की इस जंग ने मानवता को न भरने वाले घाव और कड़वी यादें दी हैं। आज यहां हम चर्चा करेंगे कि युद्ध कैसे शुरू हुआ और इसके कारण दोनों देशों को क्या खोना पड़ा। यूक्रेन के सोवियत संघ से अलग होने के बाद से, रूस और पश्चिम देश, दोनों इस क्षेत्र में सत्ता संतुलन को अपने पक्ष में रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दरअसल यूक्रेन से सटा काला सागर रूस को कई भू-राजनीतिक फ़ायदे देता है। पश्चिमी देशों और रूस के बीच यूक्रेन बफ़र ज़ोन है। ऐसे में पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी आंदोलनों को रूस का समर्थन मिला और 2014 में रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया। इसके बाद अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन के समर्थन में उतर आए। रूस से सुरक्षा के लिए यूक्रेन नेटो का सदस्य बनना चाहता था। इसको लेकर विवाद बढ़ा तो फरवरी 2022 में, रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। कुल मिलकर रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने विश्व को एक नए युग की ओर धकेल दिया है, जहां शक्ति की लड़ाई और राजनीतिक हितों की टकराहट ने मानवता को खतरे में डाल दिया है।



**हजारों मरे, लाखों बेघर, यूक्रेन के 18 फीसदी भूभाग पर रूस का कब्जा :** इस आक्रमण के परिणाम स्वरूप, यूक्रेन के कई शहरों में व्यापक विनाश हुआ, हजारों ने जान गंवाई और लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। 24 फरवरी 2022 को जंग की शुरुआत के बाद यूक्रेन की 11 फीसदी जमीन पर रूस ने कब्जा कर लिया है। लेकिन अगर साल 2014 से तुलना करें तो रूस यूक्रेन के 18 फीसदी भूभाग पर कब्जा कर चुका है। गत 8 दिसंबर को यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने एक टेलीग्राम पोस्ट में घोषणा की थी कि फरवरी 2022 में युद्ध की शुरुआत के बाद से युद्ध के मैदान में 46,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन के अनुसार 24 फरवरी 2022 के बाद से इस जंग में 12,654 से अधिक पुरुषों, महिलाओं, लड़कियों और लड़कों की हत्या हो चुकी है जबकि लगभग 30,000 लोग घायल हुए हैं। 84 प्रतिशत मौतें यूक्रेनी सरकार के नियंत्रण वाले क्षेत्र में हुई हैं। जंग से 42 हजार लोग प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों के अनुसार यूक्रेन में अभी 20 लाख लोग बिना घर के रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के 2024 के अंत तक के आंकड़ों के अनुसार, यूरोप में 6.3 मिलियन से अधिक यूक्रेनी शरणार्थी रह रहे हैं, जिनमें जर्मनी मे लगभग 1.2 मिलियन, पोलैंड में लगभग 1 मिलियन और चेक गणराज्य में 390,000 शामिल हैं। जून 2024 तक संयुक्त राष्ट्र के नवीनतम अनुमान के अनुसार, रूसी फेडरेशन में 1.2 मिलियन यूक्रेनी शरणार्थी रह रहे थे। अनुमान है कि 10 मिलियन से ज़्यादा यूक्रेनियन अभी भी विस्थापित हैं।

**सुपर पावर के रूप में बनी रूस की प्रतिष्ठा को धक्का :** इस जंग से सुपर पावर के रूप में बनी रूस की प्रतिष्ठा को भी काफी धक्का पहुंचा है। रूस में युवा जंग नहीं लड़ना चाहते हैं। जबरन भर्तियां करनी पड़ रही है और भाड़े के सैनिकों का सहारा लेना पड़ा रहा है। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट भी आई थी कि नौकरी करने के लिए रूस गए भारतीयों को ठगी के जरिये जंग लड़ने के लिए भेजा जा रहा है। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय का दावा है कि 2024 में युद्ध में 4,30,790 रूसी सैनिक मारे गए या घायल हुए जबकि रूसी मीडिया कम से कम 31,481 रूसी सैनिकों की मृत्यु की पुष्टि कर रहा है। अन्य स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार रूस की सेना के लिए लड़ने वाले 95,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसमें वे लोग शामिल नहीं हैं जो स्वघोषित डोनबास गणराज्यों के मिलिशिया में लड़ते हुए मारे गए। उनकी संख्या 21,000 से 23,500 के बीच बताई जाती है।

**दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अरबों-खरबों डॉलर का नुकसान :** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे जंग की वजह से हुए आर्थिक नुकसान अरबों-खरबों में है। विश्व बैंक और यूक्रेन सरकार के अनुमान के अनुसार 2023 तक, यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को लगभग 150 अरब डॉलर (लगभग 12.5 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान होने का अनुमान था। 2024 के अंत तक यह आंकड़ा और बढ़ गया है, कुछ विशेषज्ञ पुनर्निर्माण लागत सहित इसे 400-500 अरब डॉलर तक आंकते हैं। 2022 में यूक्रेन की जीडीपी 35-40% तक सिकुड़ गई थी, और 2023-2024 में इसमें मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अभी भी युद्ध-पूर्व स्तर से बहुत नीचे है। रूसी बमबारी में ध्वस्त सड़कें, पुल, स्कूल, अस्पताल, और नष्ट बिजली प्लांट के पुनर्निर्माण के लिए अरबों डॉलर चाहिए। हालांकि रूस का नुकसान यूक्रेन जितना प्रत्यक्ष नहीं है पर उसको भी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के 2023 के एक अनुमान के अनुसार, रूस ने युद्ध में सेना, हथियार और लॉजिस्टिक्स पर 211 अरब डॉलर (लगभग 18 लाख करोड़ रुपये) खर्च किए थे। 2025 तक यह राशि 300 अरब डॉलर से ज़्यादा हो सकती है। पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों से रूस की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा। 2022 में उसकी जीडीपी 2-3% घट गई। नुकसानों को जोड़ा जाए, तो रूस-यूक्रेन युद्ध से अब तक 1-1.5 खरब डॉलर (लगभग 80-125 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है। यह राशि भारत के सालाना बजट से कम से कम दोगुना बैठती है।

दृष्टि कोण

# नशा : सामाजिक-पारिवारिक जिम्मेदारी

जैसे चींटी चाट-चाट कर चीनी को चट कर जाती है, वैसे ही चिट्टा भी चाट-चाट कर समाज को चट कर रहा है। और उधर नशा करने वाले हैं कि मानते ही नहीं। लगता है जैसे वे अकबर इलाहाबादी के इस शे'र के मुरीद बन बैठे हैं- 'हंगामा है क्यूं बरपा थोड़ी सी जो पी ली है, डाका तो नहीं डाला चोरी तो नहीं की है।' वे नहीं मानना चाहते कि नशे की तलब ही ऐसी है कि आज का चुल्लू भर नशा कल भंवर बन कर उनका सब कुछ लील लेगा। खबरें खुलासा करती हैं कि हिमाचल में कोई तहसील कल्याण अधिकारी, कोई डॉक्टर, कोई वकील, कोई पुलिस, कोई पटवारी, कोई नेता, कोई इंजीनियर, कोई अध्यापक चिट्टे के कारोबार में संलिप्त हैं। न पुरुष बचा है, न महिला, न युवक बचा है, न युवती। तो फिर बचा कौन है? बचा कोई नहीं है। जब बचा कोई नहीं है, तो किस पर भरोसा करें, किस पर संदेह। किसे पकड़ें, किसे छोड़ें। नशे से ग्रस्त व त्रस्त समाज की जो स्थिति है वो फिल्म 'उड़ता पंजाब' के उस संवाद की याद दिलाती है जिसमें एक चाय वाला कहता है, 'अब चाय कौन पीता है। पड़े होंगे खंडहरों में नशेड़ी...।' जहां मां-बाप एक-एक पैसा जोड़ कर अपने बच्चों के भविष्य के सपने देखते हैं, वहीं नशे में डूबे हुए ये बच्चे नशे की एक-एक बूंद से, ड्रग्ज की एक-एक सांस से, खैनी या जर्दे की एक-एक चुटकी से उन सपनों को ध्वस्त करने में लगे हैं। सूरत-ए-हाल बयां करती है कि नशा समाज में बेइंतहा कालिमा और मातम पसार रहा है। नशे से जुड़ी घटनाओं की जो दृश्यावली हमारे सामने है, वो रौंगटे खड़े कर देती है। इस पस-मंजर में सईद कैस साहब का शे'र मौजूं जान पड़ता है- 'ये वाकिआ मिरी आंखों के सामने का है, शराब नाच रही थी गिलास बैठे रहे।' बात केवल चिट्टे की नहीं है, बल्कि समाज में व्याप्त हर मादक व्यस्न की है, जिससे गुजरते हुए नशेड़ी चिट्टे तक पहुंचता है। आज से 12 वर्ष पहले स्टार प्लस टीवी चैनल पर 'सत्यमेव जयते' कार्यक्रम में देश के महशूर बिजनेस पत्रकार विजय सिन्हा द्वारा दिए गए इंटरव्यू को जरूर देखिए। इसमें वे बताते हैं कैसे शराब की लत ने उन्हें बर्बाद कर दिया था और उनके पिता जी ने उन्हें खत में ये तक लिख दिया था, 'तुम्हें पुत्र के रूप में पाना एक अभिशाप है।' हालांकि वे बाद में आम जीवन में लौट आए, परंतु कम लोग ही नशे के गर्त से लौट पाते हैं। उनकी आप-बीती बताती है कि नशेड़ी क्या-क्या करता है और नशा उससे क्या-क्या करवाता है। आज हर माता-पिता की पहली चिंता यह है कि उनकी संतान कहीं नशे की शिकार न हो जाए। नशा माता-पिता, समाज, सरकार व कानून व्यवस्था के लिए शूल बना हुआ है। सवाल यह भी है कि आज इतनी भयावह स्थिति तक हम कैसे पहुंचे। यह कहना तो आसान है कि कानून या सरकार जिम्मेदार है, परंतु सनद रहे कि समाज के सहयोग के बगैर कोई भी बुराई न मिट सकती है, न पनप सकती है। यदि ठंडे दिमाग व गंभीरता से सोचा जाए, तो यह बात सामने आएगी कि नशे के लिए समाज व परिवार भी जिम्मेदार हैं। जब समाज किसी विकृति व व्यसन को आम समझ कर नजरअंदाज कर देता है या संरक्षण देता है, तो उस समाज का उस विकृति व व्यसन से त्रस्त-ग्रस्त होना अवश्यंभावी है। नशाखोरी के मामले में भी ऐसा ही हुआ और स्थिति आज सबके सामने है। अमूमन ऐसा होता है कि घर का बड़ा किसी बच्चे को बीड़ी-सिगरेट खरीदने दुकान भेजता है। इस प्रक्रिया में बच्चे के मन में इन धूम्रदंडिकाओं के चमत्कार के प्रति उत्कंठित होना स्वाभाविक है। और जब बीड़ी और सिगरेट के कश खींचता हुआ घर का कोई बड़ा बच्चे को बीड़ी-सिगरेट न पीने की नसीहत देता है, तो समझा जा सकता है कि बच्चा इनके कुप्रभाव को कैसे लेता है। धुआं उगलती इन दंडिकाओं के प्रति बच्चे के मन में उपजी उत्कंठा का शमन बहुतायत तब तक नहीं होता, जब तक वह खुद इन दंडिकाओं से दो-चार कश स्वयं नहीं खींच लेता। फिर यह कार्यक्रम नियमित तौर पर चल पड़ता है। दो-चार कश से पूरी दंडिका, दंडिका से पूरी डिबिया या बंडल का सिलसिला निकल पड़ता है। बीड़ी-सिगरेट से होते हुए सफर तंबाकू, खैनी, चरस और बोतल तक जाता है। बोतल से निकलकर सफर का अगला व सबसे नूतन पड़ाव चिट्टा आता है। शादियों या अन्य समारोहों में सार्वजनिक रूप से मदिरापान करने वालों की काफी आवभगत होती है। नशा न करने वालों को कुछ मिले न मिले, कोई बात नहीं, परंतु मदिरा पीने वालों के लिए बतौर-ए-खास मांस, चटपटा चना, सलाद, पकौड़ा इत्यादि परोसा जाता है। जाहिर है ऐसा दृश्य देख हमारे बच्चे नशे को अद्भुत चीज समझ कर इस ओर आकृष्ट हो जाते हैं। परिणामस्वरूप जिज्ञासावश लिया गया नशे का पहला घूंट बाद में लत में बदल जाता है। चिंता का विषय है कि ड्रग्ज का जहर महाविद्यालयों से होकर स्कूलों में पढ़ रहे मासूमों की रगों तक पहुंच रहा है।

कुछ अलग

# नक्शे-कदम पर...

नेताजी ने जनसंपर्क अभियान चलाया और उनकी उपलब्धियों व कारनामों की डुगडुगी हर गांव, हर मोहल्ले में बजने लगी। नेताजी के चेले चांटे पब्लिक से नेता जी के नक्शे कदम पर चलकर एक खुशहाल समाज की परिकल्पना को साकार करने की अपील करने लगे। पब्लिक को अपील जच गई और मैं भी अपील का कायल हो गया। मैंने इस अपील को हाथों-हाथ लेते हुए नेताजी के नक्शे कदम पर चलने की ठान ली और पूरी तैयारी से मैदान में उतर गया। मैदान में उतरते ही मैंने अपनी शतरंज बिछा दी और सारे मोहरे फिट कर दिए। फिर चौसर पर गेम खेलना शुरू की। सबसे पहले नेताजी के अतीत का गहराई से अध्ययन किया। इस अध्ययन से प्रेरणा ली। फिर नेताजी के वर्तमान स्थिति तक पहुंचने का सूक्ष्म अध्ययन किया। कभी नेताजी के लंगोटिया यार रहे लोगों से संपर्क साधा। यानी नेताजी के नक्शे कदम पर चलने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को तैयार कर लिया। क्योंकि मैं बचपन से ही दूरदर्शी भी था, इसलिए मैंने सबसे पहले समान विचारधारा के कुछ लोग इक्ट्ठे किए। उन्हें भाषण दिए। उनके भीतर जोश भरा और मैं उन लोगों का सरगना बन गया। मैंने उन्हें सारे पाप और पुण्य कर्म एक साथ करने की शपथ दिलाई। सब ने शपथ ले ली। पहले हमने अवैध खनन के काम पर हाथ डाला। उस कमाई का हिस्सा बड़े अधिकारियों और बड़े लीडरों तक पहुंचाया। हमें उनका वरदहस्त मिला। हमारा काम चल निकला और हमने खुलेआम सारी नदियां और पहाड़ खोखले करने शुरू कर दिए। देखते ही देखते हम खनन किंग बन गए। इसके बाद हम शराब के कारोबार में कूद गए। हमने असली और नकली शराब के बीच का भेद खत्म कर दिया। यानी शराब के ऐसे-ऐसे मिश्रण तैयार किए कि लोगों को भी थोड़ा सस्ती शराब मिली और हमारे ऊपर भी लक्ष्मी मेहरबान हो गई। राजनीति में भी हमारा प्रभाव बराबर बढने लगा। बड़े-बड़े दिग्गज नेता हमें अपनी कार में बिठाकर सचिवालय तक ले जाने लगे और खुद कार का दरवाजा खोलने लगे। इससे पब्लिक और ब्यूरोक्रेसी में एक जबरदस्त मैसेज गया कि हमारा चारों तरफ डंका बजता है और सरकार हमारे मुट्ठी में है। इस मैसेज ने हमारी प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए। हमने तबादले करवाने और रुकवाने के नाम पर भी सरेआम धन अर्जित करना शुरू किया। यह धन फिर हमने स्विस बैंकों में जमा करवाना शुरू कर दिया। राजधानी में अलग-अलग दलों के दिग्गज नेताओं को महंगे-महंगे गिफ्ट देना शुरू किए ताकि किसी एक दल से चुनाव में टिकट का जुगाड़ हो जाए। बड़े-बड़े दलों के दिग्गज नेताओं के करीबियों में हम शुमार हो गए। रात को हम किसी नेता की पार्टी में बुलाए जाने लगे और दिन को हम किसी दूसरे दल के नेता की पार्टी में शामिल होने लगे। यानी हमारी चारों उंगलियां घी में और सिर कड़ाही में तैरने लगा। अभी तक हम इसी काम में लगे हुए हैं और हमारे चेले-चांटे पब्लिक तक यह मैसेज पहुंचाने में लगे हैं कि अगर हम चुनाव जीत गए तो पब्लिक को स्वर्ग में रहने की फीलिंग मिलेगी और नरक को इस धरती से भगा दिया जाएगा। कोई बेरोजगार नहीं रहेगा। कोई भूखा नहीं सोएगा। हर महिला के बैंक अकाउंट में हर महीने की पहली तारीख को हमारी तरफ से पैसे आए करेंगे। हर बेरोजगार को गारंटी के साथ रोजगार मिलेगा। खनन माफिया, शराब माफिया और तबादला माफिया को जड़ से उखाड़ कर पब्लिक को राहत दिलाई जाएगी।

देश दुनीया से

# भुखमरी-कुपोषण रोकने के उपाय

भारत विडंबनाओं से भरा देश है। इन्हीं में से एक है मोटापा और भुखमरी। इनमें एक जुड़ाव भी है। एक तरफ अनावश्यक और अत्यधिक खाने से बढने वाला मोटापे से होने वाली बीमारियां राष्ट्रव्यापी समस्या बनती जा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ आबादी का एक बड़े हिस्सा दो वक्त का भरपेट भोजन नसीब नहीं होने से कुपोषित होकर रोगग्रस्त हो रहा है। यदि मोटापा खत्म या नियंत्रित हो जाए तो इससे भुखमरी व कुपोषण के लिए धन की कमी पूरी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात की 119वीं श्रृंखला में देश में बढ़ती मोटापे की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और भारत में मोटापे की व्यापकता पर ध्यान देने की तत्काल आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर छोटे-छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं। जैसे एक तरीका है कि खाने के तेल में 10 पर्सेंट की कमी करना। भोजन में खाद्य तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री ने देश के दस प्रसिद्ध लोगों को नॉमिनेट किया। मोटापा सिर्फ सेहत का मसला नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। एक नई स्टडी के अनुसार भारत में मोटापे का आर्थिक बोझ 2030 तक बढक़र 6.7 लाख करोड़ रुपए प्रति वर्ष हो जाएगा। यह लगभग 4700 रुपए प्रति व्यक्ति होगा, जोकि जीडीपी का 1.57 फीसदी है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, 2019 में मोटापे का आर्थिक प्रभाव 2.4 लाख करोड़ रुपए था। यह लगभग 1800 रुपए प्रति व्यक्ति और जीडीपी का 1.02 फीसदी था। 2060 तक यह आंकड़ा बढक़र 69.6 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जो प्रति व्यक्ति 44200 रुपए और जीडीपी का 2.5 फीसदी होगा। यह स्टडी बताती है कि मोटापा सिर्फ एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार पुरुषों और महिलाओं में क्रमशः 44 प्रतिशत और 41 प्रतिशत लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पिछले सर्वेक्षण में यह आंकड़ा क्रमशः 37.7 फीसदी और 36 फीसदी था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व मोटापा महासंघ ने कहा कि भारत में दुनिया में मोटे व्यक्तियों का तीसरा सबसे बड़ा प्रतिशत है। किसी व्यक्ति को तब मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है जब उसका बीएमआई 27.5 से अधिक हो। पिछले 10 वर्षों में, भारत की मोटापे की दर लगभग तीन गुनी हो गई है, जिसका असर देश की शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी पर पड़ रहा है। मोटापे का वैश्विक संकट सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में मोटापे की दर अधिक है, जो देश के तेज आर्थिक विस्तार और बदलती जीवन शैली मानकों के साथ मेल खाता है। भारत में 100 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से जूझ रहे हैं। भारत में 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं पेट के मोटापे से ग्रस्त हैं। केरल (65.4 प्रतिशत), तमिलनाडु (57.9 प्रतिशत), पंजाब (62.5 प्रतिशत) और दिल्ली (59 प्रतिशत) में यह दर बहुत ज्यादा है। मध्य प्रदेश (24.9 प्रतिशत) और झारखंड (23.9 प्रतिशत) में यह दर कम है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में पहले से ही 14.4 मिलियन बच्चे मोटे हैं। भारत में बचपन में मोटापे के प्राथमिक कारणों में खराब आहार विकल्प, निष्क्रियता और एक गतिहीन जीवन शैली शामिल है। प्रोसेस्ड स्नैक्स और फास्ट फूड की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बच्चे उच्च कैलोरी, कम पोषक तत्व वाले आहार खा रहे हैं, जिससे वजन बढ़ता है और मोटापा होता है। बचपन में मोटापे के परिणाम व्यापक हैं और लंबे समय में बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। मोटे बच्चों को टाइप 2 मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और सांस लेने में कठिनाई जैसी दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं होने का उच्च जोखिम होता है। इसके अतिरिक्त उन्हें निराशा और खराब आत्मसम्मान सहित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का अनुभव होने की अधिक संभावना है, जो उनके सामान्य स्वास्थ्य को खराब कर सकता है। विडंबना यह है कि देश मोटापे से होने वाली चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं कुपोषण की समस्या से भी जूझ रहा है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में 127 देशों में भारत का स्थान 105वां है। हालांकि पिछले सालों की तुलना में इस साल भारत की रैंक में सुधार हुआ है। लेकिन भारत अभी भी गंभीर भूख की समस्याओं वाले देशों में शामिल है। 2024 की रिपोर्ट में भारत का स्कोर 27.3 है जो भुखमरी के एक गंभीर स्तर को दर्शाता है। रिपोर्ट में हाल के वर्षों में भारत में कुपोषण के प्रसार में मामूली वृद्धि का उल्लेख किया गया है। भारत की रैंकिंग अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और बांग्लादेश से पीछे है, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से केवल ऊपर है। श्रीलंका 56, नेपाल 68 और बांग्लादेश 84वें स्थान पर भारत से काफी आगे हैं। भारत में कुपोषण की जो स्थिति है वो किसी से छिपी नहीं है। यहां बहुतों को तो पेट भर खाना भी नहीं मिलता और जिनको मिल भी रहा है उनके भोजन में पोषण की भारी कमी है। इसका खामियाजा नन्हें बच्चों को उठाना पड़ रहा है। भारत को अभी भी बाल कुपोषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें विश्व स्तर पर बच्चों में दुबलापन (18.7 प्रतिशत) सबसे अधिक है। देश में बच्चों के बौनेपन की दर 35.5 प्रतिशत, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 2.9 प्रतिशत और कुपोषण का प्रसार 13.7 प्रतिशत है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में भारत में पोषण की स्थिति गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 31.7 फीसदी बच्चे स्टंटिंग का शिकार हैं। मतलब कि ये बच्चे अपनी उम्र के लिहाज से ठिगने हैं। यह रिपोर्ट 'लेवल्स एंड ट्रेंड इन चाइल्ड मालन्यूट्रिशन 2023' संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और वर्ल्ड बैंक द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई थी। बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा की गई इस रिसर्च के मुताबिक भारतीय किशोर, नीदरलैंड के समान आयु वर्ग के बच्चों की तुलना में 15.2 सेमी ठिगने हैं। इसी तरह यदि वेस्टिंग यानी ऊंचाई के लिहाज से वजन को देखें तो देश में भारत में पांच वर्ष या उससे कम आयु के 18.7 फीसदी बच्चों का वजन उनकी ऊंचाई के हिसाब से कम था। मतलब कि 2020 में इस आयु वर्ग के देश के करीब 2.2 करोड़ बच्चे वेस्टिंग का शिकार थे। मोटापे की समस्या से निपटना बहुत मुश्किल काम नहीं है।

आप का नजरीया

# पाक पीएम का हास्यास्पद दावा

भारत पाकिस्तान के बीच क्या तुलना की जा सकती है? भारत अतुलनीय, ताकतवर, विकसित होता राष्ट्र है, जबकि पाकिस्तान को दुनिया के कई देश 'नाकाम देश' करार दे चुके हैं। फिर भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने छाती ठोंकते, कुछ उछलते, दावा किया है, मुल्क को भरोसा देने की कोशिश की है कि अगर रब ने चाहा, तो एक दिन पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे होगा! हम खूब मेहनत करेंगे, तो इंशाल्लाह हिंदुस्तान से आगे जरूर जाएंगे। पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम की यह गालबजाई हास्यास्पद है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र और संप्रभु देश बने थे, लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पाकिस्तान 45वें स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिलहाल 336 लाख करोड़ रुपए का है, जबकि पाकिस्तान की कुल अर्थव्यवस्था मात्र 32 लाख करोड़ रुपए की है। भारत की अर्थव्यवस्था 10 गुना अधिक है। पाकिस्तान भीख और दान पर जिंदा है। हाल ही में उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 60,000 करोड़ रुपए का उधार मांगा है। कर्ज भारत सरकार पर भी है, लेकिन हमारा प्रधानमंत्री देश-विदेश कर्ज की गुहार लगाता नहीं घूमता। पाकिस्तान कभी चीन, कभी सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात, तो कभी कतर आदि देशों से भीख मांगता रहा है। बदले में उसे मुल्क की जमीन-जायदाद पैसा देने वाले देशों को सौंपनी पड़ती है। वहां वे देश अपनी परियोजनाओं को विस्तार देते हैं। भारत और पाकिस्तान की तुलना किस आधार पर की जा सकती है? भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से भी ज्यादा रही है। बजट में 2025-26 की विकास दर भी 6 फीसदी से अधिक आंकी गई है, जबकि पाकिस्तान की विकास दर मात्र 2.38 फीसदी है। इसमें भी कितनी हकीकत है और कितना फसाना है? भारत सरकार अब भी 81 करोड़ से अधिक नागरिकों में प्रति माह मुफ्त अनाज बांट रही है, जबकि पाकिस्तान में आटे की एक बोरी के लिए भी मारा-मारी मची है। मुद्रास्फीति की दर असहनीय है। लोग अनाज और अन्य रोजमर्रा की चीजों के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे रहते हैं, फिर भी असंख्य हाथ खाली रहते हैं। आजीविका मुश्किल है, तो आबोदाना भी नसीब से ही मिल रहा है। यह पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे बढ़ेगा? पाकिस्तान ने आईएमएफ से जितना उधार मांगा है, उतनी तो भारत सरकार खाद पर सबसिडी दे देती है। लोकसभा में पेश किए गए बजट में संघशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के लिए ही 41,000.07 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कितना भी उछलते रहें या छाती ठोंक लें, लेकिन हजारों साल तक पाकिस्तान भारत को पीछे नहीं कर सकता। उन्होंने यह दावा तब किया है, जब अमरीकी संसद में एक प्रस्ताव रखा गया है कि पाकिस्तान में जम्हूरियत (लोकतंत्र) ही नहीं है। वहां के सेना प्रमुख और आतंकियों में नापाक गठजोड़ है। हुकूमत असहाय है। अमरीकी संसद ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर 'पाबंदी' लगाने तक की बात कही है। भारत के राजनयिक क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच पर पाकिस्तान को न केवल 'नाकाम देश' करार दिया, बल्कि यह भी कहा कि ऐसे देश पर चर्चा करने में परिषद कीमती वक्त बर्बाद कर रही है।

# ग्रामीणों ने एनओसी देने से किया इनकार, आम्रपाली जीएम के विरुद्ध जमकर की नारेबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के टंडवा में संचालित आम्रपाली कोल माइंस विस्तार को ले 7 मार्च को प्रस्तावित लोक जनसुनवाई कार्यक्रम का ग्रामीणों ने किया बहिष्कार कर दिया हैं। आक्रोश ग्रामीणों ने आम्रपाली जीएम के विरुद्ध जीएम होश में आओ, अवैध वसूली नहीं होने देंगे, फर्जी एनओसी लेना बंद करो के नारेबाजी किया। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक के अध्यक्षता मुखिया पति गोपाल महतो और संचालक पंचायत समिति राजेश चौधरी ने किया। बैठक में ग्रामीणों ने आम्रपाली प्रबंधन पर ग्रामीणों को गुमराह कर फर्जीवाड़ा कर शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया हैं। रैयतों ने कहा आम्रपाली परियोजना का 11 वर्ष होने के बाद भी रैयतों ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा रोजी रोजगार नौकरी मुआवजा मिलने के बजाय स्थानीय को मिला कोल वाहनों से बेमौत, धूलकण बीमारी, हक अधिकार मांगने पर फर्जी मुकदमा किया गया हैं। वह पंचायत समिति राजेश चौधरी ने कहा आम्रपाली प्रबंधन ग्रामीणों को हक अधिकार से वंचित रखा हैं। जिसके कारण 7 मार्च को आयोजित जन सुनवाई में ग्रामीणों एनओसी नहीं देंगे। ग्रामीणों के मांग पर हम सभी पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीणों को समर्थन करते हैं। वही मिथुन कुमार सुनील कुमार ने कहा आम्रपाली प्रबंधन यहां के ग्रामीणों रैयतों को रोजी रोजगार से वंचित रखा है। अपने लाभ के लिए माइंस में अवैध वसूली धांधली करा कर अपना स्वार्थ साधे पर लगा है। आम्रपाली प्रबंधन फर्जीवाडा कर के सेरनदाग पोकला सहित अन्य गांवों में फर्जी एनओसी का ग्रामीणों ने शिकायत कर जांच का मांग किया है। हम सभी ग्रामीणों माइंस विस्तार कर बेमौत धूलकण के लिए कभी एनओसी नहीं देंगे। बैठक में ग्रामीणों रैयतों ने पंचायत प्रतिनिधि के साथ चतरा उपायुक्त को लिखित शिकायत सौंपने का निर्णय लिया है। मौके पर सरपंच राजेश चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल महतो, मिथुन यादव, गंगा उरांव ,सुनील भुइंया, बिनोद भुइंया, रामलाल उरांव, अमर यादव, जयराम उरांव, राजेंद्र उरांव, अजय पासवान, प्रदीप यादव, मिथुन यादव, कुलेश्वर उरांव, निर्मल उरांव, विजय उरांव, डब्लू उरांव, सुरेश पासवान, विक्की पासवान, सुनील, झूमन, दिलीप राहुल साजन, अजय, कारू कुमार सहित अन्य सैकड़ो महिला पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसानो को दी गई पायोनियर 27P37 धान की चार विशेषताओ की जानकारी

**डंके की चोट पर पायोनियर 27P37 जैसा कोई धान नही**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** कोर्टेवा एग्रीसाइंस द्वारा प्रखंड के मिश्रौल गाँव में कम्पनी के द्वारा रविवार को किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के जिला प्रतिनिधि निवारण पाण्डेय ने किसानो को बताया कि पायोनियर 27P37 धान 2 नंबर जमीन मे सबसे ज्यादा उपज देने वाला हाइब्रिड धान है, जो कोई भी अन्य कम्पनी के धान से प्रति एकड 3 से 4 क्विंटल ज्यादा ऊपज देने मे सक्षम है द्य क्षेत्रीय प्रतिनिधि अजीत कुमार रजक ने 27P37 के गुण और विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही किसानों को बताया की इसकी बालियां लंबी और वजनदार होती है जो हर मौसम में ज्यादा उपज देती है द्य और किसान इसका चावल सुबह पका कर शाम तक खा सकते है द्य गोष्ठी के अंत में 27P37 धान की अच्छी उपज और गाँव की समृद्धि के लिए किसानों के द्वारा- समृद्धि रैली भी निकाली गई द्य जिसमें मिश्रॉल गाँव के सम्मानित किसान दीपक साहू, तेजू साव, गोपाल साव, गेंदो, उगन साव, सकेंद्र साव, प्रमोद साव, देवकी साव, सहित दर्जनों, महिला किसान उपस्थित थे।

## एनटीपीसी में रिटोरिक का फर्जीवाड़ा, सुलगते आग महज संयोग या सच्चाई



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक वर्ष के अंदर एनटीपीसी एरिया के अंदर हुई आगलगी की घटना ने इन दिनों फिर से गंभीर सवालिया निशान लगा रहा है कि अति संवेदनशीलता होने के बावजूद ये हज़ारों करोड़ रुपए की लागत से अधिष्ठापित परियोजना आखिर कितना सुरक्षित है। विगत लगभग 10 माह पूर्व 19 अप्रैल 24 को तब लगी आग घंटों धधकता रहा जिसपर बड़ा तबका भारी अनियमितता को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग करता रहा। वहीं एक माह के भीतर हीं जीरो एरर की दुहाई देने वाला प्रबंधन दूसरी अनियमितता उजागर होते हीं फिर से सवालों में घिरने लगा है। चाहे वो आरटीपीएल (रिटोरिक) ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा फर्जी चालान से अवैध धनोपार्जन का भेद खुलना जो वगैर प्रबंधन के प्रत्यक्ष भागीदारी कतई संभव नहीं बताया जाता। मजे की बात तो ये है कि ऐसे अनियमितता पर एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा चुप्पी साधकर मानों अपनी मौन स्वीकार्यता खुलेआम सिद्ध कर रहा हो। वहीं शनिवार दोपहर में एकाएक उठी चिंगारी ने भी कई सवालों को सुलगा दिया है।

## दिवंगत विधायक रामचंद्र राम की 16 वीं पुण्यतिथि पैतृक निवास में मनाई गई

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के पुंडरा गांव में दिवंगत विधायक रामचंद्र राम की 16 वीं पुण्य तिथि उनके पैतृक आवास पुंडरा में मनाई गई। पुण्य तिथि के अवसर पर पूर्व विधायक एवं दिवंगत विधायक रामचंद्र राम के पुत्र मनोज चंद्रा, पतोहु प्रेमलता चंद्रा ने पुष्प अर्पित कर उनके कार्यकाल और जीवनी को याद किया।वहीं जिले के कई दिग्गज नेता शामिल होकर फूल व श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं उनके पद चिन्हों पर चलने की शपथ लिया।

# चतरा जिला क्रिकेट लीग का विजेता बना पिपरवार सीनियर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चतरा जिला क्रिकेट लीग का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें पिपरवार सीनियर बनाम बिरसा क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला की शुरुआत हुई। जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पिपरवार ने 22 ओवर में सभी विकेट खोकर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। पिपरवार टीम से सर्वाधिक रन रौशन ने 34 पप्पू 24 रन बनाए। बिरसा क्रिकेट एकेडमी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए,शुभम और चंदन ने तीन तीन और विनायक साहू ने दो विकेट लिया।जवाबी पारी खेलने उतरी बिरसा क्रिकेट एकेडमी ने 17.3 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 131 रनों पर ऑल आउट हो गई।इस प्रकार पिपरवार सीनियर ने बिरसा क्रिकेट एकेडमी को 19 रनों से हराया। जिसमें बिरसा क्रिकेट एकेडमी के तरफ से सर्वाधिक रन सुमित 29 और आयुष ने 21रनों का योगदान दिया। पिपरवार के तरफ से गेंदबाजी करते हुए, सुमित चार और सचिन ने दो विकेट लिया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पिपरवार के सुमित कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस जिला क्रिकेट लीग में बेस्ट बैट्समैन विकाश कुमार,बेस्ट बॉलर चंदन कुमार और बेस्ट फिल्डर शुभम को तथा मैन ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड पिपरवार सीनियर टीम के रौशन गोस्वामी दिया गया। अंपायर की भूमिका प्रेम और सुमित, स्कोरर राहुल ने निभाई इस मैच में एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष भारती, कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा सदस्य मिथिलेश कुमार राय, जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा आदि मौजूद थे।

# फर्जीवाड़ा कर सरकारी राशि गवन करने वाले रोजगार सेवक राकेश रंजन पर प्राथमिकी दर्ज

➲हंटरगंज बीडीओ ने जांच प्रतिवेदन के साथ कार्यमुक्ति का किया अनुशंसा
➲मनरेगा में अनियमितता बरतने वाले रोजगार सेवक पर की गई प्रशासनिक कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला प्रशासन कार्य के प्रति अनियमितता बरतने वाले एवं लापरवाह अधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध सख्त रूप देखने को सामने आ रहा है। जहां हंटरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कोबना के रोजगार सेवक राकेश रंजन के द्वारा मनरेगा के कार्य में भारी अनियमितता व लापरवाही बरती जा रही थी। जिसे लेकर मुखिया और ग्रामीणों ने की थी शिकायत।ग्राम पंचायत कोबना के मुखिया एवं ग्रामीणों द्वारा 15 फरवरी 2025 को मौखिक एवं लिखित रूप से आवेदन प्राप्त कहा गया कि ग्राम रोजगार सेवक पंचायत में उपस्थित नहीं रहते हैं एवं अपने मनमौजी तथा लापरवाही से काम करते हैं। जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि इनके द्वारा गलत मंशा से जानबुझकर योजनाओं में अनियिमितता बरती जा रही है। इनके द्वारा योजनाओं में फर्जी तरीके से लेवर डिमांड एवं मजदूरी की उपस्थिति भी दर्ज की जा रही है। इसी के आलोक में ग्राम बहेरी पंचायत कोबना में मनरेगा अन्तर्गत योजनाओं की जांच की गई। जिसमें ग्राम बहेरी में चन्द्रवती देवी के खेत में 100×80×10 का तालाब निर्माण यह योजना मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित है। प्राक्कलित राशि मो0-497901/- रूपये है। इस योजना में मशीन (जेसीबी) का उपयोग होने का प्रमाण मिला है, जो कि मनरेगा अधिनियम का सख्त उलंघन है। इस योजना में ग्राम रोजगार सेवक द्वारा फर्जी एवं गलत तरीके से लेवर डिमाण्ड / मजदूरों का कार्य आवंटित एवं मस्टर-रॉल का संधारण (मजदूरों की हाजरी बनाने इत्यादि) करते हुए मो0-233920/-रू0 की राशि का गबन / दुर्विनियोग किया गया है। वहीं ग्राम बहेरी में दीपक सिंह के खेत में 80×80×10 का डोभा निर्माण यह योजना मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित है। प्राक्कलित राशि मो0-419221/- रू0। भुगतना राशि मो0-299642/- रू0 है। जांच की तिथि में की गई मापी के अनुसार भुगतेय राशि लगभग 141716/-रू0 होती है। इस योजना में जांच की तिथि मजदूरों का कार्य आवंटित है, परन्तु योजना स्थल पर मजदूर कार्यरत नहीं पाये गये जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि ग्राम रोजगार सेवक द्वारा गलत तरीके से लेवर डिमाण्ड / मजदूरों का कार्य आवंटन एवं मस्टर-रॉल का संधारण (मजदूरों की हाजरी बनाने इत्यादि) किया जाता है। योजना में कार्य के अनुरूप भुगतान नहीं है।ग्राम बहेरी में गिरजा सिंह के खेत में 80×80×10 का डोभा निर्माण यह योजना मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित है। प्राक्कलित राशि मो0-419221/- रू0। भुगतना राशि मो0-264860/-रू0। जांच की तिथि में की गई मापी के अनुसार भुगतेय राशि लगभग 141716/-रू0 होती है। इस योजना में जांच की तिथि मजदूरों का कार्य आवंटित है, परन्तु योजना स्थल पर मजदूर कार्यरत नहीं पाये गये जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि ग्राम रोजगार सेवक द्वारा गलत तरीके से लेवर डिमाण्ड / मजदूरों का कार्य आवंटन एवं मस्टर-रॉल का संधारण (मजदूरों की हाजरी बनाने इत्यादि) किया जाता है। योजना में कार्य के अनुरूप भुगतान नहीं है। मामले की सत्यता जांच के बाद राकेश रंजन, ग्राम रोजगार सेवक, कोबना के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि ग्राम रोजगार सेवक द्वारा अनियमितता बरती गई एवं मनरेगा अधिनियम के विरूद्ध कार्य तथा सरकारी राशि की गबन / दुर्विनियोग किया गया है। उक्त के आलोक में राकेश रंजन, ग्राम रोजगार सेवक, कोबना के विरूद्ध दिनांक-16 फरवरी 2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज के द्वारा हंटरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसका केस नंबर 34/ 2025 है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के विरुद्ध मशाल जुलूस निकाल कर किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया सुभाष चौक पर प्रखण्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाल कर जिला प्रशासन का विरोध जताया है। विरोध जताते हुए जिला प्रशासन होश में आओ, जिला प्रशासन की मनमानी नहीं चलेगी आदि कई नारे जिला प्रशासन के विरुद्ध लगाया है। विरोध जताते हुए सुभाष चौक से लेकर देल्हो रोड स्थित बाबा मिष्ठान होटल तक पहुंचे जहां समापन कर दिया गया। आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व चतरा सांसद कालीचरण सिंह द्वारा किसी कारण वश प्रशासनिक पदाकारियों को चमड़े की रखवाली कुत्ते को दी जाने से संबंधित उक्ति दी गई थी।जिसे लेकर जिला प्रशासन ने एक बैठक आयोजित कर इस तरह की बातों का विरोध काला बिल्ला और माफी मांगने तक की गई थी। जिसके आक्रोश में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के विरुद्ध मशाल जुलूस निकाल विरोध जताया है। मौके पर रविन्द्र सिंह, लखन साहू, दयानिधि सिंह, नीतेश्वर सिंह, अक्षेवट सिंह, रविन्द्र सिंह, सुबोध पांडेय के अलावे अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे है संजय गुप्ता, अधिकारी मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अपने ही जमीन को पाने के लिए चंदवा के रैयत दर दर भटक रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने चंदवा से प्रकाश में आया है। जहां चंदवा निवासी, संजय कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय देवनारायण ने बा जबरदस्ती कुछ लोगों के द्वारा उनके जमीन को कब्जा करने का आरोप लगाया है। प्रथम पक्ष के संजय कुमार गुप्ता ने द्वितीय पक्ष सघन लोहरा पिता स्वर्गीय मोहन लोहारा संतोष लोहारा पिता बबलु लोहारा पर बा जबरदस्ती अवैध रूप से भूमि पर कब्जा करने की बात कही है। प्रथम पक्ष का कहना है की पत्नी लता गुप्ता के नाम से 2016 में केवाला और जमीन आसन स्थानांतरित किया है, जिसपर द्वितीय पक्ष जबरदस्ती घर बनाने के नियत से जेसीबी मशीन से न्यू खोद रहा था, जिसका विरोध भी किया था, थे परंतु उसने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले को लेकर दर बदर भटक रहा हूँ लेकिन अभी तक मुझे कहीं से मदद नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि मौजा हुटाप नया खाता 395 नया प्लॉट 2412 रकबा 73 डिसमिल यह की उक्त जमीन का मालगुजारी रसीद प्रथम पक्ष के पत्नी के नाम से अंचल पदाधिकारी चंदवा के द्वारा दाखिल खारिज कर निर्गत किया गया है। श्री गुप्ता का कहना है की द्वितीय पक्ष दबंग एवं झगड़ालू प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो जमीन पर जबरन दखल कब्जा करना चाह रहा है। श्री गुप्ता ने आरोपितों पर कार्रवाई व निर्माण कार्य रोकने के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संजय गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी चंदवा और लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक को लिखित आवेदन देकर अवैध कब्जे को रोकने की मांग की थी,लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा मामले को गुमराह किया जा रहा है, जिससे न्याय की प्रक्रिया बाधित हो रही है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और उनकी संपत्ति सुरक्षित रह सके।

## धर्म गुरु बंधन तिग्गा के उपस्थिति में धर्म कुड़िया का विधिवत उद्घाटन



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के टोंटी पंचायत के इटके चरकी टोगरी मे राजी पाडहा सरना प्रार्थना सभा के पुजन स्थल धर्म कुड़िया का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहन उरांव ने की. इस विशेष कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि परमपुज्य धर्म गुरु सह राष्ट्रीय अध्यक्ष बंधन तिग्गा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रिय प्रचारिका कमले उरांव व लातेहार जिला अध्यक्ष अशोक उरांव, द्वारा फिता काटकर द्वीप प्रजल्लित करके किया। तत्पश्चात पाहन पुजारी मोहन उरांव द्वारा विधिवत पूजा किया गया. इसके पश्चात सभी अतिथियों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन जिला अध्यक्ष अशोक उरांव व जयपाल उरांव ने किया, इस धार्मिक सभा को धर्म गुरु बंधन तिग्गा, कमले उरांव, सहित कई अतिथियों ने संबोधित किया. उन्होने सरना धर्म, संस्कृति, उपासना पद्धति के बारे मे बारिकी से बताया एवं हर परिस्थितियों मे अपना धर्म, संस्कार, संस्कृति को अक्षुण्ण वनाए रखने, व अपने आदिवासी समाज समुदाय में एकता, भाईचारा को बनाए रखने तथा समाज मे व्याप्त कुरितियां को दुर करके,एक शिक्षित सभ्य समाज बनाने का आह्वान किया.कार्यक्रम के सफल आयोजन मे जागे उरांव, मंगरा उरांव, रामसहाय उरांव, रामना उरांव, कैली उरांव, शुगवा उरांव सहित समिति के सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इस कार्यक्रम मे आमंत्रित अतिथि टोटी पंचायत मुखिया शांति देवी, पंसस मो ओजेफा व प्रार्थना सभा बारियातु के पदाधिकारी सहित लातेहार जिले के विभिन्न क्षेत्रों के प्रार्थना सभा के पदाधिकारी व सरना धर्मावलंबी महिला पुरुष युवक युवती व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा मे सम्मिलीत हुए।

# सीआरपीफ 11 वीं वाहिनी ने मनाया 65 वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीफ 11वीं वाहिनी ने अपना 65वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया। इस भव्य आयोजन में कमांडेंट याद राम बुनकर की उपस्थिति में क्वार्टर गारद में सलामी व शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों, उनके परिवारों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं ने इस उत्सव में और रोमांच भर दिया, जहां बच्चों, महिलाओं और जवानों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर खूब आनंद लिया।जबकि संध्या में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार के बच्चों के साथ-साथ आरा, बिहार से आए सुप्रसिद्ध कलाकार राजा भोजपुरिया और उनकी मंडली ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। इस दौरान कमांडेंट याद राम बुनकर द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह में जोश भर दिया। शहीद परिवारों का सम्मान, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक संध्या के अंतिम चरण में शहीद जवानों के परिवारजनों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन उप कमांडेंट मुकेश कुमार ने किया।

# टीवीएनएल पर आजसू का हमलाः रैयतों के शोषण का लगाया आरोप, उचित मुआवजा और पुनर्वास की मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने रविवार को प्रेस वार्ता कर रजवार कोल ब्लॉक में टीवीएनएल पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी 5000 रोजगार और पुनर्वास की बात की जा रही है। लेकिन यह कंपनी झूठे और खोखले दावे करने के लिए जानी जाती है। 35 साल बीत गए, पर ललपनिया परियोजना के विस्थापित रैयतों को अब तक पुनर्वास नहीं मिला। मजदूरों को दैनिक मजदूरी भी नहीं दी जा रही, बल्कि उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना के विस्तारीकरण का कार्य 25 साल से लंबित है। 10 किलोमीटर तक मुफ्त बिजली देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कंपनी जनता को गुमराह कर उनकी जमीन हड़पने का काम करती है। अब यही खेल लातेहार में भी दोहराने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि टीवीएनएल की वित्तीय स्थिति भी खराब है। सरकार से कर्ज लेकर रैयतों को मुआवजा देने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी का मकसद रोजगार और पुनर्वास देना नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और लूट-खसोट करना है। आने वाले समय में लातेहार की जनता का शोषण होने की आशंका जताई जा रही है। आजसू पार्टी ने चेतावनी दी है कि अगर कंपनी को खनन कार्य करना है, तो पहले सभी रैयतों को मुआवजा, रोजगार और पुनर्वास देना होगा। अन्यथा पार्टी चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## रमजान का महीना बरकत वाला : अफजल अंसारी



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजानुल मुबारक शुरू होते ही मुस्लिम धर्मावलंबियों ने दिनभर का उपवास के साथ अपने नफ्श पे काबू पाने की कोशिश में लग गए। इस मौके पर जेएमएम नेता सह समाजसेवी अफजल अंसारी ने माहे मुबारक रमजान के सिफतों के बारे में जानकारी दी और अपील किया कि हर बालिग मर्द औरतों पर रमजान के रोज़े फर्ज किया गया है सभी सेहतमंद लोग रमजान के रोज़े रखें। उन्होंने कहा कि माहे रमजान के महीने को तीन भागों में रखकर रहमत बरकत व मगफिरत नाम दिया गया है। रमजान के महीने में कुरान की तिलावत तरावीह की नमाज अदा की जाती है उन्होंने कहा कि हर मालदार सख्श सदका फितरा खुलकर अदा करते हैं।

# सांसद के प्रयास से उपकरण के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

**- 588 दिव्यांगों व बुजुर्गों का दस्तावेज़ के साथ हुआ पंजीकरण और परीक्षण**

**- सांसद मनीष जायसवाल खुद शिविर में रहें मौजूद, कहा दिव्यांगों के कल्याण में सहायक साबित होगा यह कैंप**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा रविवार को हजारीबाग नगर प्रेक्षागृह सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक यंत्र/उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 588 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों का अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक सहायक यंत्र/ उपकरण के लिए सूची तैयार की गई तथा उनसे जरूरत के दस्तावेज़ यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड/ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड/ आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया। इस शिविर की विधिवत् शुरुआत पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सुबह 10ः00 बजे से हुई जो संध्या 5ः00 बजे तक निर्बाध रूप से चला। शिविर में सुबह से ही दिव्यांगों का भीड़ उमड़ने लगा जो लगातार जारी रहा। उनका पहले पंजीकरण किया गया जिसके बाद चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत उन्हें विदा किया गया । उक्त शिविर में खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल उपस्थित हुए और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उनके संवाद करते दिखे। दिव्यांगजनों के पंजीकरण से लेकर उनके परीक्षण तक की व्यवस्था की जानकारी ली जिसके बाद दस्तावेज़ के अभाव में यहां पहुंचे कई दिव्यांगों का उन्होंने एलिम्को के चिकित्सकों और कर्मियों से यह कहकर पंजीकरण कराया कि जिनका दस्तावेज़ फ़िलहाल उपलब्ध नहीं हैं उनका भी बाद में उपलब्ध करा दिया जाएगा तब तक उनका पंजीकरण



कराकर ज़रूर रखें। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हमारे प्रयास से भारत सरकार की कंपनी टीम एलिम्को को प्रेरित करके यह कैंप लगवाया गया है। यह कैंप हजारीबाग जिले के लिए मुख्यतः है ऐसा ही कैंप कल रामगढ़ जिले के लिए रामगढ़ नगर भवन में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इस कैंप में माध्यम से दिव्यांगों का जरूरी कागजात के साथ शारीरिक जांच परीक्षण कर लोगों का असेटमेंट किया जाएगा की किनको बैट्री संचालित साइकिल, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कान का मशीन, बैसाखी, कमर का बेल्ट, घुटने का बेल्ट, वॉकर, कमोड व्हील चेयर, घड़ी जैसे उपकरण का जरूरत है, उन्हें चिन्हित किया गया। कैंप में चिकित्सक लोगों के इस जरूरत के अनुरूप एक प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए और फिर उनके जरूरत के मुताबिक उन्हें सहायक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि दोबारा कैंप लगाकर चिन्हित किए गए लोगों को सयाहक यंत्र/ उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। सांसद श्री जायसवाल ने बताया कि इस कैंप से एक तो हमारे पास एक रिकॉर्ड बन जाएगा कि हमारे क्षेत्र में कितने जरुरतमंद दिव्यांग है। हमलोग प्रयासरत हैं कि पैर से जो 50% दिव्यांग हैं उनको किसी दूसरी योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध करा सकें ताकि दिव्यांगों के सम्मान के साथ उनका कल्याण हो सकें । उक्त शिविर में भारत सरकार के एलिम्को टीम के तरफ से ऑडियोलॉजिस्ट डॉ.अविनाश कुमार, डॉ.ज्ञानेंदु कुमार सिंह, पी. एंड ओ. डॉ. ऐश्वर्या, डॉ.गौरव कुमार कैंप में पहुंचे सभी दिव्यांगों और बुजुर्गों का जांच मूल्यांकन कर उनका पंजीकरण किया। कैंप के सफल संचालन में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मुकेश सोनी, शैलेश चंद्रवंशी, आशेष सिन्हा, तरुण कुमार, आशुतोष तिवारी, अपराजिता तिवारी, दीपक मेहता, अभिमन्यु भगत, अनिल कुमार साव, बालकिशुन कुमार, सांसद सेवा कार्यालय के रुपम ओझा, राजेश राणा, अमन कुमार, मिनल कुमारी, धर्मेंद्र कुमार और हजारीबाग यूथ विंग के करीब आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। शिविर में विशेष रूप से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह वरिष्ठ समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा नेता जयनारायण मेहता, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, किशोरी राणा, बलदेव बाबू, अविनाश कुमार सोनू, दीपक गुप्ता, विक्रमादित्य, गुरुदेव गुप्ता, अरविंद मेहता, अशोक कुशवाहा, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित भव्य महा रक्तदान शिविर का आयोजन 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर स्थल पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तैयारी की जायजा लेने के लिए रविवार को संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया, शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। इस बार का लक्ष्य 200 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह करने का रखा गया है, जिसमें युवाओं के साथ-साथ महिलाओं की भी विशेष भागीदारी सुनिश्चित की गई है। शिविर को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए स्थल को विभिन्न ब्लॉक्स में विभाजित किया गया है जिसमें रजिस्ट्रेशन एरिया,विजिटर एरिया, रेस्ट एरिया,भोजन और पेयजल सुविधा हेतु अलग-अलग ब्लॉक्स बनाए गए हैं.शिविर में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय थाना से पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, हजारीबाग यूथ विंग के सभी पदाधिकारी और सदस्य विशेष जर्सी में नजर आएंगे, जिससे शिविर में एक अलग पहचान और अनुशासन बना रहेगा। आयोजन समिति ने सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं, जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो सके। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य अतिथि शामिल होंगे, जो रक्तदान को लेकर लोगों को प्रोत्साहित करेंगे। स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि,समाजसेवी संस्थाओं और चिकित्सा जगत से जुड़े कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्व इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।शिविर स्थल पर विशेष सेल्फी स्टैंड भी लगाया गया है, ताकि रक्तदाता अपने इस पुण्य कार्य की यादें संजो सकें और दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर सकें। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की यह हमारे संगठन के लिए गर्व की बात है कि हम दूसरी बार इस भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे हैं। पिछली बार से अधिक इस बार भी हम 200 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

## कृषक गोष्ठी में कृषकों को सारूकुदर में किया गया जागरूक


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत सचिवालय में शनिवार को सारूकुदर पंचायत मुखिया उत्तम कुमार महतो की अध्यक्षता में कृषि विभाग द्वारा किसान गोष्ठी अर्थात किसान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यशाला में कृषि विशेषज्ञों के द्वारा गाँव के किसानों को कृषि की बारीकियों को सिखाया गया। इस दौरान कृषि तकनिकी पदाधिकारी बीटीएम और बीज उपचार पदाधिकारी ने फसल चक्र तथा जलवायु के अनुसार खेती करने की सलाह दी। साथ हीं कहा कि जहाँ कम पानी हो वहाँ पर मोटे अनाज की खेती किसानों के लिए लाभप्रद है। कार्यशाला में बेहतर उपज करने के साथ फसलों को कीड़े मकोड़े से बचाने एवं घरेलू उपचार के बारे में किसानों को अवगत कराया गया।



इस मौके पर मुखिया उत्तम महतो ने कहा कि किसान भाई एक स्थान पर एक ही फसल किसानों के द्वारा लगाना ठीक नही है,फसलों की अदला बदली से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बरकरार रहती है। बीटीएम अभय कुमार ने किसानों को बताया कि खेत की जोताई गर्मी में करना जरूरी है, साथ ही मिट्टी की जांच भी कराना है। इससे आपकी जमीन के स्वास्थ्य बारे में पता चलता और कौन सी फसल लगानी है,इसकी जानकारी पुख्ता होती है,और किसानों को इससे लाभ होता है।मिट्टी की जाँच आप किसान मित्र के माध्यम से करा सकते है। आपको मिट्टी जांच मे मदद करेगा। मुखिया ने 20 किसानो को नामित कर प्रशिक्षण के लिए कृषि अनुसंधान केंन्द्र डेमोटांड हजारीबाग भेजने की बात कही। इस मौके पर किसानों के साथ सैकड़ो ग्रामीणों ने भी इस कार्यशाला का लाभ उठाया।

## घर में हुई चोरी, नगदी समेत लाखों रुपए का सामान ले उड़े चोर



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना दुर्गा मंदिर के बगल में स्थित अर्जुन साव पिता स्वन्मानिक साव के घर में शनिवार को अज्ञात चोरों द्वारा रात्री में घर का ताला तोड़कर भीषण चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी अर्जुन साव ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि पिछ्ले 26 फरवरी को मैं और मेरी पत्नी जमशेदपुर अपने बेटे अरुण कुमार जो टाटा मोटर्स में काम करता है उसके यहां अपने घर में ताला लगा कर गए थे। रविवार सुबह करीब 6 बजे जमशेदपुर से मैं और मेरी पत्नी अपने घर रसोईया धमना पहुंचा तो देखा की पार्किंग का गेट पर ताला लगा हुआ है, जब खोलकर अंदर गया तो देखा कि मेरे रूम का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है, जब अन्य रूम की जांच की गई तो देखा की और सात रुम का दरवाजा का लॉक टूटा हुआ है। सारा सामान बिखरा पड़ा है, दो अलमीरा और चार बक्सा का लॉक भी तोड़ा गया है। वहीं अलमीरा व बक्सा में रखा करीब पांच लाख का जेवरात समेत 95 हजार नगद की चोरी हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय मुखिया गोविंद प्रसाद साहू पहुंचे और बरही थाना को सूचना दिया। जिसके बाद बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की, दुर्गा मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी को कैमरे की जांच की जा रही है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की करवाई कि जा रहीं है।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जन औषधि का एक दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में जन औषधि का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मरीजों को मुक्त जांच और दी गई दवाइयां दी गई।मौके पर मुख्य रूप से अस्पताल प्रभारी डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने विधिवत शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में करीब 80 मरीजों को निशुल्क जांच एवं मुफ्त में दवाइयां दी गई। मौके पर। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बीपी और शुगर मरीजों को शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए मौसम बदलने के साथ अलर्ट रहने के भी सुझाव दिए गए। इसके साथ मरीजों कई परामर्श दिए गए। जन औषधि केंद्र के संचालक सुजीत कुमार ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना लक्ष्य है। मौके पर डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ.अमन जय सहित स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।

## स्व . मंजीत की पत्नी सुनीता देवी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राम सोनी से मेरे पति का पूर्व से विवाद रहा है और अपहरण का झुठा केस भी किया गया था। उसके जेल से बाहर आते हीं परिवार पर जान का खतरा मंडराने लगा है। पुलिस भी कोई सहयोग नहीं कर रही है। ये बातें प्रेस वार्ता का आयोजन कर स्व. मंजीत यादव के पत्नी सह पूर्व वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने कहीं। बड़ा अखाड़ा में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की उसके परिवार व बच्चों की रेकी की जा रही है। 20 फरवरी को उसके बड़कागांव स्थित होटल जिसे वह किराया पर दी है, वहाँ पहुंचे आनंद सोनी ने जान मार देने की धमकी दी है व स्टाप के साथ मारपीट की । बताया कि वे 20 फरवरी को हुए घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है, परंतु इसके बाद से परिवार दहशत के साए में जी रहा है। सुनीता देवी के साथ छोटा बेटा व बेटी भी मौके पर मौजूद थे। आरोप लगाते हुए कहा कि बेश रेशाम कोल डंप को लेकर मेरे पति की हत्या की गई है। हत्यारों द्वारा दी गई धमकी को सच मानते है तो कई और की जान इस मामले में लिया जाएगा।

## नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर कटकमसांडी के डांटो कला में निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**कटकमसां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत डांटो कला में श्री श्री 108 शिव परिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा श्री राम चरित परायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 651 महिला श्रद्धालुओं ने कलश उठाया कार्यक्रम में उपस्थित पश्चिम के जिला परिषद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर पंचायत के मुखिया कुमारी बाखला उप मुखिया विनोद समाजसेवी भोला सिंह यादव दीपक कुमार राणा दीपक कुमार यादव दिनेश राणा संतोष राणा सुनील कुमार राणा कृष्ण कुमार यादव किशोर कुमार राणा सुनील सिंह उपेंद्र राम डॉक्टर सुमित कुमार विकास कुमार ठाकुर रामचंद्र यादव चंद्र यादव राजेश कुमार भुइयां राजेंद्र कुमार यादव मनोज कुमार यादव यदि ने कलश देकर महिला श्रद्धालुओं को रवाना किया कलश यात्रा को गाजे बाजे के साथ निकाली गई जो मझगवां के त्रिवेणी नदी पहुंची जहां आचार्य श्री सुरेश अवस्थी जी महाराज जी के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया इस दौरान जय माता दी जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु दिखे मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष चंद्र यादव सचिव राजेंद्र कुमार यादव उपाध्यक्ष केदार राणा कोषाध्यक्ष पेमन साव सदस्य सुनील यादव कृष्ण यादव दिनेश यादव राजेश यादव विशंभर यादव दिलीप यादव दुलेशर यादव जलो यादव बालो यादव मनोज कुमार यादव गिरधारी यादव मुन्ना यादव सुनील कुमार समेत सैकड़ो पुरुष महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मरांग बुरु (पारसनाथ) मरांग बुरु बचाना है, आदिवासी समाज एकजुट हो : एतो बास्के

### संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के द्वारा विष्णुगढ में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आज रविवार को संथाल समाज दिशोम मांझी परगना द्वारा मरांग बुरु (पारसनाथ) बचाओ अतिक्रमण हटाओ मरांग बुरु अतिक्रमण के विरोध में प्रतिरोध मार्च 12 मार्च 2023 को मधुवन गिरिडीह में शामिल होने को लेकर विष्णुगढ़ झारखण्ड मैरेज गार्डेन में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के संथाल समाज की महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिबु सोरेन ने की तथा संचालन मेहीलाल मराण्डी ने किया। बैठक में बतौर मुख्यातिथि संथाल समाज दिशोम जोगवा एतो बास्के,विशिष्ट अतिथिओ में संथाल समाज दिशोम माँझी हड़ाम,माण्डू प्रखण्ड जोगवा अमित कुमार हांसदा,समाज सुसारिया तालों बेसरा की मौजूदगी रही। इस मौके पर संथाल समाज दिशोम जोगवा एतो बास्के ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संथाल आदिवासी समाज सृष्टि काल से हीं मरांग बुरु(पारसनाथ पर्वत) को अपने ईश्वर के रूप में पूजते आ रहे है। इसका वर्णन कई ऐतिहासिक दस्तावेज पुस्तकों ÷दी पीपुल ऑफ इंडिया एवं अन्य पुस्तकों में उल्लेख मिलता है। प्रत्येक साल बसंत ऋतु, फागुन, शुल्क पक्ष, तृतीय को दिशोम बाहा महोत्सव मनाया जाता है ।पर्वत के चोटी में अवस्थित युग जाहेर थान (सरना) में बलि प्रथा का प्रचलन सदियों से चला आ रहा है । पर्वत के



तलहटी में दिशोम माँझीथान अवस्थित है, जहाँ पर पूजा-अर्चना अपनी प्रथागत रीति- रीवाज से नायके ( पाहन ) के द्वारा होता है । प्रत्येक साल वैशाख पूर्णिमा में तीन दिवसीय धार्मिक शिकार महोत्सव का आयोजन होता है। धार्मिक शिकार सेंदरा में वन्य प्राणियों की शिकार की पराम्परा रही है। माँझी परगना आपसी विवाद लॉ-बीर बैसी में समाधान करने का रिवाज है । बिहार जिला गजट एवं 1911 के तैयार सर्वे खतियान भूमि अधिकार अभिलेख में मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) में Customary Right प्रथागत अधिकार का उल्लेख है । बिट्रीश हुकूमत के समय जैनियों के द्वारा दावे संबंधित एक वाद कमीश्नरी न्यायालय में दाखिल किया था, जो खारिज हो गया था । उसके बाद जैनियों ने पटना उच्च न्यायालय में वर्ष 1917 में अपील दायर किया गया, वह भी खारिज हो गया । उसके बाद जैनियों ने प्रीवी कॉउन्सील में अपील किया, प्रीवी कॉउन्सील ने न्याय दिया है कि मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) पर संथाल आदिवासियों का प्रथागत अधिकार Customary Right है और परामपरागत धार्मिक शिकार करने का अधिकार प्राप्त है । मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) में जैन समुदाय के द्वारा सी.एन.टी. एक्ट, वन भूमि कानून एवं पारिस्थितिकी संवेदी जोन (Eco Sensitive Zone) का उल्लंघन करते हुए भूमि पर मंदिर, मठ, धर्मशाला, सड़क आदि का निर्माण किया जा रहा है । समुदाय के द्वारा केन्द्र राज्य सरकार एवं न्यायालय को गुमराह कर हम आदिवासियों को अधिकार से वंचित साजिश किया जा रहा है ।12 मार्च 2025 को मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) मधुबन गिरिडीह में अतिक्रमण के विरोध में प्रतिवाद मार्च का आयोजन किया गया है ।अतः आप सभी आदिवासी / मूलवासी से अपील है कि अतिक्रमण के विरोध में आहूत प्रतिवाद मार्च में हजारों की संख्या में शामिल होकर मरांग बुरू से अतिक्रमण मुक्त करने हेतू आवाज बुलन्द करें । इस मौके पर मुख्य रूप से महावीर सोरेन,महादेव मुर्मू,मेहीलाल मरांडी,सुरेश हांसदा, जागेश्वर मरांडी,बाबूलाल माँझी, अनिल बेसरा,कुंजलाल टुडू,बाबूचंद हेम्ब्रम, ब्रजमोहन माँझी, राजमोहन माँझी, दशरथ माँझी, पुरन माँझी, गोकूल माँझी, पूरन मराण्डी, छोटू हेम्ब्रम, दिनेश सोरेन,जगदीश मुर्मु समेत सैकड़ो की सँख्या में आदिवासी महिला-पुरुष शामिल थे।

## सत चंडी महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** दो मार्च को पूर्व निर्धारित तिथी के आलोक में केरेडारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पचड़ा के शंकेश्वरी धाम में पचड़ा शिझुवा व टंडवा प्रखण्ड के बिंगलात सेरनदाग के ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों ने शंका के पूजारी रूपलाल साव के अध्यक्षता में यज्ञ करवाने हेतू बैठक कि गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 मई 2025 से 27 मई 2025 तक पांच दिवसीय संत चंडी महा यज्ञ किया जाएगा । जिस पर उपस्थित लोगों ने सहमति जताई। यज्ञ को सुचारू रूप से संचालन के लिए संचालन समिति का गठन नौ मार्च को शंका स्थान में 11 बजे दिन से किया जाएगा। यज्ञ के लिए पचड़ा व शिझुवा के प्रत्येक घरों के लिए हंडिया चंदा31 सौ रुपए लगाया गया है। सक्षम लोग उससे अधिक सहयोग करने पर उन सजनों का नाम शंका मंदिर परिसर के पत्थर में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा ।बैठक में पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव पूर्व उपमुखिया कृष्ण कांत कुमार वार्ड सदस्य सुरेश कुमार साव अजय कुमार समाज सेवी देवनारायण शर्मा बैजनाथ राणा रामकिशुन साव दशरथ कुमार हीरालाल साहू तेजो साव बिहारी पासवान जय प्रकाश साहू नारायण साव सुरेन्द्र ठाकुर बन्धु प्रजापति महेश वर्मा झमन प्रसाद साहू पप्पू कुमार हीरालाल कुमार लालबहादुर साव मुकेश कुमार ठाकुर संजय पासवान तनू कुमार रामदेव साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ के इस्लामपुर में शेख तैयब ने किया सड़क का उद्धघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने इस्लामपुर वासियों को जिला परिषद हज़ारीबाग द्वारा 01 किलोमीटर नवनिर्मित सड़क शनिवार को उद्धघाटन कर ग्रामवासियों को सुपुर्द किया। उद्धघाटन के इस अवसर पर जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि आज से पाक रमजान का शुभारम्भ है,और इस मौके पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड वासियों को रमजान की मुबारकबाद।यह सड़क इस्लामपुर समेत अन्य लोगो के लिए काफी महत्वपूर्ण थी,जिसके बन जाने से ग्रामीणों के साथ मुझे भी राहत मिली क्योंकि यह सड़क को पूरा करने में काफी मेहनत लगी और आज इसका उद्धघाटन है,जिसका मुझे सुकून है।जनहित के ज्यादा से ज्यादा काम करना और करवाना मेरी प्राथमिकता में शामिल है। आप को बता दूं कि इस सड़क के निर्माण के पूर्व ग्रामीणों को सात किमी की दूरी तय करनी पड़ती परन्तु अब सड़क बन जाने के बाद बगोदर बाजार की दूरी महज 2 किमी और जीटी रोड की दूरी मात्र 1 किमी रह गई। उद्धघाटन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने शेख तैयब को इस कार्य के लिए धन्यवाद कहा और रमजान के पाक अवसर पर मुबारकबाद दी। इस मौके पर मुख्य रूप से इस्लामपुर जामा मस्जिद अन्जुमन के सदर अब्दुल कलाम, मो0 शमीम, डॉ0 जाकिर, सरफुद्दीन अंसारी, मनीर अंसारी, तमीम अंसारी, शमशेर अंसारी, आलम अंसारी, अनीश अंसारी, अजीज अंसारी, इस्लाम अंसारी, मंसूर अन्सारी, अतीक अन्सारी, शाहिद अंसारी वगैरह मौजूद थे।

## 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को रिकॉर्ड 9 पुरुस्कार मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पकरी बारवाडीह कोयला खनन परियोजना ने 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह 2024 में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करते हुए 9 पुरस्कारों के साथ केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) क्षेत्र में किसी भी एक खदान द्वारा जीते गए सर्वोच्च पुरस्कारों का रिकॉर्ड बनाया। यह सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय (DGMS) के तहत आयोजित किया जाता है। जिसमें पकरी बरवाडीह को सुरक्षा मानकों और संचालन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह 2024 का पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह मगध संघमित्रा क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जवल ताह, खदान सुरक्षा महानिदेशक (CIM) और DGMS के महानिदेशक रहे, जिनके साथ खदान सुरक्षा महानिदेशालय (DMS) के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी और निदेशकगण, रेड





(कोल माइनिंग) एनटीपीसी, ईडी (कोल माइनिंग) डीवीसी, और हिंडाल्को तथा टाटा स्टील खदानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

**पकरी बारवाडीह खदान ने निम्नलिखित 9 पुरस्कार जीते**

ओवरऑल पुरस्कार प्रथम श्रेणी में ओपन कास्ट (OC), व्यावसायिक स्वास्थ्य, सर्वश्रेष्ठ आउटसोर्सिंग एमडीओ, कार्यकुशलता का मानक, प्रकाश व्यवस्था, डोजर एवं द्वितीय पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ HEMM (हैवी अर्थ मूविंग मशीन्स) बेड़े का प्रबंधन, क्रशर, फीडर ब्रेकर और CHP (कोल हैंडलिंग प्लांट) एवं तीसरा पुरस्कार में मॉडल में मिला। यह उपलब्धि पकरी बारवाडीह खदान की सुरक्षा, संचालन दक्षता और खनन कार्यों में निरंतर सुधार के प्रति अडिग प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सुरक्षा सप्ताह के दौरान खदान का असाधारण प्रदर्शन कार्यबल की कड़ी मेहनत और उद्योग में सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।यह रिकॉर्ड-ब्रेकिंग सफलता न केवल पकरी बारवाडीह खदान की सुरक्षा में नेतृत्व को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र की अन्य खदानों के लिए एक मापदंड के रूप में खुद को प्रस्तुत करती है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## 6वर्ष की नन्ही रुमैसा ने रखखी रमजान की पहली रोजा

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान के इस पाक महीने में अपने आस्था को देखते हुए बेलाल नगर चितरपुर के नन्हे रोजेदार छह वर्षीय रुमैसा रुखसार ने रमजान का पहला रोजा रखी,और अल्लाह की इबादत करने की बात की!रुमैसा की पिता मोती उल्लाह ने बताया कि इस्लाम में 6 साल के बच्चे को रोजा रखने की इजाजत नहीं देता, लेकिन बच्चे ने अपनी जिद और आस्था के चलते रोजा रखा, रुमैसा चार साल कि उम्र से रोजा रख रही है पुरे परिवार के साथ रोजा खोली,रुमैसा ने अल्लाह से दुआ मांगी की, के पढ़ने लिखने मे जेहन दे,हमें नेक बनाये और माँ बाप की आदर्श मे चलने साथ ही पुरे मुल्क मे अमन व शांति हों।



## ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य हुआ शुरू



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। विगत दिनों में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार से चिन्हित अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न मुहानों पर ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद किया गया।

## सरहुल मिलन समारोह का तैयारी को लेकर बैठक हुई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला में सिद्धू कानू मैदान में आदिवासी छात्र संघ नगर कमेटी के द्वारा सरहुल मिलन समारोह की बैठक हुईद्य इसकी अध्यक्षता जगन्नाथ मुंडा व संचालन श्रीवास्तव मुंडा, प्रमोद मुंडा ने कियाद्य मुख्य रूप से जिला सचिव जगनारायण बेदिया ने कहा की रामगढ़ जिला में सरहुल मिलन समारोह का तैयारी को लेकर बैठक हुईद्य मौके पर आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, रवि मुंडा,शशि करमाली, विक्की आदिवासी, तरुण मुंडा, दीपक मुंडा, राजू मुंडा, आर्य मुंडा बसंत मुंडा, सुनील मुंडा, निक्की राज बेदिया, गणेश मुंडा आदि कोई उपस्थित थेद्य

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माण्डू थानान्तर्गत संपूर्णा संकट मोचन फाउंडेशन के निदेशक एवं समाजसेवी अमीषा प्रसाद के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभआरंभ अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ एवं डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, रामगढ़ के द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा ''किसी को मरने मत दो, रक्तदान करो और जीवन बचाओ'' रक्तदान करने के लिए हमेशा रक्तदान शिविर में शामिल हों। रक्तदान हर किसी की सामाजिक जिम्मेदारी है, इसका पालन अवश्य करें का अपील किया गया। आम जनता एवं माण्डू थाना प्रभारी/पुलिसकर्मी के द्वारा रक्तदान किया गया, जिन्हें पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ ने अप्रिशिएसन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।




# अवैध कोयला का परिवहन करने वाले कोल माफियाओं को चेतावनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार को समय करीब 02ः00 बजे रात्री में अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली कि अवैध कोयला तस्करो द्वारा अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से धोबी घाट बंसतपुर के वन अधिसुचित क्षेत्र से अवैध कच्चा कोयला निकाल कर एक ट्रक पर लोड किया गया है तथा ट्रक को पिला रंग के त्रिपाल से बांधकर परिवहन हेतु तैयार किया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समय करीब 02ः20 बजे करमटीया मोड़ के पहुँचे तो देखे की बसंतपुर गाँव से करमटीया जाने वाली रास्ते में एक





ट्रक आ रही है, जिसपर पिला रंग का त्रिपाल बंधा हुआ है, जिसे पुलिस बल के सहयोग से रोका गया। ट्रक के चालक से नाम पता पुछे जाने पर उसके द्वारा अपना नाम एवं पता आवेधेश कुमार, उम्र 48 वर्ष, पिता-मदन साह, पता-घोडासहन (कस्बा), पो0 घोडासहन, थाना-घोडासहन, जिला-मोतीहारी (बिहार) बताया। उक्त ट्रक नं. क्क्र01त्तत-2610 को जाँच करने पर ट्रक में करीब 40 टन कच्चा कोयला लदा हुआ पाया गया। ट्रक चालक अवधेश कुमार से लदे कच्चे कोयला के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, परन्तु ट्रक के चालक द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और चालक द्वारा अपने ट्रक नं0 क्क्र01त्तत-2610 के मालिक पंकज सिंह, जो पटना के रहने वाले है, से संपर्क कर उक्त ट्रक पर लदे कोयला से सबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का अनुरोध किया परन्तु काफी इन्तजार करने के बाद भी उक्त ट्रक नं0-क्क्र01त्तत-2610 के मालिक व चालक के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही ट्रक नं0-क्क्र01त्तत-2610 के मालिक पंकज सिंह उपस्थित हुए। ट्रक चालक के द्वारा बताया गया कि अवैध कच्चा कोयला मोइसिन खान, कुज्जू, बसंतपुर के छोटा महेन्द्र महतो एवं अन्य व्यक्तियों के सहयोग से अवैध कोयला का उत्खनन कर परिवहन करते है। तत्पश्चात विधिवत जप्ती सूची तैयार कर ट्रक नं0 क्क्र01त्तत-2610 को विधिवत जप्त किया गया तथा ट्रक चालक अवधेश कुमार, को विधिवत गिरफ्तार किया गया। कोयला तस्करों द्वारा वन अधिसुचित क्षेत्र से अवैध रूप से कच्चा कोयला उत्खनित करने एवं बेचने के आरोप में ट्रक नं0-क्क्र01त्तत-2610 के चालक 1. अवधेश कुमार 2. पंकज कुमार एवं सहयोगी 3. मोइसिन खान 4. महेन्द्र महतो तथा अन्य अवैध कोयला तस्करो द्वारा वन अधिसुचित क्षेत्र से अवैध रूप से कच्चा कोयला उत्खनित करने एवं बेचने के आरोप में माण्डू (वे0बो0) थाना काण्ड सं0-58/25, दिनांक-02.03.2025, धारा-317 (5)/3 (5) बी0एन0एस0 30 (द्व) कोल माईन्स एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधिनियम दर्ज किया गया है।पुलिस द्वारा जप्त सामानों में ट्रक सं0- क्क्र01त्तत-2610 जिसमें लगभग 40 टन लोड अवैध कच्चा कोयला।की पैड मोबाईल-01।इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ ,पु0अ0नि0 दिपक कुमार, ओ0पी0 प्रभारी वे0बो0 ओ0पी0,स0अ0नि0 शंकर कच्छप, वे0बो0 ओ0पी0 के पुलिस कर्मी।

## धनंजय कुमार पुटूस के जनता दरबार में दिखी लोगो की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के आम नागरिकों को अपने छोटे छोटे सरकारी कामों को करवाने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे है। आम लोगों को हो रही इस परेशानी को देखते हुए इसका समाधान करवाने के लिए रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी व रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने ÷जनता दरबार÷ लगाने की घोषणा की थी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय के निकट पुराने सदर अस्पताल के सामने स्थित अपने कार्यालय में धनंजय कुमार पुटूस ने जनता दरबार लगाया। इस जनता दरबार के पहले ही दिन रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए काफी फरियादियों की भीड़ देखने को मिली। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि आम जनता को छोटे छोटे काम के लिए भी सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटना पड़ता है जिससे लोगों में काफी असंतोष है। हमारा प्रयास है कि हमारे ÷जनता दरबार÷ में आए इन फरियादियों की समस्याओं को संबंधित विभाग व पदाधिकारियों तक पहुंचा कर इसका समाधान



करवाया जाए।जनता दरबार के पहले ही दिन रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखंड,मांडू प्रखंड,नगर परिषद,चितरपुर प्रखंड व छावनी परिषद क्षेत्र के लोगो ने पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। जनता दरबार के प्रति उनके इस विश्वास पर खरा उतरा जाएगा।आज के जनता दरबार में कुल 10 लिखित आवेदन व 13 मौखिक शिकायत आए हैं।जनता दरबार में मुख्य रूप से सदर अस्पताल,नगर परिषद,जिला उद्योग विभाग, छावनी परिषद,सिंचाई विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग,अंचल कार्यालय,अबुआ आवास से संबंधित शिकायत आई है। जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर इन शिकायतों का समाधान करवाया जाएगा।

## खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग मिलेगा : चित्रगुप्त महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के सीरु में आयोजित सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट - सीजन 01 का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर किया गया। उद्घाटन मैच विरहोन्हे बनाम सीआईडी चौंक के बीच खेला गया। सीआईडी चौंक पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 80 रन बनाई। जवाबी पारी में विरहोन्हे के टीम 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी महताब राही, मनोज महतो, विरेन्द्र महतो सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चित्रगुप्त महतो ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल



मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। टूर्नामेंट आयोजन समिति एवं स्थानीय दर्शकों ने उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पहले मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उतम कुमार करमू कुमार विनोद कुमार सोनू साव विपुल कुमार सुजीत कुमार चिरजिवी खिरोधर साव प्रमोद कुमार विद्वान साव बबलू महतो नौशाद आलम व कई खेल प्रेमियों मौजूद थे।

## हजारीबाग जिला के सुदुरवर्ती गांवों में अभी तक नहीं पहुंचा है किसी भी कंपनी का मोबाइल नेटवर्क



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड स्थित दर्जनों गांवों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या बरकरार है। पोटंगा पंचायत के पारगढा में आज भी मोबाइल नेटवर्क ना होने से बहुत सारी परेशानीयो का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अपने घरों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलता है। यदी कहीं उन्हें बात करनी हो तो ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ता है, ताकि वह अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर सकें। नेटवर्क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को डिजिटल कार्य करने में बहुत परेशानी होती है। उन्हें अपने बैंकिंग कार्य,ऑनलाइन सेवाएं अन्य डिजिटल कार्यों के लिए पांच से दस किलोमीटर दूर उरीमारी जाना पड़ता है। जिससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। हालांकि ग्रामीण कई वर्षों पूर्व से लगातार प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र में टॉवर लगवाने की मांग सरकार व जिला प्रशासन से कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणो का यह भी कहना है कि हमारे क्षेत्र कि आबादी हजारो में है। यहां कई आउटसोर्सिंग कंपनी अपना काम कर रही है। लेकिन हम लोगों को फोन समेत कई अन्य डिजिटल सेवाएं ग्रामीण स्तर पर नहीं मिल पा रहा है। जहां एक ओर पुरे देश के लोग डिजिटल के इस दौर से गुजर रहे हैं। वहीं यहां के ग्रामीण डिजिटल के दौर से कोसों दूर है। वहीं एक बार पुनः ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि वह इस समस्या का समाधान कर उन्हें स्थिर और मजबूत मोबाइल नेटवर्क प्रभावित क्षेत्र में प्रदान करें।

## पालू कस्तूरीटांड़ में पानी की समस्या,लोगों ने लगाई गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड पतरातू अंतर्गत पंचायत पालू के ग्राम रोचाप कस्तूरी टांड़ में पानी की समस्या को लेकर लोगों ने गुहार लगाई और पानी की समस्या दूर करने की मांग की।कस्तूरी टांड़ में लगभग 30 से 35 घर हैं और लगभग लोग किसान है और खेती-बाड़ी पर ही निर्भर है लेकिन इतने लोगों के बीच सिर्फ पीने के पानी को लेकर सिर्फ एक चापाकल जीवित है जिसमें लोग घंटे लाइन में लग के पानी आपूर्ति कर जीवन यापन कर रहे हैं। कस्तूरी टांड़ में ऐसे तो कई विभागों द्वारा पीने का पानी की समस्या को लेकर कई काम किया गये है लेकिन सभी खराब पड़े हैं पीएचडी विभाग से एक बड़ा जल्मीनार का निर्माण तो किया गया है लेकिन वह भी कई वर्षो से खराब पड़ी है ग्रामीणों का कहना था कि घुंघरू योजना के तहत एक जगह 2018 में 8 इंच का डीप बोरिंग किया गया था और ग्रामीणों को बताया गया था कि इस योजना के तहत हर घर में पाइपलाइन द्वारा पानी आपूर्ति की जाएगी लेकिन बोरिंग होने के बाद संवेदक आधा अधूरा काम छोड़कर भाग गया जिसकी वजह से बोरिंग भी अब खराब हो गई है तथा ग्रामीणों ने प्रतिनिधि प्रशासन और अधिकारियों से गुहार लगाई की कस्तूरी टांड़ में पानी की समस्या को दूर किया जाए नहीं तो हम ग्रामीण गांव से पलायन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। मौके पर हरिदास साव,सविता देवी, पुनीता देवी, कौशल्या देवी, रीता सिंह,पम्मी सिंह, रीता देवी, विनीता देवी, किरण देवी, कोमल देवी, मीना देवी, संगीता देवी, विनोद सिंह, घनश्याम सिंह, कृष्ण सिंह, राजेंद्र सिंह,सुनील सिंह, अनिल सिंह, त्रिपुरारी सिंह, ललन सिंह, पवन सिंह, जयपाल सिंह, सचिन सिंह आदि के साथ काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

## बालू माफिया ने पत्रकार को दिया जान से मारने की धमकी, मामला रामगढ़ थाना में दर्ज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** न्यू बस स्टैंड मंदिर के पीछे बिना नंबर का एक ट्रैक्टर में बालू लोड और टेलर से पानी गिरने का वीडियो बनाने पर बालू माफिया ने सी न्यूज़ भारत टीवी चैनल रिपोर्टर राजीव सिंह को जान से मारने की धमकी दी है। माफिया रामगढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वीडियो बनाते देख ट्रैक्टर के ड्राइवर ने अपने मोबाइल से बालू माफिया को फोन किया और फर्नीचर यार्ड मैन रोड रामगढ़ के पास संवाददाता को बालू माफिया संतोष सिंह रोका और वीडियो डिलीट करने को कहा और कहा की अखबार या टीवी पर चलाओगे तो जान से मार देंगे। बालू माफिया कहा कि जहां भी तुम फोन करते हो उसकी सूचना हमें मिलती है। हम लोग ऐसे ही धंधा नहीं करते हैं । संवाददाता ने इसकी लिखित सूचना रामगढ़ थाना प्रभारी को दी।संवाददाता ने लिखित शिकायत में घटना की जानकारी देते हुए बताया है बालू माफिया संतोष सिंह बीते वर्ष बालू लोड ट्रैक्टर पकड़ने पर पुलिस से ही उलझ गया था। बालू गिट्टी का कारोबार करता है संवाददाता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है ।रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा की आवेदन मिला है आगे की कार्रवाई की जा रही है ।

# रामगढ़ प्रखंड सम्मेलन ग्राम लोधमा में हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ प्रखंड सम्मेलन रविवार को ग्राम लोधमा में हुई। अध्यक्ष मंडल में सरयू बेदिया, सुरेश बेदिया, जागेश्वर प्रजापति, शैलेन्द्र बेदिया,छोटन मुंडा थे और सम्मेलन में 40 प्रतिनिधि उपस्थित हुए। जिसमें महिलाएं 8 शामिल थी। सम्मेलन की शुरुआत शहीद साथियों के प्रति एक मिनट के मौन श्रद्धांजलि दी गई, उसके बाद सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी जिला कमेटी के सदस्य कामरेड देवकीनंदन बेदिया किया तथा अतिथि बिगेन्द्र ठाकुर ने सम्मेलन को संबंधित किए। सम्मेलन 10 प्रतिनिधियों ने बहस में हिस्सा लिए। सम्मेलन ने सार संकलन करते हुए घोषणा की गई। रामगढ़ प्रखंड में हो रही सम्मेलन के माध्यम से जनता को संगठीत करने पर जोर देगी और पार्टी को मजबूत बनाएंगे। सम्मेलन के बाद आंदोलन को तेज करेंगे। आदिवासियों की हड़पी गई जमीनों को दखल के लिए आंदोलन तेज करने पर जोर देंगे।




ग्रामीण गरीबों किसानों की जमीनों का आनलाइन करने के लिए अंचल अधिकारी रामगढ़ के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का घोषणा की गई। अंत में सम्मेलन का पर्यवेक्षक पार्टी जिला कमेटी सदस्या नीता बेदिया के नेतृत्व में 15 सदस्यीय कमेटी का गठन की गई जिसमें सर्वसम्मति से सरयू बेदिया को सचिव चुना गया। जबकि सुरेश बेदिया, शैलेंद्र बेदिया, अनोद बेदिया, जागेश्वर प्रजापति, लाल कुमार बेदिया, महादेव राम, छोटन मुंडा, विजय प्रजापति, अजीत बेदिया, चंद्रिका राम कमिटी सदस्य चुने गए। कमिटी में और चार महिलाएं जोड़ी जाएगी। सम्मेलन में भीम प्रजापति, अनवर अंसारी, नरेश बेदिया, संजय बेदिया, तिरिया बेदिया, सुनीता देवी, कल्पना देवी, अनीता देवी, रीना देवी, रानी कुमारी, देवंती कुमारी, बितु प्रजापति, रामनाथ बेदिया, फूलचंद बेदिया, कौशल्या देवी, फूलो देवी, शांति देवी, सीमा देवी, प्रीतम बेदिया, रामकिशुन बेदिया, सुरेश बेदिया, अनिल बेदिया, रीझन बेदिया,कैलाश प्रजापति, जय किशन बेदिया सहित सैंकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे।

# नगर निकाय चुनाव में जेएलकेएम समर्थित उम्मीदवार को पार्टी के सभी कार्यकर्ता साथ देंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक रामगढ़ जिला अध्यक्ष देवानंद महतो की अध्यक्षता तथा संचालन सुधीर अकेला ने किया! इस बैठक का मुख्य उदेश्य आगामी नगर निकाय चुनाव तथा बुद्धिजीवी मंच को लेकर विशेष चर्चा की गयी ! इस बैठक मे केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी व सक्रिय सदस्य उपस्थित थे ! बैठक मे कहा गया कि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी से जिसे भी नगर निकाय चुनाव का उम्मीदवार बनाया जायेगा ! उसे सभी को स्वीकार्य, सहयोग एवं मजबूती के साथ चुनाव लड़ने में मदद करेंगे ! क्योंकि पार्टी पूरे झारखंड प्रदेश में जेएलकेएम ही एक मात्र पार्टी है जो शोषण,पीड़ितों, गरीब ,वंचित ,दवे कुचले तथा भ्रस्ट सिस्टम के सताए लोगों की एक उम्मीद बन चुकी है ! झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव हो पाएगा ! अभी फिलहाल हाल के दिनों में विधानसभा सत्र में टाइगर जयराम महतो को जब-जब विधान सभा सत्र मे समय मिला है! विधानसभा में आवाज उठाने का जोरदार तरीके से जनहित मुद्दों को उठाने का काम किये है! चाहे वह किसी भी क्षेत्र का, आज झारखंड में घूसखोरी, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है! इन सारी बिंदुओं को खत्म करने की जरूरत है ! झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी से ही संभव हो सकता है इसलिए सभी समुदाय के लोगों को एक साथ जूड़कर नगर निकाय चुनाव में सहयोग करने की जरूरत है । ताकि हम लोग का कैंडिडेट भारी बहुमत से जीत हासिल हो सके ! सभी वक्ताओं ने अपना बहुमूल्य विचार , टिप्स लोगों के समक्ष प्रस्तुत किये ।



# ट्रेक्टर की आवाज़ से लोग जाग जाते हैं, लेकिन जोरापोखर थाना की नींद नहीं खुलती

**बिना डर एवं भय के धड़ल्ले से अवैध बालू का उठाव जारी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने छपी एक खबर के आधार पर एनजीटी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पंजीकृत किया है। अधिकारियों से झारखंड के धनबाद जिले में हो रहे अवैध रेत खनन के आरोपों पर जवाब देने को कहा गया था। एनजीटी द्वारा दिए इस आदेश में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और धनबाद के उपायुक्त को कोलकाता में पूर्वी बेंच के समक्ष अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था। ये मामला अगली सुनवाई तक के लिए निलंबित है। इसके बावजूद बिना डर एवं भय के धड़ल्ले से बालू का उठाव किया जा रहा है। जोरापोखर थाना क्षेत्र के चारो तरफ ट्रैक्टर की आवाज़ सुबह 3 बजे से गुजने लगती है। लेकिन जोरापोखर थाना को इसकी आवाज़ सुनाई नहीं देती। आखिर ख़ामोशी क्यों? जनता सब जानती है। जामाडोबा, काली मेला, भौरा, होरलाडीह, फुसबंगला, डिगवाडीह आदि जगहों से हर रोज़ दर्जनों ट्रेक्टर पार होते हैं। ट्रेक्टर की खरखराहट की आवाज़ से सड़क किनारे रहने वाले लोगो की नींद खुल जाती है, लेकिन जोरपोखर थाना की नींद नहीं खुलती। मोहलबनी, कालीमेला, जहाज ताड़, लाल बंगला, दामोदर नदी इलाकों में नदी तट के बालू घाटों से दिन भर अवैध रुप से बालू का उठाव धडल्ले से किया जा रहा है हो रहा है। प्रशाशन की मिली भगत से माफिया अवैध खनन के जरिए रेत बेचकर चांदी काट रहे हैं। वही सरकार को प्रति दिन राजस्व का भारी नुक्सान हो रहा है इसी बालू से कई सरकारी भवन सड़क का निर्माण कई बिल्डिंग बनाई जा रही है। सारा कुछ प्रशाशन की देख रेख में हो रहा है। लोगो का कहना है की इस कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन की और से कोई पहल नहीं की जा रही है।



## जिला परिषद मैदान में हुआ रोलेक्स सर्कस का उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद के जिला परिषद मैदान में जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने रोलेक्स सर्कस का शुभारंभ फीता काटकर और दीप जलाकर किया। मौक़े पर विशिष्ट अतिथि में डीथ्री के ऑनर शांतनु चंद्रा, भाजपा नेता मुकेश पांडेय, पुरुषोत्तम रंजन विकास साव, जग्गू महतो उपस्थित रहे। जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एक लम्बे अंतराल के बाद धनबाद जिले में सर्कस का आयोजन हुआ है। यह सर्कस बच्चों को काफ़ी ज्यादा आनंदित करता है। कई तरह के इवेंट्स इस सर्कस में दिखाए जाते हैं, जो लोगों को काफ़ी मनोरंजन करता है। इसलिए तमाम धनबाद वासियों से यही अपील है कि अपने बच्चों के साथ परिवार के लोगों के साथ सर्कस का आनंद लेने जरूर आएं।आयोजकों ने बताया कि एक माह तक यह सर्कस चलेगा। इसमें टिकट की दरें 300 रु, 200 रु और 100 रु निर्धारित है। तीन शो 1 से 3, 4 से 6 और रात्रि के 7 से 9 बजे तक चलेगा। प्रत्येक शो में एक साथ दो हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। टिकट लेकर पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर दर्शक बैठ कर सर्कस का आनंद ले सकेंगे। रोमांच से भरपूर इस सर्कस में देश भर के कई बेहतरीन कलाकार अपनी कला का जादू दिखाने पहुंचे हैं। मणिपुर के कई कलाकर भी हैं जोकि अद्भुत कला प्रदर्शित कर रहे हैं।

## वॉक एंड रन फॉर फन का भव्य आयोजन, फिटनेस के प्रति जागरूकता का दिया संदेश



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राइजिंग चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा आयोजित ÷वॉक एंड रन फॉर फन÷ कार्यक्रम में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 10 किलोमीटर की यह दौड़ सुबह 6ः30 बजे राइजिंग चौक से शुरू होकर हीरो प्रेमिया शो रूम (8 लेन रोड) पर संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था।।इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों को फिटनेस को दिनचर्या में शामिल करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। राइजिंग चैरिटेबल सोसाइटी ने इस आयोजन के जरिए बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों से अपील की है कि नियमित रूप से पैदल चलना और व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है। संस्था के सदस्यों ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से गंभीर बीमारियों से बचाव होता है और व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहता है।

## सीआईएसएफ जवान ने खुद को मारी गोली, दुर्गापुर रेफर



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनसार थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के जे पैच में ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ के जवान केएस राव ने खुद को गोली मार ली। अपनी सर्विस रिवॉल्वर से जवान ने अपने सिर में गोली मार ली है। घटना के बाद इलाज के लिए जोड़ाफाटक रोड स्थित पाटलीपुत्र अस्पताल ले जाया गया। बाद में इलाज के लिए नवाडीह स्थित असर्फी अस्पताल ले जाया गया, जहां सीआईएसएफ जवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया।सीआईएसएफ जवान केएस राव तेलांगना का रहने वाला है। वह धनसार स्थित सीआईएसएफ कैंप में रहता है। शनिवार की रात विश्वकर्मा परियोजना स्थित जे पैच में उसकी ड्यूटी थी। सहकर्मियों के अनुसार ड्यूटी के दौरान परियोजना के पास एकांत में जाकर उसने खुद को गोली मार ली। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए दुर्गापुर रेफर किया गया है। इस घटना के पिछे क्या वजह है, यह उजागर होना बाकी है।

## डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, महिला मरीज की मौत पर लोगों ने किया सड़क जाम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित निजी नर्सिंग होम में महिला मरीज की मौत के बाद परिजन हंगामा करने लगे।गुस्साए परिजनों ने अस्पताल पर कार्रवाई की मांग को लेकर धनबाद गोविंदपुर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। मुर्गाबानी के रहने वाले मजीद अंसारी की पत्नी नसीमा खातून की मौत रांची रिम्स में हो गया। दरअसल दो जनवरी को गर्भवती नसीमा खातून को लक्ष्मी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन से महीला ने दो जुड़वां बच्चे को जन्म दिया था। आपरेशन के बाद नसीमा की स्तिथि बिगड़ जाने पर रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई। शव को लेकर परिजन लक्ष्मी नर्सिंग होम पहुँच गए। परिवार वालों और ग्रामिणो का गुस्सा फुटा। अस्पताल प्रबंधन पर गलत ऑपरेशन का आरोप लगा जम कर हंगामा किए। वहीं कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जानकारी पाकर मौके पर गोविन्दपुर थाना प्रभारी मो. रुस्तम दलबल के साथ पहुंचे। लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। फिलहाल स्तिथि नियंत्रण में है।

## एसएनएमएमसीएच में कचरे का उठाव बंद, खुले में फेंका जा रहा बायो मेडिकल वेस्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक बार फिर चारों तरफ बायो मेडिकल वेस्ट की गंदगी पसर गयी है। अस्पताल के पीछे काफी संख्या में खुले में बायो मेडिकल वेस्ट फेंका जा रहा है। ऐसे में बीमारी से निजात पाने के लिए यहां आने वाले मरीजों के और बीमार होने की आशंका बढ़ गयी है। अस्पताल के कर्मियों के अनुसार पिछले एक सप्ताह से कचरे का उठाव बंद होने के कारण बायो मेडिकल वेस्ट का अंबार लग गया है। बता दें कि अस्पताल में हर दिन औसतन 50 से 70 किलो बायो मेडिकल वेस्ट निकलता है, जबकि इसके डिस्पोजल के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गयी है।प्रदूषण नियंत्रण परिषद के नोटिस का भी असर नहीं एसएनएमएमसीएच से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की मुकम्मल व्यवस्था के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने 2014 से अब तक आठ बार नोटिस भेजा है। बावजूद इसके इसे लेकर न सरकार और न ही एसएनएमएमसीएच प्रबंधन सक्रिय दिख रहा है। अस्पताल से कचरे को निकाल कर एक जगह जमा, तो किया जा रहा है, लेकिन इसके डिस्पोजल की कोई व्यवस्था नहीं है। यही वजह है कि अस्पताल से गंदगी को निकाल कर बाहर रख दिया जा रहा है। बता दें कि लगभग 12 वर्षों से अस्पताल परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल के लिए लगी मशीन खराब है। अब तक इसे शुरू करने पर किसी का ध्यान नहीं है।

## सीबीएसई स्कूल के प्राचार्यो के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स धनबाद चैप्टर के द्वारा अपने सदस्यों के लिए एक क्रिकेट मैच (ऊर्जा कप) का आयोजन सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, नावाडीह में किया गया। विगत 5 वर्षों से इस तरह का आयोजन सहोदया धनबाद के द्वारा किया गया । दो टीम सहोदया स्टोरमर्स और सहोदया फाल्कनस बीच मुकाबला हुआ। सहोदया स्टोरमर्स टीम के कप्तान डीएवी स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव एवं उप कप्तान बड्स गार्डेन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया थे। जबकि फाल्कन्स के कप्तान द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी के प्राचार्य मदन कुमार सिंह एवं उप कप्तान स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा के प्राचार्य संजीव कुमार साव थे। टॉस जीत कर टीम स्टोरमर्स के उप कप्तान प्रमोद चौरसिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम फाल्कन्स ने 178 रन बनाए। जवाब में स्टोरमर्स ने 151 रन बनाया। इस प्रकार सहोदया फाल्कन्स ने 27 रन से मैच जीत लिया।

## एक साइबर अपराधी रंगेहाथ गिरफ्तार, 7 मोबाइल और 13 सिम जब्त, जंगल से चला रहे थे ठगी का धंधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** टुंडी थाना क्षेत्र के नीमटांड जंगल मे छापेमारी कर साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। छापेमारी के दौरान पुलिस को देख एक अन्य साइबर अपराधी मौके से भागने में सफल रहा। मौके से पुलिस ने 7 मोबाइल और 13 सिम जब्त किए हैं।साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने मीडिया को जानकारी दी कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टुंडी थाना क्षेत्र के निमटांड स्थित मधुरसाय गांव के पास के जंगल में कुछ साइबर अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। गुप्त सूचना के अधार पर पुलिस वहां पहुंची और एक साइबर अपराधी को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा भागने में कामयाब रहा। पूछताछ और तलाशी के दौरान अपराधी के पास से 7 मोबाइल फोन और 13 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।साइबर पुलिस की टीम ने जांच पड़ताल में पाया कि बरामद 13 सिम कार्ड में से दो के खिलाफ एनसीआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज है। मध्यप्रदेश के भोपाल और महाराष्ट्र में इसका मामला दर्ज है। इनके द्वारा आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड के नाम पर एपेक फाइल भेजा जाता था। उसे डाउनलोड करवा कर साइबर ठगी की जाती थी। क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर एपेक फाइल डाउनलोड करवाते थे। डाउनलोड के बाद साइबर अपराधी उसके मोबाइल को अपने कंट्रोल में लेते थे।गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम सतीश कुमार मंडल है। वह मधुरसाय गांव का ही रहने वाला है। इसका एक साथी मौके से भागने में कामयाब रहा। उसकी तलाश जारी है।

## बोकारो को हरा एलआईसी धनबाद शाखा बनी विजेता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय जीवन बीमा निगम धनबाद शाखा- एक के द्वारा आयोजित नवल किशोर सिंह द्वारा प्रायोजित अंतर्शाखा क्रिकेट टूर्नामेन्ट सिंफर खेल मैदान में सम्पन्न हुआ। इस क्रिकेटिंग आयोजन में कुल आठ शाखाओं के टीम ने हिस्सा लिया एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य प्रायोजक नवल किशोर सिंह जो एक दिन पूर्व सेवानिवृत हुए के अलावा सह प्रायोजक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एलआईसी ब्रांच शाखा एक के द्वारा ट्रॉफी तथा सीए ऋषभ सिन्हा एंड कंपनी के द्वारा टीम जर्सी की आपूर्ति की गई। देश के विशाल एवं विराट बीमा संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित भारतीय जीवन बीमा जैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान में सभी बीमा कर्मी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेन्ट में कुल आठ शाखाओं की टीम ने भागीदारी निभाई। चार नॉक आउट राउण्ड के पश्चात चार टीमें सेमिफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। फाइनल मैच धनबाद शाखा- एक एवं टीम बोकारो के मध्य खेला गया। धनबाद शाखा- एक विजेता घोषित हुई। सभी खिलाडी, अम्पायर, विजेता, उप-विजेता को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

## चोरों का बढ़ता आतंक, बिजली खंभा को बना रहे निशाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चंदनकियारी के बरमसिया ओपी क्षेत्र में इन दिनों चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर है। चोरों का गिरोह इतना सक्रिय हो गया है कि रात के अंधेरे हो या दिन के उजाले हर दिन कहीं न कहीं चोर, चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल हो रहे है। आम लोगों के साथ खास लोगों को भी शिकार बनाया जा रहा है। यूं कहें तो पुलिस को ठेंगा दिखा कर चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। ताजा मामला भाड़ाजोरी पेट्रोल पंप के समीप बिजली पोल का है जहां पर चोरों द्वारा गैस कटर से पोल व तार काट कर चोरी किया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आपको बता दूं विगत दिनों भाड़ाजोड़ी गांव निवासी सुधांशु प्रामाणिक अपने मोटरसाइकिल संख्या छ्र09क्क5688 से बाजार से लौट रहा था। इसी क्रम में अज्ञात बदमाशों द्वारा गाड़ी छीनकर भाग खड़े हुए थे। जेएलकेएम नेता अर्जुन रजवार ने पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े करते हुए जिला प्रशासन से अपराध पर अंकुश लगाने की मांग किए।

## अनिल कुमार शर्मा ने निरसा थाना का पदभार संभाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कतरास सर्किल से स्थानांतरित इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने निरसा थाने का पदभार सम्भाला लिया। निवर्तमान थाना प्रभारी मंजीत कुमार पुलिस लाइन धनबाद भेजे गए। नव पदस्थापित निरसा थाना प्रभारी वर्ष 1994 बैच के अधिकारी है। इन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण और जटिल केसों को अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुये अंजाम तक पहुंचाया है। उन्होंने पदभार ग्रहण के पश्चात अधीनस्थ अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया एवं निरसा के भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारियां ली। इनकी पदस्थापना से निरसा की जनता को काफी अपेक्षाएं है। नव पदस्थापित थाना प्रभारी के सामने अनेक चुनौतियाँ भी होगी मसलन चोरी, केबल लूट, आर्थिक अपराध पर नियंत्रण। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा की अपराध पर अंकुश लगाना और जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास कायम करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## देशभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सिंदरी ब्लॉक कट रेलवे स्टेशन परिसर मे होनहार बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर उत्कर्ष कार्य किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के ऊपर काम किया पेड़ पौधे भी लगाए थे। पर्यावरण संरक्षक अखलाक अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके द्वारा बच्चों को उपहार, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि दिया गया। बच्चों में सृष्टि सिंह, नंदनी कुमारी, श्रेष्ठ, समृद्धि को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। अदनान मुस्तफा ने कहा की बच्चों को प्रोत्साहन करना पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे अच्छा उपाय है। रेलवे भी सामाजिक दायित्व को निभाने के लिए हमेशा पर्यावरण एवं स्वच्छता के लिए कार्य करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्टेशन मैनेजर अदनान मुस्तफा कुद्दूसी, अजीत महतो, किशुन महतो, आर डी सिंह, आर पी सिंह, आर के लाल आदि मौजूद थे।

**क्रिकेट मैच के दौरान स्टेडियम के अंदर व बाहर चप्पे चप्पे पर होगी कैमरे की नजर**

# क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद ने किया सीसी टीवी कैमरे का शुभारंभ, जाना तैयारी का हाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** साहू परिवार और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले 5 मार्च से आईपीएल के तर्ज पर शुरू होने वाले चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। रविवार को भी दी गई जिम्मेवारियों से संबंधित लोग अपने अपने कार्यों को अमलीजामा पहनाने में जुटे रहे। इसी क्रम में स्टेडियम पहुंचे एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया। स्टेडियम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का उद्घाटन भी किया। रुद्रांश आईटी सॉल्यूशन के प्रोपराइटर रोहित ओझा द्वारा स्टेडियम परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के कार्यो से जुड़ी हर एक बिंदुओं पर उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि कुल 27 कैमरे की नजर में स्टेडियम रहेगी। जिससे स्टेडियम के भीतर और बाहर हर एक एक्टिविटी पर नजर रखा जा सकेगा। इसके बाद अध्यक्ष ने आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ बैठक भी की। जिसमें जिले के गणमान्य लोगों के आमंत्रण सहित स्टेडियम में चल रहे कार्यों पर उन्होंने गहनता पूर्वक जानकारी ली। डीपी साहू द्वारा बताया गया कि आयोजन के बीच में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भी आगमन को लेकर बातचीत चल रही है। इसके अलावा पूरे कार्यक्रम के प्रचार प्रसार को लेकर भी उन्होंने जानकारी लेते हुए इसे तेज करने का निर्देश दिया। आयोजन को लेकर 3 मार्च को सुबह 11ः00 से स्टेडियम परिसर में प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई है। मौके पर मुख्य रूप से एसोसिएशन के सचिव आलोक राय सहित अन्य पदाधिकारियों में निशीथ जायसवाल, हाजी अब्दुल जब्बार, हाजी अफसर कुरैशी, लालमोहन केशरी, कमल केशरी, भास्कर दास गुप्ता, आशीष कुमार, चन्द्रकिशोर प्रसाद, अनूप राय, संजय बर्मन, राजेश महतो, संदीप मिश्रा, उदय गुप्ता, जयजीत चौबे, विशाल डुंगडुंग, सरोज प्रजापति, आकाश कुमार, नितिन सिंह, रोहित ओझा, हिमांशु केशरी, राकेश गुप्ता, सोमा उरांव, विनय उरांव, असलम, निशु, कौशल कुमार, शशि कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 142 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ. मृत्युंजय कुमार, सांसद निजी सहायक आलोक कुमार साहू, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 56 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अपना और अपने परिवारजनों को स्वस्थ रखें और खुशहाल जीवन जिए इसके लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि होने वाले बीमारियों का पता चल सके और कहा की जल्द आंख एवं दन्त चिकित्सक को भी शिविर में आमंत्रित कर इससे संबंधित रोगियों का भी इलाज की जाएगी।

# सफलता आत्मविश्वास के साथ कठिन परिश्रम, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिलती है : अलीराजा अंसारी



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सफलता आत्मविश्वास के साथ कठिन परिश्रम, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिलती है। जो बच्चे माता-पिता, गुरूजनों और बड़ों का आदर- सम्मान करते हुए नियमित रूप से एकाग्रचित्त होकर मेहनत करते हैं,वे जिस क्षेत्र में भी जाते हैं, सफलता प्राप्त करते हैं। ये बातें आज रा. उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में पीएमश्री रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कक्षा छठी से नौवीं के छात्रों को संबोधित करते हुए कहीं।आज अपने विशेष अभिभाषण में उन्होंने अपने समय का सदुपयोग अध्ययन के साथ नवाचार में करने, ऊंचे सपने देखने और उसको पूरा करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने की अपील छात्र-छात्राओं से की। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए कम से कम एक आऊटडोर गेम खेलने का जुनून जरूर होना चाहिए।इसके पूर्व विद्यालय पहुंचने पर प्र. प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक के नेतृत्व में शिक्षकों ने श्री. अंसारी का स्वागत किया।प्र. देवनंदन नायक ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय परिवार हर संभव प्रयत्न कर रहा है। इसी के तहत बच्चों को प्रेरित करने के लिए हम मोटिनेशनल स्पीकर्स को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अब रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी प्रशिक्षक देवंती कुमारी की देख-रेख में प्रारंभ हो चुका है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक खालिद अख्तर, कृष्णा उरांव, सयुम अंसारी, पवन खाखा, आशिष तिर्की, कोच देवंती कुमारी, विनय कुमार, सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नंदिनी नहर जिर्णोद्धार योजना में कम मजदूरी मिलने और अनियमितता की शिकायत, श्रम अधीक्षक ने किया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नंदिनी नहर जिर्णोद्धार योजना में भारी अनियमितताएँ बरती जा रही हैं। सांसद प्रतिनिधि एवं निगरानी समिति की शिकायत पर श्रम अधीक्षक कार्य स्थल पर पहुँचे और वहाँ काम कर रहे मजदूरों से मिले। उन्होंने मजदूरी भुगतान को लेकर मजदूरों से बातचीत की। मजदूरों ने कम मजदूरी मिलने का आरोप लगाया, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार न दिए जाने की भी शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि जो स्थानीय महिला मजदूर सफाई का काम कर रही थीं, उन्हें आज कार्य से हटा दिया गया। श्रम अधीक्षक ने सभी शिकायतों को दर्ज किया और वहाँ उपस्थित कंपनी के सुपरवाइजर से अटेंडेंस रजिस्टर माँगा, लेकिन सुपरवाइजर द्वारा रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया। निरीक्षण के दौरान योजना स्थल पर मजदूरों से संबंधित कई खामियाँ पाई गईं। योजना स्थल पर कंपनी का कोई इंजीनियर भी मौजूद नहीं था। श्रम अधीक्षक ने कंपनी के सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि वह कल दोपहर 3ः00 बजे तक मजदूरों से संबंधित रजिस्टर एवं मजदूरी भुगतान से जुड़े दस्तावेज श्रम कार्यालय में प्रस्तुत करें,अन्यथा श्रम कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि नंदिनी नहर जिर्णोद्धार योजना में पहले से ही गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आती रही हैं। निगरानी समिति के सदस्यों द्वारा पूर्व में भी इस योजना की जाँच की माँग को लेकर उपायुक्त,लोहरदगा को आवेदन दिया जा चुका है। मौके से ही उपायुक्त, लोहरदगा को पुनः पूरी जानकारी देकर आगे की कार्रवाई करने की माँग की गई है।

**मिट्टी स्नान से विभिन्न रोगों का शमन संभव : रामजीवन पाण्डेय**

# पतंजलि द्वारा योग साधकों व चिकित्सकों का कोराम्बे ग्राम में कोयल के तट पर मिट्टी स्नान का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति जिला लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित योगाभ्यास, प्राणायाम एवं मिट्टी स्नान का कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड स्थित कोयल नदी के तट पर हुआ। जिसमें पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं योग प्रशिक्षकों सहित आर्यवीर दल के ब्रह्मचारी, को आचार्य शरतचंद्र आर्य, आचार्य गणेश शास्त्री एवं अनेक लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम मिट्टी स्नान, सूर्य नमस्कार, कपाल भांति, अनुलोम विलोम, सूक्ष्म व्यायाम, दंड बैठक का अभ्यास राज्य प्रभारी रामजीवन पाण्डेय ने कराया। इस अवसर पर मिट्टी स्नान की महत्ता बताते हुए जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि शरीर पंचतत्वों से बना है जिसमे क्षिति, जल पावक गगन समीरा के रूप में पाँच तत्व हैं, इनमें क्षिति पृथ्वी अर्थात मिट्टी का धोतक है। मिट्टी का लेप शरीर में करने से त्वचा में निखार के साथ साथ चर्म रोगों से बचाव होता है, पेट पर मिट्टी का लेप करने से अम्ल, कब्ज, गैस जैसी समस्याओं का शमन होता है। ल्युकोडर्मा, सोरायसिस जैसे रोग दूर होते हैं। अतः हमें प्रकृति के करीब रहकर प्राकृतिक संसाधनों से प्राकृतिक चिकित्सा कर अपने शारीरिक समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। मिट्टी स्नान के बाद कोराम्बे मंदिर में आचार्य शरतचंद्र आर्य ने यज्ञ हवन का अभ्यास कराया एवं यज्ञ हवन का महत्व बताया। उसके बाद फल एवं भोग प्रसाद का सामूहिक भोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिवशंकर सिंह, दिनेश प्रजापति, रघुनन्दन शर्मा, डॉ विजय, डॉ गोपाल, जितेंद्र कुमार, शिवराज विजय, संजय मधुर, रवि प्रजापति, वासुदेव, गौतम देवघरिया आदि उपस्थित थे।

# अपूर्ण पीएम व अबुआ आवास का निर्माण कार्य इस महीने के अंत तक हर-हाल में करायें पुर्ण : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 01 मार्च शनिवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी कक्ष में प्रविपदा0 सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड कार्यालय कर्मियो के साथ किया बैठक। उक्त बैठक में प्रविपदा0 ने प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायतवार 2016 से 2024 तक अपूर्ण पीएम आवास व अबुवा आवास के अबतक धरातल पर निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इस महिने के अंतिम तक अर्थात 31 मार्च हर-हाल में अपूर्ण आवास निर्माण कार्य को पुर्ण कराया जाये। उन्होंने प्रखंड के सभी पंचायतों में 2024-25 में नए स्वीकृत आवास की लाभुक के खाते में पैसा जाने के बाद अबतक धरातल पर कार्य की प्रगति की समीक्षा की वही वैसे लाभुक जो अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किये हैं, उन्हे शीघ्रता पुर्वक योजना निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाये। साथ ही आवास के नए सर्वे में लाभूक चयन पर भी योग्य एवं जरुरतमंद लोगो का ही सर्वे सुचि में चयनित करने का निर्देश कार्यालय कर्मियों को प्रविपदा0 ने दिया। मौके पर बैठक में किशोर उरांव, रामसहाय टाना भगत, रीणा उरांव, अधिश खाखा, प्रखंड संन्यवक दिनेश कुमार, विनय उरांव, रेखा देवी, शमीम अख्तर, सिमोन बखला, रामप्रसाद पाल, इत्यादि कर्मी बैठक में उपस्थित थे।

# शोषित पीड़ित ट्रक आनर्स की आवाज बुलंद करना मेरी प्राथमिकता होगी : मोहम्मद हन्नान अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** आदर्श मोटर परिवहन सहयोग समिति लिमिटेड के पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 08 मार्च को धुर्वा मोड़ पर स्थित भवन में मतदान के द्वारा संपन्न होना है, इसे लेकर सरगर्मी तेज हो गया है। इधर चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के द्वारा ट्रक आनर्स से संपर्क साधकर अपने-अपने पक्ष में मतदान कराए जाने हेतु जोर आजमाइश जोरों पर किया जा रहा है। यहां पर अध्यक्ष और सचिव पद हेतु मतदान प्रक्रिया के माध्यम से चुनाव कराया जाना है। मालूम हो कि कोषाध्यक्ष पद हेतु एकमात्र उम्मीदवार मुस्तफा अंसारी के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि समिति में अध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी सदस्य को मिलाकर कुल 11 लोग शामिल रहेंगे। यहां पर आदर्श मोटर परिवहन सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष पद हेतु चुनावी में कुद्दूस अंसारी, जफर इमाम, अशफाक अंसारी व युनूस अंसारी के द्वारा नामांकन पत्र भरा गया है। वहीं सचिव पद को लेकर तीन प्रत्याशियों के द्वारा प्रपत्र दाखिल किया गया है, जिनमें रहीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद हन्नान अंसारी व इसरार अंसारी शामिल हैं। इधर सचिव पद हेतु चुनावी मैदान में उतरे आदर्श मोटर परिवहन सहयोग समिति लिमिटेड किस्को लोहरदगा के पूर्व कोषाध्यक्ष मोहम्मद हन्नान अंसारी ने कहा कि शोषित पीड़ित ट्रक आनर्स की आवाज बुलंद करने एवं उनकी तमाम प्रकार की समस्यायों को सूचीबद्ध कर निष्पादन कराए जाने हेतु हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रक ऑनर्स सेवा करने का यदि मौका देते हैं तो निश्चित रूप से उनके हक अधिकार को दिलाने हेतु 24 घंटे पीलर की तरह खड़ा रहूंगा।

# पांच साल के हसमत रजा ने किया पहला रोजा मुकम्मल, परिजनों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड के तेतरपोका निवासी आफताब आलम के पांच वर्षीय मासूम बेटे हसमत रजा ने पहला रोजा रखकर प्रेरणास्रोत बन गए हैं। उन्होंने पहले दिन का रोजा मुकम्मल करने पर घरवालों के साथ-साथ पास पड़ोस के लोगों ने भी बच्चे का हौसला देखकर अचंभित रह गए। इधर अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के सदर आफताब आलम ने बताया कि सुबह सेहरी करने जब हम सभी परिवार के लोग उठे तो हसमत रजा भी उठ गया और जिद करने लगा कि हम भी रोजा रखेंगें फिर सेहरी करके सो गया। सुबह जब उठकर दातुन भी नहीं किया और ना ही नाश्ता किया, जब दोपहर ढलने लगा तो घर वालों ने कहा कि छोटा बच्चा है कुछ खा लो, लेकिन हसमत रजा ने अपने जिद पर अड़ा रहा और कहने लगा कि हम कुछ नहीं खाऐंगे, जब पूछा गया कि कुछ क्यों नहीं खा रहे हो तो हसमत ने कहा कि इफ्तार के वक्त ही खाऊंगा। मालूम हो कि यदि बच्चे रोजा रखने की जिद करें तो उन्हें मना नहीं करें बल्कि उसे हौसला अफजाई करें। यदि बच्चे को रोजा रखने से मना करते हैं तो गुनाहों के भागीदार बन सकते हैं। ऐसे कम उम्र के बच्चे का हौसला देखकर यकीनन यह महसूस होता है कि अगर हौसला बुलंद हो तो कितनों बड़ा काम करना आसान हो जाता है, बहुत से लोग तंदुरुस्त होते हुए भी रोजा को छोड़ देते हैं उन लोगों से गुजारिश है कि ऐसे मुबारक माहे रमजान मे रोजा जैसे बेहतरीन इबादत को किसी भी हाल में न छोड़ें।

# प्रधानाध्यापिका के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए भोलू साहू को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा पुलिस ने रविवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय भंडरा के प्रधानाध्यापिका के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ के विक्रेता भंडरा निवासी बसंत साहू के पुत्र भोलू साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि विगत 28 फरवरी 2025 को भंडरा मवि में दो नाबालिग क्लास अवधि के समय डेंड्राइट का सेवन कर बदहवास स्थिति में स्कूल के शौचालय में पड़े थे। जिसकी सूचना मवि भंडरा की प्रधानाध्यापिका मनोरमा अगस्टिन ने भंडरा थाना पुलिस को दिया। जिसमें दोनों नाबालिगों ने भंडरा थाना पुलिस को भंडरा मुख्य पथ स्थित भोलू उर्फ कमलाकिशोर साहू के दुकान से 90 रुपए में कोरेक्स इरेज एक्स वाइटनर एवं सुतली खरीदने की जानकारी दी। जिसकी निशानदेही पर भंडरा थाना पुलिस ने भोलू साहू के दुकान में छापेमारी कर छह वाइटनर बरामद किया। साथ ही स्कूल से दोनों नाबालिक बच्चों द्वारा प्रयोग में लाएं वाइटनर व सुतली को भी जब्त कर अग्रतर कार्रवाई करते हुए भोलू साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# महिलाओं और बच्चों को बीमारी से बचाव के लिये लगाया गया टीका

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र छापरटोली में स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार एएनएम प्रमिला एक्का के द्वारा गर्भवती और धात्री महिलाओं को बीमारी से बचाव के लिये टीका लगाया गया। साथ ही महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया की परिवार नियोजन के लिये पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के बारे बताते हुए स्थायी और अस्थाई विधि है। वही मलेरिया, खांसी, टीवी, सर्दी जुकाम सहित अन्य बीमारियों और उसे बचाव के बारे में बताते हुए टीका लगाया गया। वही नवजात बच्चों में होने वाले बीमारी निमोनिया, सर्दी जुकाम, बुखार, दस्त, उल्टी सहित विभिन्न तरह के बीमारियों से बचाव के लिये नवजात बच्चे बच्चियों को टीका दिया गया। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को विटामिन व प्रोटीन आहार के बारे में जानकारी देते हुए आयरन की गोली, आयोडीन युक्त नमक, हरा साग सब्जी,फल,दूध अंडा का सेवन करने के लिये निर्देश दिया गया। जिसे माँ और नवजात बच्चे स्वस्थ्य हों और बच्चे बच्चियां जन्म से मंदबुद्धि व दिव्यांग न हों। साथ ही बच्चे बच्चियों को आंगनबाड़ी केंद्र में समय पर ला कर चेचक, बीसीजी, टेटन्स का टीका दिलाने के लिये भी निर्देश दिया गया। किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में बलगम जांच कराने के लिये बताया गया। मौके पर सेविका जमुना देवी, स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी के अलावे प्रभा उरांव, रुचि कुमारी, चन्द्रमुनी उरांव, अंजली देवी, गीता उरांव, ममता उरांव, सुकरमुनी उरांव समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

# एसोसिएशन पदाधिकारीयों की बैठक में गणमान्य लोगों को निमंत्रण देने सहित सीटिंग अरेंजमेंट को लेकर दी गई जिम्मेदारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला में बीएस कॉलेज स्टेडियम में 5 से 8 मार्च तक होने वाले स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी 20 क्रिकेट कप के आयोजन को लेकर एसोसिएशन के सचिव आलोक राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप में कार्यक्रम में शामिल होने वाले गणमान्य लोगों तक निमंत्रण पहुंचाने और आयोजन समिति में दिए गए जिम्मेवारी को लेकर लोगों को उनके कार्य गिनाएं गए। गणमान्य लोगों तक निमंत्रण पत्र पहुंचाने को लेकर एक समिति बनाई गई। जिसमें संबंधित पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के गणमान्य लोगों की सूची बनाकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पूरे आयोजन के समय सारणी पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। जिसमें बताया गया कि पहले दिन 5 मार्च को शुभारंभ मैच सुबह साढ़े 8 बजे से प्रारंभ होगा। साढ़े 8 बजे टॉस, 9 बजे से साढ़े 12 बजे तक पहला मैच होगा। जिसका प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन साढ़े 12 बजे से होगा। इस बीच 12 से 1 बजे तक लंच ब्रेक होगा। पुनः 1 बजे से साढ़े 4 बजे तक सेकंड मैच होगा। जिसके विजेताओं को साढ़े 4 बजे से प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन होगा। पहले दिन संध्या 6 बजे से स्टेडियम के निकट मैदान में भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा। जो देर रात तक चलेगा। पूरे आयोजन के बीच पहले दिन मैच का नींव सीने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा रखेंगे। संध्या में बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके अलावा उपस्थित लोगों में जिन लोगों को जो जिम्मेवारी सौंपी गई उन्हें उनके कार्य भी समझाए गए। वहीं मैच के अंतिम दिन 8 मार्च को भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना और हरभजन सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। जो एक घंटे का फैंसी मैच भी खेलेंगे। बैठक में वीआईपी और आमजनों के बैठने को लेकर भी सीटिंग अरेंजमेंट पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पूरे आयोजन में चीयर गर्ल्स भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। मौके पर आलोक राय, डॉ गणेश प्रसाद, कमल केशरी, लालमोहन केशरी, हाजी अफसर कुरैशी, निशीथ जायसवाल, आशीष कुमार, भास्कर दास गुप्ता, अमित कुमार, चंद्रकिशोर प्रसाद, मोहन दूबे, राजेश महतो, पंकज जायसवाल, उदय गुप्ता, आकाश कुमार, दिनेश पांडेय, सरोज प्रजापति, नितिन सिंह, रोहित ओझा, जयजीत चौबे, विशाल डुंगडुंग, कौशल, सोमा उरांव, कविश जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पीडीजे राजकमल मिश्रा ने मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे द्वितीय निरजा आसरी सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने कार्यशाला में उपस्थित पीएलवी से कहा कि समाचार या अन्य किसी माध्यम से किसी दुर्घटना की जानकारी होने पर वहां जाकर पीड़ित तथा पीड़ित के परिजनों से मिले। साथ ही उन्हें प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित थाने में दर्ज करने की जानकारी दें। इसके अलावा क्षतिपूर्ति के बारे में बताएं। वहीं उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि केस दर्ज होते ही पीठासीन पदाधिकारी को सूचित करें। उन्होंने कहा कि मृतक के आश्रितों या घायल को मुआवजा को लेकर जानकारी होनी चाहिए। जानकारी के अभाव में लोग न्यायालय नहीं आ पाते हैं। वहीं अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा ने कहा कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। यातायात नियमों का पालन करें। वहीं अभिभावक छोटे बच्चों को वाहन चलाने नहीं दें। साथ ही बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएं। लाइसेंस नहीं होने पर दुर्घटना होने पर मुआवजा मिलने में समस्या होती है। वहीं इंश्योरेंस कंपनी भी अपना पल्ला झाड़ती है। वहीं उन्होंने दुर्घटना के दौरान पुलिस पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। डालसा सचिव श्री राजेश कुमार ने न्यायालय द्वारा दुर्घटना मुआवजा निर्धारण के बारे में जानकारी दी। साथ ही एचएमभी व एलएमभी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नाबालिग के द्वारा किए गए दुर्घटना पर अभिभावक पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि घायल को अस्पताल पहुंचाने पर पुलिस घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को परेशान नहीं करना है। वहीं घायल को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने पर प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों में मोटर वाहन दुर्घटना के पश्चात कया करना चाहिए इसे लेकर जागरूकता की कमी है इसलिए लोगों के बीच जागरूकता लाने की आवश्यकता है। वहीं ओरिएंटल इंश्योरेंस के ब्रांच मैनेजर शिव प्रकाश ने कहा का वाहनों की बीमा आवश्यक है। कम से कम थर्ड पार्टी बीमा अवश्य कराएं। वहीं उन्होंने वाहन बीमा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातों को बताया। मौके पर एएसआई राज कुमार, एलएडीसीएस चीफ, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ, पुलिस पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं पीएलभी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित करेंगे समाजसेवी आशीष सिन्हा



**सतबरवा:** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आगामी 8 मार्च को समाजसेवी आशीष सिन्हा प्रखंड सभागार में समारोह आयोजित कर विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित करेंगे।उन्होंने बताया कि सतबरवा प्रखंड क्षेत्र की महिलाएं जिन्होंने सामाजिक क्षेत्र में प्रखंड का नाम रोशन किया है उन सभी का अभिनंदन किया जाएगा।बता दें कि आशीष विगत कई वर्षों से प्रत्येक महिला दिवस पर महिलाओं को लगातार सम्मानित करते आ रहे हैं।जिला पार्षद,मुखिया,पंचायत समिति एवं महिला समूह से जुड़ी महिलाओं सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाएं इसमें शामिल रहेंगी।

### बीएसएफ त्रिपुरा ने सीमा पर तस्करी के प्रयास को नाकाम किया



**अगरतला :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की कोशिशों को नाकाम करने के अपने अभियान को जारी रखते हुए, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) त्रिपुरा फ्रंटियर के सतर्क जवानों ने बीओपी खान क्षेत्र में तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया। बीएसएफ ने रविवार को बताया कि इस कार्रवाई में जवानों ने 20,99,040/- रुपये मूल्य के भारी मात्रा में साड़ियां, लेडीज सूट और पटाखे जब्त किए। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामानों को अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश ले जाने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के आधार पर बीएसएफ की टीम ने इलाके में सतर्कता बढ़ा दी और विशेष निगरानी अभियान चलाया। जब संदिग्ध गतिविधि देखी गई, तो बीएसएफ जवानों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तस्करों को रोकने की कोशिश की। हालांकि, घने अंधेरे और दुर्गम इलाके का फायदा उठाकर तस्कर भागने में सफल रहे, लेकिन वे अपना माल मौके पर ही छोड़ गए। जब्त किए गए सामान में बड़ी संख्या में महंगी साड़ियां, महिलाओं के परिधान और पटाखे शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 20,99,040 रुपये आंकी गई है। बीएसएफ ने जब्त किए गए सामान को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया है। गौरतलब है कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी एक गंभीर समस्या बनी हुई है और बीएसएफ लगातार इस पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही है। बीएसएफ अधिकारियों ने दोहराया कि वे सीमा पर सतर्कता बनाए रखते हुए किसी भी अवैध गतिविधि को सफल नहीं होने देंगे।

# महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़खानी

## सिक्योरिटी गार्ड के साथ की धक्का-मुक्की, एक अरेस्ट

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय मंत्री की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. यहां कुछ मनचलों ने संत मुक्ताई यात्रा के दौरान लड़कियों की टोली से छेड़खानी की, जिनमें केंद्रीय मंत्री की बेटी भी शामिल थीं. आरोपी लड़कों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मंत्री खुद पुलिस स्टेशन पहुंच गई. उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है. छेड़खानी की घटना जलगांव जिले के मुक्ताईनगर में हुई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है. जलगांव के संत मुक्ताई यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री की बेटी और उनकी सहेलियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. यह घटना मुक्ताईनगर तालुका के कोथली गांव में घटी, जहां महाशिवरात्रि के साप्ताहिक अवसर पर संत मुक्ताई यात्रा का आयोजन किया गया था. शुक्रवार देर शाम जब केंद्रीय मंत्री की बेटी अपनी सहेलियों



के साथ यात्रा में शामिल थीं, तभी चार से पांच अज्ञात युवकों ने उनका पीछा करना शुरू किया. आरोपी लड़को ने लड़कियों की टोली पर फब्तियां कसनी शुरू की और उनसे छेड़छाड़ करना शुरू किया.प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ये युवक छुपकर मोबाइल से वीडियो बना रहे थे और अश्लील टिप्पणियां कर रहे थे.युवकों की हरकतें बढ़ती देख सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे गाली-गलौच करने लगे. विरोध करने पर आरोपियों ने सुरक्षा गार्ड के साथ धक्का-मुक्की की. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग जमा हो गए, जिसके बाद मामला मुक्ताईनगर पुलिस स्टेशन तक पहुंचा.

### केंद्रीय मंत्री गुस्से में पहुंचीं थाने

घटना के बाद केंद्रीय मंत्री गुस्से में पुलिस स्टेशन पहुंचीं. उन्होंने कहा कि वह यहां एक सांसद या मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक मां के रूप में आई हैं. मंत्री ने कहा किअगर उनकी बेटी ही सुरक्षित नहीं है, तो आम लड़कियों की सुरक्षा का क्या होगा? उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और मुख्यमंत्री से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है. मंत्री का कहना है,अगर एक लोकप्रतिनिधि की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम जनता की बेटियों की सुरक्षा कौन करेगा? मैं मुख्यमंत्री से मिलकर इस विषय में सख्त कानून लागू करने की मांग करूंगी.

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

शिकायत के बाद मुक्ताईनगर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. एक आरोपी की गिरफ्तार किया गया है. मामले की जांच जारी है.सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए. पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा. घटना के बाद माहौल गरम है.इस घटना से मुक्ताईनगर और जलगांव में तनाव का माहौल बन गया है. भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन किया है. वहीं, राजनीतिक गलियारों में भी इस मुद्दे पर चर्चा तेज हो गई है.

## यूपी : किन्नरों के दो गुटों में खूनी संघर्ष, ढोलकिया की मौत

एजेंसी

**गाजियाबाद** : मोदीनगर थाना क्षेत्र स्थित सीकरी कला गांव के पास बधाई वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों में संघर्ष हो गया। इस दौरान एक किन्नर के साथ ढोलक वाले युवक की धारदार हथियारों से नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस मामले में करीब 15 किन्नरों व उनके साथियों के खिलाफ मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानेंद्र प्रकाश राय ने बताया कि मोदीनगर क्षेत्र में बधाई वसली को वसूली को लेकर किन्नर पूजा में एक अन्य गुट के बीच विवाद चल रहा है। शनिवार की देर रात में किन्नर पूजा अपने 20 वर्षीय ढोलक बजाने वाले युवक व



अन्य किन्नरों के साथ सीकरी कला गांव के पास जा रही थी। तभी गाड़ियों में सवार किन्नरों के अन्य गुट ने पूजा व उसके साथियों पर हमला कर दिया।

इसके बाद दोनों गुटों के बीच जमकर संघर्ष हुआ और धारदार हथियार भी चले। इसमें 20 वर्षीय अल्बख्श नामक युवक की मौत हो गई । वह पास के गांव मछली का रहने वाला है। इस संबंध में किन्नर अहसान, मोईद, निशा, सरताज व रामानंद मिश्रा समेत 15 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। बहुत जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नई नवेली दुल्हन का फिल्मी स्टाइल में हुआ अपहरण

एजेंसी

**गुना** : मध्य प्रदेश के गुना में नेशनल हाइवे- 46 पर रविवार सुबह फिल्मी स्टाइल में बदमाशों ने नई नवेली दुल्हन का अपहरण कर लिया और दूल्हे पर जानलेवा हमला कर फरार हो गए। दूल्हा दुल्हन को लेकर अशोकनगर से राजस्थान के सवाई माधोपुर जा रहा था। इसी दौरान रूठियाई के पास उनकी गाड़ी रुकवाकर दुल्हन का अपहरण कर लिया गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे है। हालांकि, अब अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी है। घटना धरनावदा थाना क्षेत्र के देहरी गांव के पास की है। राजस्थान के सवाई माधोपुर के रहने वाले विक्रम नायक की शादी अशोकनगर की रहने वाली एक युवती से हुई थी। शनिवार को राजस्थान से बारात आई थी।



शनिवार रात शादी की रस्में हुईं। रविवार सुबह दूल्हा अपनी दुल्हन को विदा कराकर अशोकनगर से राजस्थान के लिए कार से निकला। दूल्हे ने बताया कि रविवार सुबह 9~30 बजे वह अशोकनगर से निकले। लगभग 10~30 बजे वह नेशनल हाईवे 46 पर गुना जिले के रूठियाई इलाके में पहुंचे। यहां एक स्कॉर्पियो कार उनकी कार के सामने आकर अचानक रुकी। उसमें से कुछ लोग उतरे। उन्होंने चाकू से गाड़ी की खिड़की के कांच तोड़ दिए। इसके बाद दूल्हे को नीचे उतारा और उसके साथ मारपीट की। उन्होंने दुल्हन को नीचे उतारा और अपनी कार में बिठाकर फरार हो गए। इतना ही नहीं बदमाशों गाड़ी के टायर भी पंचर कर दिए। दूल्हे ने पुलिस को सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही रूठियाई चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल, पुलिस हाइवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। वहीं इस घटना को प्रेम-प्रसंग से भी जोड़ा जा रहा है।

# सेवा भारती ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 56 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। यहां हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल सहित अन्य का निशुल्क जांच किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की अपना और अपने परिवारजनों को स्वस्थ रखें और खुशहाल जीवन जिए इसके लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए जिससे कि होने वाले बीमारियों का पता चल सके और कहा की जल्द आंख एवं दन्त चिकित्सक को भी शिविर में आमंत्रित कर इससे संबंधित रोगियों का भी इलाज कराया जायेगा।इस अवसर पर



मृत्युंजय कुमार ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी बढ़ जाती है जिससे कि आगे जाकर शरीर को काफी नुकसान पहुंचती है।

इस शिविर में चेकअप कराने के बाद कई लोगों को अपने बीमारियों की जानकारी मिली और उक्त बीमारी का इलाज करा कर स्वस्थ हो रहे है, आलोक साहू ने कहा कि यह निशुल्क शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

सेवा भारती के लोग पूरे मन से सेवा के भाव से कार्य कर रहे हैं और निश्चित रूप से इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है।सहसचिव संजय चौधरी,अनामिका भारती और राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपने परिजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। शिविर में बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हंदवाड़ा के निवासियों ने बच्चों के पार्क में सुरक्षा उपायों की मांग की

**जम्मू :** हंदवाड़ा के निवासियों ने अपने स्थानीय बच्चों के पार्क की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से इस संबंध में त्वरित कदम उठाने की अपील की है। उनकी मुख्य मांगों में फ्लडलाइट्स की स्थापना, एक खतरनाक नाले को ढकने और पार्क में सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत शामिल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्याप्त रोशनी की अनुपस्थिति के कारण बच्चे देर रात तक पार्क में खेलते रहते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। उनका मानना है कि फ्लडलाइट्स लगाने से दृश्यता में सुधार होगा और संभावित खतरों को रोका जा सकेगा।इसके अलावा,पार्क में खुला नाला भी एक गंभीर चिंता का विषय है। निवासियों का कहना है कि यह खुला नाला बच्चों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है और इसे लोहे की प्लेटों या किसी अन्य उपयुक्त कवर से सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

## मप्र में किसानों को पांच रुपये में मिलेगा बिजली का स्थायी कनेक्शन

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश राज्य सरकार के हाल में लिए गए किसान हितैषी निर्णयों के लिए रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किसानों ने सम्मान कर आभार जताया। रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के हित में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को अब पांच रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलेगा। यह योजना मध्य क्षेत्र में सबसे पहले लागू की जाएगी। इसके बाद इसका पश्चिम क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार इस बजट में किसानों को सोलर पंप के माध्यम से बिजली के झंझट से मुक्त करने की योजना बना रही है। अगले तीन साल में 30 लाख सोलर पंप दिए जाएंगे। इससे दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी उत्पादन करने वाले किसानों



से सरकार बिजली भी खरीदेगी। बता दें कि अभी किसानों को खेतों में स्थायी बिजली कनेक्शन लेने के लिए हर साल 7.500 रुपये चुकाने पड़ते हैं।मुख्यमंत्री ने आभार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की साख बढ़ाने के लिए किसानों का जीवन सुखी और समृद्ध बनाना जरूरी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के बारे में कहा कि पहले लोग तार पकड़ लेते थे, लेकिन करंट नहीं आता था। पहले गांवों में न बिजली थी, न सड़कें। नगरों में पेयजल, खेतों को पानी और उद्योगों को पानी दिया जा सकता था, लेकिन जब हम उज्जैन में सिंहस्थ के लिए नर्मदा का पानी मांगते थे, तो दिग्विजय सिंह ने विधानसभा में कहा था कि यह असंभव है। शिप्रा ऊंचाई पर है और नर्मदा नीचे, इसलिए यह आ ही नहीं सकती। लेकिन आज नर्मदा-शिप्रा लिंक बन चुका है। केन-बेतवा नदी जोड़कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड को बहुत पहले ही पानी मिल सकता था, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने इसे असंभव बताया।

## कोयला मंत्रालय आज गांधीनगर में करेगा तीसरा रोड शो




एजेंसी

**नई दिल्ली :** वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के अपने चल रहे प्रयासों के तहत कोयला मंत्रालय आज सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी और निवेश अवसरों पर एक रोड शो आयोजित करेगा। इसका उद्देश्य भारत के कोयला क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी में तेजी लाने के लिए उद्योग के हितधारकों, संभावित निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है। इस रोड शो कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रूपिंदर बरार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नीलामी प्रक्रिया, निवेश परिदृश्य और क्षेत्र में विकास को गति देने वाली सरकारी पहल के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए रोड शो की एक श्रृंखला के माध्यम से हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। कोलकाता और मुंबई में सफल आयोजनों के बाद मंत्रालय अब संभावित निवेशकों और उद्योग जगत के नेताओं को आकर्षित करने के लिए गांधीनगर में रोड शो आयोजित कर रहा है।

वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी का आगामी 12वां दौर मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है, जो घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।यह रोड शो कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने, दक्षता बढ़ाने, नीति समर्थन और क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल है। प्रतिभागियों को कोयला ब्लॉकों की उपलब्धता, निवेश के अवसरों और भारत के कोयला उद्योग में व्यापार करने में आसानी के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मिलेगी। विशेषज्ञ कोयला प्रौद्योगिकी, स्थिरता उपायों और नीति सुधारों में प्रगति को भी उजागर करेंगे, जिसका उद्देश्य पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बाज़ार को बढ़ावा देना है। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी भारत के कोयला भंडार की वास्तविक क्षमता को उजागर करने, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को आकर्षित करने और आयात निर्भरता को कम करने में सहायक रही है।

### 15 वर्षों के कार्यकाल का हिसाब दें तेजस्वी : कुशवाहा

**पटना :** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वर्ष 2005 में बिहार का बजट महज 23 हजार करोड़ रुपये का था किन्तु आज वही बजट का आकार करीब 3 लाख करोड़ रुपये का हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने यहां कहा कि बजट पर नसीहत देने के बजाए तेजस्वी यादव को अपने माता-पिता के 15 वर्षों के कार्यकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजद ने सत्ता में रहते हुए केवल सरकारी खजाने पर डाका डालने का काम किया। बिहार को आर्थिक रूप से पीछे धकेलने और कमजोर करने में राजद की सबसे बड़ी भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार बेटियों के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए विभिन्न चरणों में 94 हजार रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि देती है।

# विराट कोहली 300 वनडे मैच खेलने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बने

एजेंसी

**दुबई :** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में उतरते ही वनडे में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कोहली का यह वनडे करियर का 300वां मुकाबला है। इस तरह वह भारत के लिए 300 वनडे मुकाबले खेलने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम रविवार को अपना आखिरी ग्रुप मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल रही है। मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया है। भारतीय टीम बल्लेबाजी कर रही है। यह मैच पूर्व कप्तान एवं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के लिए काफी खास है। यह मैच कोहली के करियर का 300वां वनडे मुकाबला है। वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, महेंद्र सिंह




धोनी जैसे दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने करियर में इतने या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। सातवें भारतीय खिलाड़ी बने कोहली-विराट कोहली 300 वनडे मुकाबले खेलने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले भारत के छह खिलाड़ियों ने 300 या इससे ज्यादा वनडे मैच खेले हैं। इनमें शीर्ष पर पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 463 वनडे मैच खेले हैं। दूसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने 347 वनडे मैच खेले हैं। राहुल द्रविड़ ने 340, मोहम्मद अजहरुद्दीन 334, सौरव गांगुली 308 और युवराज सिंह ने 301 वनडे मैच खेले हैं। अब इस खास सूची में कोहली का नाम भी जुड़ गया है।बीसीसीआई ने दी बधाई-कोहली को 300वां वनडे मैच खेलने पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बधाई दी है। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि विराट कोहली को उनके 300वें वनडे मैच के लिए बधाई। 2008 में श्रीलंका के खिलाफ किया था पदार्पण-विराट कोहली ने वर्ष 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में पदार्पण किया था। तब से इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। इस मैच से पहले कोहली ने 299 वनडे मुकाबले में 58.20 की औसत से 14 हजार 85 रन बनाए हैं। वनडे में कोहली के नाम 51 शतक और 73 अर्धशतक दर्ज हैं।